


राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात:किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





11 प्रतिभाएं रातों-रात पैदा नहीं होती : विराट कोहली ...

निर्मला सीतारमण ने बांटे 1,388 करोड़ लोन...... 12



वर्ष : 12 | अंक : 226 | पटना, रविवार, 01 दिसम्बर, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


## संसद में गतिरोध पर आत्मचिंतन करें जनप्रतिनिधि : धनखड़



नई दिल्ली। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को कहा कि संसद में जारी गतिरोध पर जनप्रतिनिधियों को आत्मचिंतन करना चाहिए और संविधान की प्रस्तावना के अनुरूप शत-प्रतिशत कर्तव्य परायणता निभानी चाहिए। श्री धनखड ने यहां विकसित भारत 2047-विजन ऑफ न्यू इंडिया 3.0 कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि संसद हमारे प्रजातंत्र का मंदिर है और यहां लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने का स्थान है। उन्होंने कहा, हमें वहां जनता की पूजा करनी चाहिए। लोगों के सपनों को साकार करना है, लेकिन हम ऐसे मंदिर की गरिमा नहीं रख पा रहे हैं। वहां विचार-विमर्श नहीं हो रहा है। उप राष्ट्रपति ने कहा कि संसद बहस, संवाद, विचार विमर्श और चर्चा का स्थान है, लेकिन वहां बाधा और व्यवधान हो रहा है। उन्होंने कहा कि संसद के शीतकालीन सत्र का पहला सप्ताह व्यवधान में समाप्त हो गया। व्यवधान और बाधा को हथियार बना लिया गया है। उन्होंने कहा, मैं पुरजोर अपील करूंगा कि जनप्रतिनिधि अपनी आत्मा को टटोले। अपनी शपथ को ध्यान में रखें, भारत के संविधान की प्रस्तावना को सामने रखें और संसद को शत-प्रतिशत कर्तव्य परायण बनायें। उन्होंने कहा कि राजनीति के अंदर परिवर्तन के बिना कुछ नहीं होता है और देश में यह परिवर्तन हो रहा है। सर्वोच्च पद पर जनजाति की महिला और सबसे शक्तिशाली केंद्र सरकार में अन्य पिछड़ा वर्ग के व्यक्ति हैं। इतिहास में छह दशक के पश्चात किसी प्रधानमंत्री को जनता ने तीसरी बार आशीर्वाद दिया है। श्री धनखड़ ने कहा कि विकसित भारत अब सपना नहीं है। यह भारत का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य है। उन्होंने विभिन्न विकास योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत के प्रति अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष, विश्व बैंक, विश्व आर्थिक मंच की सोच बदल रही है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत बनाने के लिए प्रति व्यक्ति की आय में आठ गुणा वृद्धि करनी होगी।

## विद्यार्थियों के जीवन में एक स्पष्ट लक्ष्य होना चाहिए : आर्लेकर



पटना। बिहार के राज्यपाल सह कुलाधिपति राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने शनिवार को पटना विश्वविद्यालय के वार्षिक दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों के जीवन में एक स्पष्ट लक्ष्य होना चाहिए ताकि वे समाज हित में कार्य कर सकें। उन्होंने कहा कि युवाओं को नौकरी की तलाश करने की बजाय रोजगार देने वाला बनना चाहिए। इसके लिए वे स्टार्टअप शुरू कर सकते हैं। पटना वीमेंस कॉलेज के वेरोनिका हॉल में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि हम जीवन भर शिक्षा प्राप्त करते रहते हैं। शिक्षा सिर्फ पाठ्य पुस्तकों से ही नहीं, बल्कि समाज के हर व्यक्ति से प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने उपाधि एवं पदक प्राप्त करने वाले छात्रों से कहा कि उनकी इस उपलब्धि में उनके परिवार के सदस्यों के सहयोग, समर्थन और मार्गदर्शन की महत्वपूर्ण भूमिका है और इसके लिए उन्हें उनके प्रति कृतज्ञ होना चाहिए। उन्हें अपनी उपाधि और पदक अपने अभिभावकों को समर्पित करना चाहिए। राज्यपाल ने कहा, विद्यार्थियों को अपने जीवन का एक लक्ष्य निर्धारित कर उसकी प्राप्ति के लिए कठिन परिश्रम करना चाहिए। उनका यश, कीर्ति, प्रगति आदि समाज के कारण ही है और इन्हें समाज को ही समर्पित करना चाहिए। वे अपनी शिक्षा का उपयोग समाज हित में करें। उन्होंने कहा कि हमारे युवा नौकरी की तलाश करने की बजाय रोजगार प्रदाता बनें। इसके लिए वे मजबूत इच्छाशक्ति के साथ आगे बढ़ें और अपनी राह खुद बनाएं। वे परेशानियों से न घबराएं, धीरे-धीरे वे दूर होती जाएंगी। उन्होंने कहा कि हमारे युवा अपना स्टार्टअप शुरू कर सकते हैं। इसके लिए सरकार प्रोत्साहन भी दे रही है। विद्यार्थियों को उद्यमी बनने में आवश्यक सहायता और मार्गदर्शन के लिए प्रत्येक विश्वविद्यालय में एक एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट सेल का गठन किया जाएगा। राज्यपाल ने दीक्षांत समारोह में 47 शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि तथा 43 छात्र-छात्राओं को स्वर्ण पदक प्रदान किए। उन्होंने कहा कि वे अपने चरित्र और कृत्यों से पटना विश्वविद्यालय की गरिमा को बनाए रखें।

## संक्षिप्त खबरें

### भारत और सिंगापुर के सैनिकों का संयुक्त अभ्यास अग्नि वारियर संपन्न

नई दिल्ली। भारतीय सेना और सिंगापुर सशस्त्र बलों का द्विपक्षीय संयुक्त सैन्य अभ्यास अग्नि वारियर-2024 शनिवार को महाराष्ट्र की फील्ड फायरिंग रेंज देवलाली में संपन्न हो गया। सेना के अनुसार 28 नवम्बर को शुरू हुआ तीन दिन के अभ्यास में सिंगापुर सशस्त्र बलों की टुकड़ी ने भाग लिया, जिसमें सिंगापुर आर्टिलरी के 182 सैनिक शामिल थे और भारतीय सेना की ओर से आर्टिलरी रेजिमेंट के 114 सैनिकों ने भाग लिया। इस अभ्यास का उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र चार्टर के तहत एक बहुराष्ट्रीय बल के रूप में संयुक्तता हासिल करने के लिए अभ्यास और प्रक्रियाओं की आपसी समझ को बढाना था। अभ्यास में दोनों सेनाओं की तोपों द्वारा संयुक्त अग्नि शक्ति नियोजन, निष्पादन और नई पीढ़ी के उपकरणों के उपयोग का प्रदर्शन किया गया। अभ्यास के दौरान आर्टिलरी के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अदोश कुमार, स्कूल ऑफ आर्टिलरी के कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल एनएस सरना और सिंगापुर सशस्त्र बलों के मुख्य तोपखाना अधिकारी कर्नल ओंग चिउ पेरंग मौजूद थे। गणमान्य व्यक्तियों ने पेशेवर कौशल और विशेषज्ञता के उच्च स्तर को प्रदर्शित करने के लिए भाग लेने वाले सैनिकों की सराहना की। इस अभ्यास में व्यापक संयुक्त तैयारी, समन्वय, एक-दूसरे की क्षमताओं की समझ, प्रक्रियाएं और भारतीय और सिंगापुर तोपखाने प्रक्रियाओं के बीच आम इंटरफेस का विकास शामिल था। यह सिंगापुर सशस्त्र बलों के सैनिकों द्वारा फायर पावर प्लानिंग की पेचीदगियों से अवगत कराने वाले सफल प्रशिक्षण की परिणति को चिह्नित करता है। दोनों पक्षों ने अभ्यास के दौरान आला तकनीकों का उपयोग किया और संयुक्त प्रशिक्षण के हिस्से के रूप में सर्वोत्तम प्रथाओं का आदान-प्रदान किया।

## मुख्यमंत्री ने राज्यस्तरीय चार-दिवसीय कृषि प्रदर्शनी एग्रो बिहार 2024 का किया उद्घाटन

# बिहार सरकार किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध : नीतीश

### बोलें-राज्य सरकार ने किसानों के कल्याण के लिए कई पहल कीं

- फसलों, फलों और सब्जियों का उत्पादन और उत्पादकता बढ़ी
- किसानों को खेती से जुड़े मिल रहे हैं आधुनिक उपकरण

प्रात : किरण



पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को कहा कि उनकी सरकार किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि उनकी सरकार राज्य में किसानों के लाभ के लिए कृषि के संपूर्ण क्षेत्र को ध्यान में रखते हुए विभिन्न योजनाएं लागू कर रही है। उन्होंने कहा कि 2005 में सत्ता में आने के बाद उनकी सरकार ने किसानों के कल्याण के लिए कई पहल कीं। कुमार ने यहां गांधी मैदान में चार-दिवसीय कृषि प्रदर्शनी एग्रो बिहार 2024 का उद्घाटन करने के बाद संवाददाताओं से कहा, नवंबर 2005 में सत्ता में आने के बाद हमने कृषि क्षेत्र के विकास और किसानों के लाभ के लिए कई पहल और योजनाएं शुरू की। हमारी सरकार किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य सरकार राज्य में किसानों के लाभ के लिए सपूर्ण कृषि क्षेत्र के उन्नयन के वास्ते विभिन्न योजनाएं लागू कर रही हैं। उन्होंने आगे कहा, हमने 2008 में राज्य में कृषि विकास के लिए मसौदा पेश किया था, जिससे राज्य में फसलों, फलों और सब्जियों का उत्पादन और उत्पादकता बढ़ी। हमने राज्य में कृषि क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए भी कई कदम उठाएऔर इसके परिणाम बहुत सकारात्मक हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों को खेती से जुड़े आधुनिक उपकरण मिल रहे हैं, उच्च गुणवत्ता वाले बीज मिल रहे हैं और सरकार द्वारा शुरू की गई कई अन्य योजनाओं का लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि इस तरह की प्रदर्शनी का आयोजन भी सरकार की एक पहल है, जहां किसानों को कृषि क्षेत्र में नवीनतम तकनीक के उपयोग के बारे में अद्यतन जानकारी मिल सकती है। मुख्यमंत्री ने राज्य के कृषि मंत्री मंगल पांडे और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ प्रदर्शनी में विभिन्न स्टॉल का भी दौरा किया।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने विभिन्न लाभुकों के बीच सांकेतिक रुप से कृषि यंत्रों का वितरण किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री को कृषि विभाग के सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने पुष्प गुच्छ एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर स्वागत किया। विभिन्न लाभुकों ने भी मुख्यमंत्री को पेंटिंग्स भेंटकर स्वागत किया।

### 110 प्रकार के कृषि यंत्रों पर दिया जा रहा अनुदान

कृषि यांत्रिकरण योजना बिहार के सभी जिलों में लागू है जिसके अन्तर्गत खेत की जुताई, बुआई, निकाई, गुराई, सिंचाई, फसल की कटाई, इत्यादि कार्यों के लिए 110 प्रकार के कृषि यंत्रों पर अनुदान दिया जा रहा है। फसल अवशेष प्रबंधन से संबंधित यंत्रों को बढ़ावा देने के लिए उन पर 80 प्रतिशत तक अनुदान दिया जा रहा है। सरकार द्वारा जीविका समूह एवं प्रगतिशील किसान समूह को कृषि यंत्र उपलब्ध कराने के लिए कृषि यंत्र बैंक योजना चलाई गयी है, जिसके अन्तर्गत 10 लाख रुपए तक का अनुदान दिया जा रहा है। वर्ष 2008 से ही राज्य में कृषि रोड मैप बनाकर कृषि विकास कार्यक्रम चलाये गये, जिससे फसलों, फलों एवं सब्जियों के उत्पादन और उत्पादकता में वृद्धि हुई। राज्य में धान, गेहूँ एवं मकई की उत्पादकता पहले के मुकाबले लगभग दोगुनी हो गयी है। साथ ही दूध, अंडा, मांस एवं मछली उत्पादन में काफी वृद्धि हुयी है। मछली का उत्पादन ढाई गुना से अधिक हो गया है जिससे मछली के उत्पादन में बिहार लगभग आत्मनिर्भर हो गया है। वर्तमान में चौथे कृषि रोड मैप (2023 से 2028) का क्रियान्वयन शुरू हो चुका है, जिसमें कृषि प्रक्षेत्र के समग्र विकास हेतु लगभग 1 लाख 62 हजार करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गयी है।

### प्रदर्शनी में लगाए गए विभिन्न स्टॉलों का किया निरीक्षण

मुख्यमंत्री ने कृषि यांत्रिकरण प्रदर्शनी एवं मेले का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रदर्शनी में लगाए गए विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण किया। इस दौरान विभिन्न राज्यों से आए कृषि यंत्र निमार्ता कंपनी के प्रतिनिधियों ने यंत्र के उपयोग एवं इससे मिलनेवाली सुविधाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। प्रदर्शनी में लगाए गए नवीनतम कृषि यंत्र, फसल अवशेष प्रबंधन यंत्र, बागवानी से संबंधित कृषि यंत्र, विभिन्न नर्सरी, आधुनिकतम फसल के बीजों, कृषि विभाग की योजनाओं, क्रियाकलापों आदि के बारे में मुख्यमंत्री ने विस्तृत जानकारी ली।

ज्ञातव्य है कि कृषि विभाग द्वारा 29 नवम्बर से 2 दिसम्बर, 2024 के बीच चार दिवसीय कृषि यांत्रिकरण प्रदर्शनी एवं मेला का आयोजन किया जा रहा है। यह मेला पूर्वी भारत का सबसे बड़ा यांत्रिकरण मेला है। वर्ष 2011 से हर वर्ष कृषि यांत्रिकरण मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस राज्य स्तरीय कृषि यांत्रिकरण प्रदर्शनी एवं मेले में 125 से अधिक स्टॉल लगाये गये हैं। इस प्रदर्शनी में बिहार के अलावे दिल्ली, हरियाणा, गुजरात, छत्तीसगढ़, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, राजस्थान, पंजाब, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, आन्ध्र प्रदेश, पश्चिम बंगाल आदि राज्यों के कृषि यंत्र निमार्ता भाग ले रहे हैं।

### 4500 किसानों को सरकारी खर्चे पर मेला भ्रमण की व्यवस्था :

राज्य एवं राज्य के बाहर के वरीय पदाधिकारी, वैज्ञानिक, कृषि विशेषज्ञ एवं कृषि व्यवसाय से जुड़े उद्यमी भी मेले में भाग ले रहे है। प्रतिदिन राज्य के सभी जिलों से 4500 किसानों को सरकारी खर्चे पर मेला भ्रमण की व्यवस्था की गयी है। मेले में प्रत्येक दिन किसान पाठशाला में किसानों को नवीनतम कृषि यंत्र, फसल अवशेष प्रबंधन के यंत्र, बागवानी से संबंधित कृषि यंत्र एवं उनके रख-रखाव के बारे में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कृषि विभाग की योजनाओं / क्रियाकलापों के बारे में प्रदर्शनी लगायी गयी है। आधुनिक कृषि में कृषि यंत्रों का महत्वपूर्ण योगदान है। अत्याधुनिक कृषि यंत्रों को व्यवहार में लाये जाने से छोटे किसानों को खेती के काम करने में बहुत सहूलियत होती है।

### ये रहें मौजूद :

इस अवसर पर कृषि मंत्री मंगल पांडे, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा, विकास आयुक्त प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ एस सिद्धार्थ, कृषि विभाग के सचिव संजय कुमार अग्रवाल, मुख्यमंत्री के सचिव श्री कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, पटना के जिलाधिकारी डॉ चंद्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा सहित कृषि विभाग के अन्य वरीय अधिकारीगण, कृषि वैज्ञानिक विशेषज्ञ, कृषि व्यवसाय से जुड़े उद्यमी एवं विभिन्न कृषि यंत्र निमार्ता कंपनियों के प्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

## पटना में स्टैच्यू ऑफ विजडम के समर्थन में निकली देशरत्न यात्रा

पटना। देश के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की स्मृति में बिहार की राजधानी पटना में स्टैच्यू ऑफ विजडम के निर्माण की मांग को लेकर शनिवार को यहां एक यात्रा निकाली गई। पटना के कंकड़बाग से प्रारंभ हुई देशरत्न यात्रा शहर के विभिन्न मोहल्लों से गुजरी और बिहार विद्यापीठ ब्रजकिशोर भवन स्थित राजेंद्र बाबू की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद समाप्त हुई। देशरत्न कार यात्रा में करीब 50-70 गाड़ियों का काफिला शामिल था। इसमें आयोजक इंडिया पॉजिटिव से जुड़े लोगों के अलावा पंचायत सीरीज के बनराकस यानी दुर्गेश कुमार, लोक गायिका देवी, इंफ्लूएंसर आर्यन बाबू, एक्टर पंकज केसरी ने हाथों में तख्तियां लेकर प्रतिमा निर्माण के लिए शहरवासियों से समर्थन मांगा। इस मांग के समर्थन में ज्ञानभवन में रविवार को देशरत्न कॉन्क्लेव आयोजित किया जाएगा। इंडिया पॉजिटिव के संयोजक मनीष सिन्हा ने कहा, राजेन्द्र बाबू की स्मृति में स्टैच्यू ऑफ विजडम का निर्माण हर हाल में होना चाहिए। यह बिहार के लोगों के लिए गौरव की बात होगी। इस स्टैच्यू ऑफ विजडम के निर्माण के लिए राज्य और केन्द्र सरकार से 2018 से आग्रह किया जा रहा है। मनीष सिन्हा ने बताया कि 1 दिसंबर को देशरत्न कॉन्क्लेव में बिहार सरकार के उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा, सम्राट चौधरी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद, राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, वकील विष्णु शंकर, रुबिया लियाकत, आर्यन बाबू और पंचायत सीरीज के अभिनेता शामिल होंगे।

## केंद्र ने मछली पालन क्षेत्र के लिए दी 4,969 करोड़ की मंजूरी

नई दिल्ली। केंद्र के मत्स्य पालन विभाग ने वित्त वर्ष 2021 से वित्त वर्ष 2024 और चालू वित्त वर्ष (वित्त वर्ष 25) के दौरान छोटे मछली पकड़ने वाले समुदायों, पारंपरिक मछुआरों के विकास और उन्हें आजीविका सहायता प्रदान करने के लिए 1823.58 करोड़ रुपये के केंद्रीय हिस्से के साथ 4969.62 करोड़ रुपये के प्रस्तावों को मंजूरी दी है। राज्यसभा को एक लिखित उत्तर में यह जानकारी देते हुए मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह ने कहा कि मत्स्य पालन क्षेत्र के विकास और मछुआरों के कल्याण के लिए 20,050 करोड़ रुपये के निवेश के साथ वित्तीय वर्ष 2020-21 से प्रभावी प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत मंजूरी दी गई है। उन्होंने कहा कि जलवायु-अनुकूल जलीय कृषि को बढ़ावा देने के लिए, विभाग पीएमएमएसवाई के तहत समुद्री शैवाल, खुले समुद्र में पिंजरे की खेती, कृत्रिम चट्टानों की स्थापना, समुद्री पशुपालन, इंटीग्रेटेड मछली पालन को बढ़ावा देने और अन्य जलवायु-अनुकूल समुद्री कृषि गतिविधियों का समर्थन करता है, ताकि मुख्य रूप से पारंपरिक और छोटे पैमाने के मछुआरों पर पर्यावरणीय प्रभावों को कम किया जा सके। इस उद्देश्य के लिए 115.78 करोड़ रुपये के प्रस्तावों को मंजूरी दी गई है। इसके अलावा, मत्स्य विभाग ने पारंपरिक मछुआरों के लिए 480 गहरे समुद्र में मछली पकड़ने वाले जहाजों के अधिग्रहण, पारंपरिक मछुआरों की आजीविका को बढ़ावा देने के लिए 769.64 करोड़ रुपये के परिव्यय पर निर्यात क्षमता के लिए 1,338 मौजूदा मछली पकड़ने वाले जहाजों को अपग्रेड करने की मंजूरी दी है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पीएमएमएसवाई के तहत, मछली पकड़ने पर प्रतिबंध की अवधि के दौरान पारंपरिक और सामाजिक-आर्थिक रूप से पिछड़े सक्रिय मछुआरों के परिवारों को सालाना 5.94 लाख मछुआरों को आजीविका और पोषण सहायता के लिए वित्तीय सहायता दी गई है। इसके अलावा, 131.13 लाख मछुआरों को बीमा कवरेज भी प्रदान किया गया है।

## उपलब्धियां बिहार ने ऊर्जा के क्षेत्र में शानदार उपलब्धियां हासिल की

# बिहार में 1000 से बढ़कर 8005 मेगावाट हुई बिजली की अधिकतम मांग

- ऊर्जा सचिव ने बिहार में बिजली क्षेत्र की प्रगति की जानकारी को किया साझा
- ऊर्जा मंत्री ने रोड मैप बनाकार मुख्यमंत्री के सपनों को सकार किया

प्रात : किरण



पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की बिहार बिजली व्यवस्था में आमूलचूल सुधार के लिए जो दूरदर्शी सोच थी उसके आलोक में एक रोड मैप तैयार किया गया है, जिसे ऊर्जा मंत्री बिजेद्र प्रसाद यादव की देख रेख में क्रियान्वित किया गया। मुख्यमंत्री ने हर गांव, हर टोले में बिजली पहुंचाने के साथ साथ राज्य में हर घर बिजली पहुंचाने का निश्चय किया। उसकी सफलता ने पूरे देश के लिए ऐसा दृष्टांत बनाया कि केद्र सरकार ने इसके आधार पर सौभाग्य योजना को पूरे देश में लागू करने का निर्णय लिया। उक्त बातें बिहार इलेक्ट्रिसिटी रेगुलेटरी कमिशन द्वारा होटल ताज में आयोजित फोरम ऑफ रेग्यूलेटर्स ऑफ ईस्टर्न स्टेट की बैठक में ऊर्जा विभाग के सचिव पंकज कुमार पाल ने कही। सचिव ने बिहार में बिजली के क्षेत्र में हुई प्रगति की विस्तार से जानकारी दी। इस बैठक में श्री पाल को बिहार द्वारा ऊर्जा प्रक्षेत्र में हासिल की गई उपलब्धियों के विषय में प्रस्तुति लिए आमंत्रित किया गया। अपने प्रस्तुतिकरण में उन्होंने कहा कि पिछले वर्षों में बिहार ने ऊर्जा के क्षेत्र में शानदार उपलब्धियां हासिल की है।

### खराब ट्रांसफार्मरों को 24 घंटों में बदला जाने लगा :

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ने जर्जर तारों से रही दुर्घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए इसे बदलने हेतु रिकन्डक्टरिगं योजना की नीवं रखी। राज्य में बढ़ती बिजली मांग को देखते हुए वितरण और संचरण प्रणाली को सुदृढ़ करने की योजनाएं बनाई गईं। ग्रिड उपकरणों की संख्या पिछले वर्षों में 45 से बढ़कर 168 हो गई। इसी तरह संचरण लाइनों की लंबाई में भी अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। राज्य में शक्ति उपकेंद्रों का एक विस्तृत नेटवर्क तैयार हो गया। घर, गली, मुहल्ले में ट्रांसफार्मर लगाए गयें। खराब ट्रांसफार्मरों को 24 घंटों में बदला जाने लगा।

### प्रति वर्ष ऊर्जा की खपत भी 70 यूनिट बढ़कर 363 यूनिट :

श्री पाल ने बताया कि सुदृढ़ वितरण एवं संचरण व्यवस्था के कारण राज्य में बिजली की अधिकतम मांग 1000 मेगावाट से बढ़कर 8005 मेगावाट हो गई। इसी तरह प्रति वर्ष ऊर्जा की खपत भी 70 यूनिट बढ़कर 363 यूनिट हो गई। श्री पाल ने अपने प्रस्तुतिकरण में कहा कि माननीय मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य के किसानों को सिंचाई का पानी सुगमता एवं सस्ते दर पर मिलने लगा। इसके लिए मुख्यमंत्री कृषि संबंध योजना के अंतर्गत बड़े पैमाने पर कृषि कनेक्शन दिया जा रहा है तथा कृषि कार्य हेतु बिजली दर में 92 प्रतिशत का अनुदान दिया जा रहा है। आज बिहार के लोगों को 22-24 घंटे गुणवत्तापूर्ण बिजली मिल रही है। मुख्यमंत्री ने सौर ऊर्जा को अक्षय ऊर्जा का प्रमुख स्रोत बताते हुए इसके प्रोत्साहन के लिए राज्य में अनेकों पहल किया है। आज बिहार में फ्लोटिंग सोलर ऊर्जा, नहरों के किनारे सोलर प्लांट व रूफ टॉप सोलर परियोजना व्यापक पैमाने पर लगायी जा रही है। लखीसराय के कजरा में 185 मेगावाट की बड़ी सोलर प्लांट लगाया जा रहा है। जिसमें देश की सबसे बड़ी बैटरी सोलर प्रणाली परियोजना लगाई जा रही है।

### आत्मनिर्भर हो रही है विद्युत कंपनियां

श्री पाल ने कहा कि ऊर्जा मंत्री के मार्गदर्शन में आज राज्य की विद्युत कंपनियां आत्मनिर्भर हो रही है। गत वर्ष वितरण कंपनियां पहली बार मुनाफे में आई हैं। पूरे देश में यह एक अनुकरणीय उपलब्धि है। बैठक में बिहार की उपलब्धियों पर विस्तृत चर्चा की गई एवं उपलब्धियों की सराहना की गई।

बैठक में बीईआरसी के चेयरमैन अमीर सुबहानी, नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक डॉ निलेश देवरे, टाटा पावर से संजय कुमार बंगा, पीडब्ल्यूसी से पदम मिश्रा सहित अन्य विशिष्ट लोग मौजूद थे। सभी ईआरसी के चेयरमैन व सदस्यगण उपस्थित थे जिनमें अरुणाचल प्रदेश से आर के जोशी, झारखंड से अतुल कुमार व महेंद्र प्रसाद, मणिपुर से आर थांगा, मिजोरम से बेंजामिन एल ट्लूमेटा, ओडिशा से गजेंद्र मोहपात्रा, सिक्किम से केबी कुंवर, पश्चिम बंगाल से श्री मलेला वेंकटेश्वर राव प्रमुख थे।


बिहार सरकार

संदेश

महामोग्लान दिवस

अग्रहायण अमावस्या : 01 दिसम्बर, 2024

मुख्य मंत्री
बिहार

महामोग्लान के महापरिनिर्वाण दिवस ''अग्रहायण अमावस्या'' को महामोग्लान दिवस के पावन अवसर पर हम शांतिदूत महामोग्लान का पुण्य स्मरण करते हैं।

महामोग्लान भगवान गौतम बुद्ध के प्रमुख शिष्य थे। भगवान बुद्ध की शिक्षा को प्रसारित करने में धम्मसेनापति महामोग्लान का अद्वितीय योगदान रहा है जो हम सभी के लिए प्रेरणादायक है।

आइये, हम सब महामोग्लान के द्वारा बताए गये मार्ग पर चलकर विश्व में शांति तथा भाईचारे का संदेश फैलायें।

(नीतीश कुमार)

PR No.- 012454 (Youth, Art & Culture)D. 2024-25

# बिहार के संगीत घराने पर पिक्चर पोस्टकार्ड का अनावरण

## तकनिक के द्वारा टिकटों की डिजिटल दुनिया देखने कि लगी रही भीड़

**प्रातः किरण संवाददाता**

पटना। भारतीय डाक विभाग की ओर से आयोजित तीन दिवसीय बिहार डाक टिकट प्रदर्शनी बीआईपीईएक्स-2024 के भव्य आयोजन के तीसरे और अंतिम दिन के कार्यक्रम का प्रारंभ माननीय उद्घाटनकर्ता के द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर तीसरे दिन के कार्यक्रम का विधिवत श्रीगणेश किया गया । अनिल कुमार, चीफ पोस्टमास्टर जनरल, बिहार, परिमल सिन्हा, पोस्टमास्टर जनरल उत्तरी प्रक्षेत्र, मनोज कुमार, पोस्टमास्टर जनरल पूर्वी प्रक्षेत्र एवं पवन कुमार, डाक निदेशक, मुख्यालय के द्वारा कार्यक्रम के लिए पधारे मुख्य अतिथि एवं सभी विशिष्ट अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया ।

मनोज कुमार, पोस्टमास्टर जनरल पूर्वी प्रक्षेत्र, भागलपुर ने अपने स्वागत संबोधन में वर्तमान समय में डाक विभाग के माध्यम से समाज के सभी वर्गों को दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में बताया उन्होंने प्रदर्शित डाक टिकटों के महत्त्व को सभी उत्सुक दर्शको के समक्ष रखा, उनके द्वारा प्रदर्शित अति दुर्लभ तीनों डाक टिकटों के बारे में विस्तार से बताया गया ' एवं आज के अनावरण एवं विमोचन के विषय वस्तु पर प्रकाश डाला । डॉ. सत्यजीत कुमार सिंह, निदेशक रुबन हॉस्पिटल, पटना; ने पत्र लेखन के साथ बहने वाले भाव के अहमियत को समझाया ' उन्होंने इस भव्य प्रदर्शनी के लिए अनिल कुमार, चीफ पोस्टमास्टर जनरल, बिहार को धन्यवाद दिया ।श्री इम्तियाज अहमद, सुप्रसिद्ध लेखक; ने इस डाक प्रदर्शनी कि प्रशंसा करते हुए डाक विभाग के इतिहास को शेरसाह सूरी से काफी पूर्व मौर्य कालीन समय से भारत में व्यवस्थित बताया । कमोद पाठक, ध्रुपद गायक, डूमरॉव घराना; ने डाक विभाग के द्वारा प्रदान किये गए इस पहचान के लिए डाक विभाग की बहुत बहुत धन्यवाद दिया और श्री अनिल कुमार, चीफ पोस्टमास्टर जनरल, बिहार के प्रति आभार प्रकट किया ' उन्होंने



डूमरॉव घराने के संक्षिप्त इतिहास के बारे में बताया ' उनके द्वारा इस बात की पूरी उम्मीद जताई गयी कि इस कार्यक्रम के पश्चात बिहार के संगीत घरानों को नया पहचान मिलेगा एवं कला जगत में ये घराने नयी ऊँचाइयों को प्राप्त करेंगे ।

इसके पश्चात मुख्य अतिथि एवं उपस्थित अन्य विशिष्ट अतिथियों के द्वारा मंडन मिश्र- शंकराचार्य पर विशेष आवरण का विमोचन किया गया ' तत्पश्चात बिहार के संगीत घराने पर पिक्चर पोस्टकार्ड का अनावरण किया गया '

यू. के. मिश्र, उपाध्यक्ष, आपदा प्रबंधन, ने इस अभूतपूर्व प्रदर्शनी के लिए पुरे डाक विभाग एवं श्री अनिल कुमार, चीफ पोस्टमास्टर जनरल, बिहार को बधाई दी ' उन्होंने बताया कि उनका पूरा परिवार ही डाकघर से जुड़ा रहा है ' उन्होंने बच्चों को बार-बार पत्र लिखने के लिए प्रेरित किया ' उन्होंने बताया कि यह करने से बौधिक भावनाओं का विकास होगा '

इसके पश्चात श्री अनिल कुमार, चीफ पोस्टमास्टर जनरल, बिहार, ने बच्चों को फिलाटेली के शानदार शौक को अपनाने के लिए प्रेरित किया जो कि अति मजेदार तरीके से ज्ञान का संवर्धन भी करता है ' उन्होंने बताया कि यह एक मात्र माध्यम है जहाँ निवेश करने पर कभी घाटा नहीं हो सकता ' एक टिकट जितना पुराना होता जायेगा उतना ही इसकी कीमत बढ़ेगा यह कभी घट नहीं सकता है ' उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि यह आज के परिप्रेक्ष्य में बच्चों को डिजिटल मीडिया के लत से दूर रहने में भी अहम भूमिका निभा सकता है '

श्री गंगा प्रसाद, पूर्व राज्यपाल, सिक्किम तथा मेघालय; ने इस बात पर प्रकाश डाला कि जिस बिहार के महिलाएं विद्वता में जल्दी गिनी नहीं जाती है उसी बिहार के महिलाए प्राचीन समय में कई विचारधारों की प्रणेता रही है ' उन्होंने डाक टिकटों के इतिहास के बारे में भी चर्चा कि जिसमे विश्व का पहला डाक टिकट तत्कालीन अजीमाबाद वर्तमान पटना के ताम्र टिकट तथा स्वतंत्र भारत के प्रथम डाक टिकट विशेष रहा ।

प्रदर्शनी में लगाये गए अत्यंत दुर्लभ टिकट, एवं थीम पर आधारित बहुमूल्य टिकटों ने सभी को अपनी ओर आकर्षित किया ' टिकटों के बारे में सम्पूर्ण जानकारी उपलब्ध करने हेतु सभी जगह गाइड भी मौजूद थे ' दूसरी ओर आधुनिक तकनीक आधारित अफ़्फ़ के माध्यम से टिकटों की दुनिया में झाकने और समझने वालों की जिज्ञासा शांत होती नहीं दिख रही थी ।

आदि शंकराचार्य और मंडन मिश्र के बीच हुआ शास्त्रार्थ भारतीय इतिहास की सबसे चर्चित दार्शनिक घटनाओं में से एक है, जो दो प्रमुख विचारधाराओं- अद्वैत वेदांत और कर्मकांडी मीमांसा दर्शन के बीच के संघर्ष का प्रतीक है।

मंडन मिश्र मीमांसा के एक प्रख्यात विद्वान थे, जो वैदिक कर्मकांडों में अपनी विशेषज्ञता और आध्यात्मिक उन्नति के लिए कर्म (कर्मकांडीय क्रियाओं) के महत्व में विश्वास के लिए जाने जाते थे। आदि शंकराचार्य, जो अद्वैत वेदांत के समर्थक थे, आत्मा और ब्रह्म चेतना की सर्वोत्तम एकता का पक्ष लेते थे, और भौतिक संसार की माया को महत्वपूर्ण मानते थे।

# धम्म यात्रा का समापन बोधगया में बोधि वृक्ष के नीचे 5 दिसंबर होगा

**प्रातः किरण संवाददाता**

पटना । भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2015 में कहा था कि 21वीं शताब्दी एशियाई शताब्दी है, और इस एशियाई शताब्दी में बौद्ध धम्म की केंद्रीय भूमिका रहेगी, जो इस क्षेत्र के देशों को जोड़ने में महत्वपूर्ण है। 20 से अधिक भिक्षु, बौद्ध विद्वान, विश्वविद्यालय के प्रोफेसर और अन्य 2 दिसंबर को नई दिल्ली पहुँचेंगे और उसके बाद पटना-बोधगया (नालंदा) से होते हुए वापस नई दिल्ली और फिर गुजरात की यात्रा करेंगे। यह यात्रा 2 से 10 दिसंबर 2024 के बीच होगी। भारत में धम्म के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में चौथी धम्म यात्रा महत्वपूर्ण है क्योंकि यह मेकोंग और गंगा सभ्यताओं के बीच गहरे संबंध को मजबूत करती है, जो धम्म के जीवित संदेश को वैश्विक स्तर पर फैलाती है, ताकि संघर्षों से बचा जा सके और पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़े, तथा धम्म के शताब्दी वर्ष की शुरूआत हो। यह धम्म यात्रा तीसरा गंगा-मेकोंग यात्रा की निरंतरता है, जिसमें इस वर्ष की शुरूआत में बुद्ध और उनके दो शिष्य अरहंत सारिपुत्त और अरहंत महा मोग्गलान के पवित्र अवशेष को थाईलैंड ले जाया गया था।

यह कार्यक्रम बोधगया इस्टिट्यूट 980 द्वारा आयोजित किया जा रहा है, जो भारत और थाईलैंड के साझेदार संगठनों जैसे विवेकानंद अंतरराष्ट्रीय फाउण्डेशन, भारत, इंटरनेशनल सेंटर फॉर कल्चरल स्टडीज, भारत, अंतरराष्ट्रीय बौद्ध परिसंघ , नई दिल्ली में थाई राजदूतावास, थाईलैंड में भारतीय दूतावास, बिहार राज्य, बोधगया स्थित थाई बौद्ध मंदिर, और वीराफूंचोंग फाउंडेशन, थाईलैंड के सहयोग से हो रही है।

धम्म शताब्दी केवल एक समय सीमा नहीं है, बल्कि यह सभी लोगों की सामूहिक इच्छा का प्रतीक है कि वे जीवन के मार्गदर्शन के रूप में धम्म सिद्धांतों का उपयोग करें। यह एक ऐसी शताब्दी है जिसमें मानवता भू-राजनीतिक सीमाओं, धार्मिक मतभेदों, सांस्कृतिक और पारंपरिक भिन्नताओं, और जातीय भिन्नताओं से परे देखेगी और शांति की नई शताब्दी की रचना करने के लिए एकजुट होगी।

## संक्षिप्त खबरें

### ब्रजेश बने जज, बेलाउर-बक्सर का बढ़ाया मान



**प्रातः किरण संवाददाता**

पटना। हाल ही प्रकाशित बिहार ज्यूडिशियल सर्विसेज सेवा में अंतिम रूप से 12वीं स्थान पर ब्रजेश कुमार का चयन हुआ है। यह सफलता ब्रजेश को पहले प्रयास में ही हासिल हुआ है। ब्रजेश मूल रूप से बक्सर जिले के बेलाउर गाँव के रहने वाले हैं। ब्रजेश बचपन से ही मेधावी छात्र रहे हैं। इनकी प्रारंभिक शिक्षा बक्सर और वाराणसी में हुई जबकि लॉ की डिग्री इन्होंने प्रतिष्ठित कैंपस लॉ कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय से लिया है। ब्रजेश अपनी सफलता का श्रेय अपनी माँ, स्वर्गीय पिता और दादा के साथ-साथ सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता दोनों बड़े भाई मुकेश कुमार, राजेश कुमार और चाचा पटना हाई कोर्ट के वरिष्ठ वकील निकेश चौबे को देते हैं।

### चलती ट्रेन में चढ़ने के दौरान एक महिला की मौत

**प्रातः किरण संवाददाता**

दानापुर खगौल। चलती ट्रेन में एक महिला अपने बच्चे गोद में लिए दौड़-कर चढ़ने की कोशिश में गिरकर ट्रेन के नीचे चले गयी। हादसे में उसकी दर्दनाक मौत हो गई जबकी उसका ढाई साल का बच्चा गंभीर रूप जख्मी हो गया। हादसा शनिवार की दोपहर दानापुर स्टेशन पर गुवाहाटी जा रही लोकमान्य तिलक एक्सप्रेस से घटी। मृतक महिला की पहचान बनियापुर छपरा निवासी गोविंदा राम की 30 वर्षीय पत्नी चांदनी है और जख्मी पुत्र का नाम राजकुमार के रूप में की गई है। वहीं हादसे के बाद जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के लिए दानापुर अनुमंडल अस्पताल भेज दिया। मृतिका के ससुर हीरा राम ने बताया कि उनका पुत्र गुवाहाटी में कपड़े की दुकान है। मृतक बहू चांदनी सिकन्दराबाद उसके भाई से मुलाकात कर गुवाहाटी लौट रही थी। वह शुक्रवार को आरा जंक्शन पर उतरी थी। पुत्र के कहने पर वह आरा जाकर उसे गुवाहाटी जाने की ट्रेन में टिकट दिलाया और एक ट्रेन में बैठाकर छपरा लौट गये। मगर वह रात में दानापुर कैसे उतरी इसकी जानकारी नहीं है।

### प्रभारी चिकित्सक के साथ मारपीट

**प्रातः किरण संवाददाता**

मसौढ़ी। स्थानीय प्रथमिक स्वास्थ्य केंद्र में दो चिकित्सकों के बीच अपशब्द व मारपीट का मामला प्रकाश में आया है।

जानकारी के अनुसार प्रभारी चिकित्सा पदधिकारी डॉ रामानुज सिंह व डॉ सतेंद्र नारायण मोहन पासवान दोनों किसी बात को लेकर आपस में उलझ गए।उसी बीच डॉ सतेंद्र नारायण मोहन पासवान ने कमर से रिवॉल्वर निकाल कर डॉ रामानुज सिंह पर तान दी,जिससे अस्पताल में अफरा तफरी का माहौल बन गया।

घटना के बाद प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रामानुज सिंह ने पुलिस को लिखित आवेदन दी है।जिसमें उन्होंने बताया कि डॉ सतेंद्र नारायण मोहन पासवान ने ड्यूटी के दौरान मेरे साथ गाली गलौज व मारपीट और कमर से रिवॉल्वर निकाल कर जान मारने की धमकी दी है। दिए गए आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

# डॉ मनीष मंडल बने एसोसिएशन ऑफ सर्जन्स ऑफ इंडिया के बिहार चैप्टर के सचिव

**प्रातः किरण संवाददाता**

पटना। आईजीआईएमएस पटना के मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ मनीष मंडल शनिवार के शाम मोतिहारी में आयोजित बेसिकॉन सम्मेलन में एसोसिएशन ऑफ सर्जन्स ऑफ इंडिया के बिहार चैप्टर के सचिव का कार्यभार सम्भाला` विदित हो कि बिहार स्तर पर इस प्रतिष्ठित चुनाव में सचिव पद के लिए डॉ मंडल निर्विरोध चुना गया है। इधर डॉ मनीष मंडल को एसोसिएशन सचिव बनाए जाने पर बिहार के चिकित्सा जगत में में हर्ष व्याप्त है।



सुप्रसिद्ध गेस्ट्रोलॉजिस्ट डॉ मनीष मंडल आईजीआईएमएस पटना के मेडिकल अध्यक्ष हैं, उन्हें संगठन के सचिव बनाए जाने पर आइएमए के सचिव डॉ. सच्चिदानंद यादव ने हर्ष जताते हुए बताया कि डॉ. मनीष अपने ईमानदारी और मेहनत और निःस्वार्थ भाव सेवा के कारण यह मुकाम पाया है। रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव रमेन्द्र कुमार,सुधांशु कुमार, डॉ. तेजनारायण यादव,इकानंद कुमार,प्रो मोहन यादव,मो कदीर, सुशील कुमार, घनश्याम कुमार आदि दर्जनों लोगों ने बधाई देते हुए हर्ष व्यक्त किया है। वहीं डॉ मंडल ने सबों के प्रति आभार जताया है

# आयुर्वेदाचार्य डॉ. सुनील दूबे ने सादगी के साथ मनायी शादी की वर्षगांठ

**प्रातः किरण संवाददाता**

पटना। वर्ल्ड फेमस आयुर्वेदाचार्य, समाजसेवी एवं दूबे क्लिनिक के निदेशक डॉ. सुनील कुमार दूबे ने अपनी शादी की 31वीं वर्षगांठ सादगी के साथ अपने निजी आवास सब्जीबाग में मनायी। विदित रहे कि डॉ. दूबे का विवाह 29 नवंबर, 1993 को हुआ था। शुक्रवार की रात डॉ. दूबे ने पत्नी उषा दूबे संग के काटा। इस अवसर पर परिवार के सदस्य पुत्र डॉ. साजन दूबे, सागर दूबे, भतीजा साहिल दूबे, राज दूबे, बेटी पूजा दूबे, शालू सुनील दूबे, दामाद अमर प्रकाश तिवारी एवं भाभो रिंकी दूबे



समेत परिवार के अन्य सदस्य मौजूद थे। सभी ने डॉ. दूबे को शादी के सालगिरह की बधाई एवं उनके तथा पत्नी उषा दूबे के सुखमय वैवाहिक जीवन एवं स्वास्थ्य की कामना की। इस अवसर पर डॉ. दूबे और उषा दूबे ने कहा कि शादी की 31 वर्षीय यात्रा अत्यंत सफल रही है। हम दोनों एक दूसरे के सुख-दुख में सदैव साथ रहे।

# 40 दिव्यांगों की जांच कर कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण की प्रक्रिया शुरू



**प्रातः किरण संवाददाता**

पटना सिटी। रोटरी पटना सिटी सम्राट द्वारा आयोजित निःशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर शुक्रवार को शुरू हुआ। शिविर में शुक्रवार को 40 जरूरतमंदों की जांच कर निःशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण के निर्माण की प्रक्रिया शुरू हो गई। कोलकाता से महावीर सेवा सदन की डॉक्टर एवं टीम ने मोर्चा संभाल लिया है। सभी मरीजों के भोजन की व्यवस्था भी की गई है। हमारा उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर ऐसे लोगों को कृत्रिम अंग प्रदान करना है। शिविर का उद्घाटन मुख अतिथि बिपिन चाचान ने किया। इसके बाद मरीजों के रजिस्ट्रेशन का जिम्मा बबलू जी ने संभाला। चेयरमैन संजय सिन्हा सक्रिय रहे। क्लब के अध्यक्ष देवराज बल्लभ, सचिव देवेश नवाडिया, कोषाध्यक्ष राजीव कुमार, पूर्व अध्यक्ष दिनेश भदानी, विजय कुमार यादव, अभिषेक पैट्रिक, विनय लांबा, कविता करोड़ा, गोविंद चौधरी, विजय गोप, ओमप्रकाश पप्पू, कुमुद रंजन, डॉ सुशील पोद्दार, सुमित चंद्रवंशी, प्रमोद कुमार, रविशंकर प्रसाद, ललित अरोड़ा, एम हक आदि ने सहयोग किया। मानवता की सेवा का यह महापर्व अभी दो दिनों तक चलेगा और रोटरी की सार्वजनिक छवि की वृद्धि में मदद करेगा।


# स्थायी व दैनिक कर्मियों के साथ मिलेगा एजेंसी कर्मी को वेतन

**प्रातः किरण संवाददाता**

पटना सिटी। पटना नगर निगम कर्मचारी संयुक्त समन्वय समिति के प्रतिनिधियों के साथ नगर आयुक्त के साथ वार्ता हुई।इस दौरान नगर आयुक्त ने दैनिक कर्मियों के साल में दो बार वेतन वृद्धि और अक्तूबर माह के वेतन में बढोतरी नहीं किए जाने के सवाल पर समन्वय समिति के प्रतिनिधियों के सामने ही वेतन वृद्धि का आदेश निर्गत किया। एजेंसी चालकों और कर्मियों के वेतन भुगतान में देरी की बात उठाने पर नगर आयुक्त ने कहा कि अब एजेंसी कर्मियों को भी स्थायी और दैनिक कर्मियों के साथ ही वेतन मिलेगा।इसका पत्र भी वह निर्गत कर रहे हैं।एजेंसी कर्मियों का भी वेतन वृद्धि किया जाएगा। दैनिक कर्मियों को पिछ्ले वेतन वृद्धि में छूट गए दो रुपया को इस बार के वेतन में जोड़कर देने का भी आदेश निर्गत कर दिया गया है। लंच बॉक्स और बोतल शीघ्र ही कर्मियों को दिया जाएगा। 1850 रुपए ग्रेड पे के आदेश निर्गत होने के बाद भी कंकडबाग, बांकीपुर और अजीमामाबाद अंचल में भुगतान नहीं किया गया है। नगर आयुक्त ने इन तीनों अंचल में ग्रेड पे भुगतान का आदेश दिया। पेंशन के बकाया अंतर्राशि के भुगतान पर उन्होंने स्थापना की बैठक में राशि की समीक्षा कर भुगतान की प्रक्रिया शुरू कर दिया जाएगा। एसीपी और एमएसीपी पर सरकार द्वारा लगाए गए रोक को हटाने के लिए नगर आयुक्त ने विभाग को पूर्व में पत्र लिखा था, फिर से विभाग को एक बार फिर से पत्र लिखकर याद दिलाने का प्रयास करेंगे। नगर आयुक्त ने आश्वस्त किया कि उनके समय में जो भी प्रभारी बनाए गए थे, उन्हें प्रभारी से मुक्त किया जाएगा और वह अपने पूर्व के पद पर ही कायम रहेंगे। मानव बल की चोरी रोकने के लिए सभी 75 वार्ड में सफाई मित्रों की सूची बना कर वार्ड कार्यालय में चिपकाए जाने पर भी सहमति बनी। पिछ्ले बैठक की प्रोसिडिंग उपलब्ध नहीं होने पर समन्वय समिति के प्रतिनिधियों ने नाराजगी व्यक्त किया। इस पर नगर आयुक्त ने संबंधित सहायक को दोबारा ऐसी गलती नहीं करने की चेतावनी दी। विभागीय कार्रवाई चल रहे कर्मियों को अविलम्ब उन पर लगाए गए अभियोग की समीक्षा करते हुए कार्य मुक्त करने का निर्देश स्थापना को दिया। गर्म वर्दी की मांग पर भी नगर आयुक्त ने स्थापना में बैठक कर इस पर विचार करने की बात कही। वार्ता में समन्वय समिति की ओर से अध्यक्ष चंद्रप्रकाश सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष रामयत्न प्रसाद, संयोजक मंगल पासवान और नगर निगम की ओर से नगर आयुक्त अनिमेष पराशर, अपर नगर आयुक्त (स्थापना) ज्योत प्रकाश एवं अपर नगर आयुक्त (सफाई) राजन सिन्हा मौजूद थे। समन्वय समिति के प्रवक्ता जितेन्द्र कुमार ने समन्वय समिति के प्रतिनिधियों की चेतावनी भी दी है ।

# पंज प्यारे के जारी आदेश हुए तार-तार

## दरबार साहिब में महाराज के आगे पीएनबी ऑफिसरों को दिया सरोपा



**प्रातः किरण संवाददाता**

पटना सिटी । तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब को पीएनबी के द्वारा वातानुकूलित बस 29 नवंबर को प्रदान किया गया। इसे लेकर तख्तश्री परिसर में बड़ा-बड़ा बैनर लिखा हुआ लगाया गया। साथ ही फूलों की लड़ी आदि लगाते हुए बस को झंडी दिखाने का काम भी किया गया। यही नहीं, दरबार साहिब में महाराज के आगे से बैंक के अधिकारियों को सरोपा प्रदान किया गया। यह सब तख्तश्री पटना साहिब के पंज प्यारों के द्वारा हाल में जारी आदेश के बाद किया गया। इस कारण से संगतों में कार्यक्रम में मौजूद पदाधिकारियों के खिलाफ रोष है और पंज प्यारों खासकर जत्थेदार ज्ञानी बलदेव सिंह से कार्रवाई करने का आग्रह किया गया है। ऐसा नहीं किए जाने पर मामले को श्री अकाल तख्त साहिब में भेज कर कार्रवाई करने का आग्रह किया जाएगा। इस संबंध में पटना साहिब पंथ सेवक जत्था के पदाधिकारी सरदार इकबाल सिंह उर्फ लक्की बग्गा ने ऑडियो और वीडियो के साथ ही पंज प्यारों के द्वारा जारी किए गए हुक्मनामा को भी लोगों के समक्ष जारी किया है। दरअसल पिछले दिनों भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रसाद नड्डा तख्तश्री हरमंदिर जी पटना साहिब के दरबार साहिब में मत्था टेकने के लिए पहुंचे थे। तब फोटोग्राफरों के द्वारा कीर्तन कर रहे रागी के ऊपर दबाव दिया गया था। इस कारण से रागी के द्वारा विरोध भी जताया गया था। बाद में इसे लेकर आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला भी जारी रहा। इसी दौरान तख्तश्री कमेटी के पदाधिकारी ने मीडिया के दरबार साहिब में वीवीआईपी के आने के दौरान प्रवेश पर रोक लगाने का पत्र भी जारी किया गया। इसके बाद पंज प्यारों ने प्रबंधक कमेटी के पदाधिकारी को तलब किया। इसके बाद पंज प्यारों ने एक पत्र जारी किया गया, जिसमें कहा गया कि तख्तश्री पटना साहिब के परिसर में किसी भी वीवीआईपी को गुलदस्ता नहीं दिया जाएगा सरोपा देने का काम भी दरबार साहिब में महाराज के आगे नहीं किया जाएगा, बल्कि पीछे की तरफ से दिया जाएगा। वहीं दरबार साहिब के बाहर वीआईपी लाउंज या अन्य जगहों पर किसी को भी सरोपा प्रदान नहीं किया जाएगा। मगर 29 नवंबर को एक राष्ट्रीयकृत बैंक के द्वारा तख्तश्री पटना साहिब को वातानुकूलित बस प्रदान करने के लिए खास माहौल बनाने का काम किया गया। तख्त साहिब के दक्षिणी दर्शनी ड्योढ़ी के आगे और जोड़ा घर के पहले बड़ा-बड़ा बैनर लगाकर फूलों से सजाया गया। उस दौरान अरदास करने के लिए जत्थेदार, अतिरिक्त मुख्य ग्रंथी, एडिशनल हेड ग्रंथी, पंज प्यारे में शामिल अन्य ग्रंथी से लेकर तख्तश्री कमेटी के अध्यक्ष और कनीय उपाध्यक्ष आदि भी मौजूद थे।

बताया जाता है कि इसके पहले कभी भी खालसा पंथ या तख्तश्री पटना साहिब के धार्मिक आयोजन के अलावा इस तरह का बैनर नहीं लगाया गया था। यही नहीं, पंज प्यारे के द्वारा जारी आदेश की भी धज्जियां उड़ाई गई। बैंक कर्मियों को दरबार साहिब में आगे की ओर से सरोपा प्रदान किया गया, जो की यहां के द्वारा जारी हुकुमनामा में इसकी मनाही की गई थी। इस संबंध में पटना साहिब पंथ सेवक जत्था के पदाधिकारी लकी बग्गा का कहना था कि आज एक बस भेंटा दी गई है, इसका स्वागत है।

# बंद घर का ताला काट कर 40 हजार रुपए व करीब एक लाख के जेवर ले उड़े चोर



**प्रातः किरण संवाददाता**

दानापुर ।खगौल थाना क्षेत्र के अंतर्गत लेखा नगर स्थित हरी कंपलेक्स मे एक फ्लैट को बंद कर भांजे की शादी समारोह में नवादा गये एक व्यक्ती को काफी महंगा पड़ गया। छह की संख्या में आये चोरों ने उनके फ्लैट का ताला तोड़.आलमिरा में रखे 40 हजार रुपए नगद व करीब एक लाख के जेवर की चोरी कर डाली।

मामला खगौल थाना क्षेत्र के लेखा नगर स्थित हरि कम्पलैक्स अपार्मेंट के फ्लैट नंबर 402 की है। वहीं चोरी की वारदात अपार्टमेंट में लगे सीसीटीवी में कैद हो गया। इस संबंध में पीड़ित फ्लैट मालिक जितेन्द्र कुमार वर्मा ने स्थानीय थाने में लिखित शिकायत दर्ज किया है। पीड़ित फ्लैट मालिक ने बताया कि विगत 22 नवंबर को वह फ्लैट में ताला लगा वह अपने भांजे के शादी समारोह में शामिल होने के लिए नवादा गये हुए थे।

शनिवार की सुबह अपार्टमेंट के गार्ड व पड़ोसी द्वारा उन्हे सूचित किया गया कि उनके फ्लैट का ताला टूटा हुआ है। वह आनन फानन में अपने फ्लैट में पहुंचे तो पाया कि फ्लैट का ताला टूटा हुआ है और कमरे का सारा सामान बिखरा पड़ा है।

चोरों ने कमरे में रखा आलमिरा का लॉक तोड़ उसमे रखे 40 हजार रुपए नगद व करीब एक लाख के सोने चांदी के जेवरात चोरी कर ले गये। चोरों ने दरवाजे के बाहर रखे सीसीटीवी कैमेरे को भी तोड़ दिया ।

मगर चोरों की हरकत सीसीटीवी में कैद हो गई। खगौल थाना सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की पहचान करने में जुट गई है।

# पटना साहिब स्टेशन के विकास के लिए 24 करोड़ का प्रोजेक्ट : एजीएम

**प्रातः किरण संवाददाता**

पटना सिटी। पटना साहिब स्टेशन का विस्तार किया जाएगा और यहां गाड़ियों का अतिरिक्त ठहराव देने पर पटना जंक्शन और राजेंद्रनगर पर रहे यात्रियों के दबाव को काम किया जा सकता है। इसके लिए जरूरी है कि पटना साहिब स्टेशन पर वर्षों पूर्व स्वीकृत किया गया पांचवीं लाइन अस्तित्व में आ जाए। साथ ही यहां यात्री सुविधाओं से लेकर एक्सलेटर लगाने का काम भी जल्द शुरू किया जाएगा। रेलवे बोर्ड से इस संबंध में 24 करोड़ की योजना इस स्टेशन के लिए स्वीकृत है। यह बात पूर्व मध्य रेल के अपर महाप्रबंधक अमरेंद्र कुमार ने दशमेश पिता श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के जन्मस्थली में मत्था टेकने के बाद पत्रकारों से बातचीत के दौरान शनिवार को कही। दरअसल यहां पदभार ग्रहण करने के बाद एजीएम अमरेंद्र कुमार सपत्नीक तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब में मत्था टेकने और गुरु घर का आशीर्वाद लेने के लिए पहुंचे थे। इस दौरान उनका स्वागत



रेलवे आरक्षण के पर्यवेक्षक नितिन व्यास ने किया। तख्तश्री कार्यालय के अधीक्षक दलजीत सिंह ने उन्हें मोमेंटो प्रदान किया, जबकि सहायक प्रबंधक पपिंद्र सिंह ने उन्हें गुरु घर के इतिहास से अवगत कराया। इस दौरान अधीक्षक ने अपर महाप्रबंधक को बताया कि पिछले साल ही पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक ने स्टेशन का मुआयना करने के बाद कहा था कि यहां एक्सलेटर लग जाएगा, मगर यहां स्वीकृत एक्सलेटर आरा स्टेशन के लिए चला गया। पटना साहिब स्टेशन पर यात्री सुविधाओं का विस्तार से लेकर कुछ ट्रेनों के ठहराव की बात भी कही गई। इस पर अपर महाप्रबंधक अमरेंद्र कुमार ने कहा कि दरअसल यहां चार प्लेटफार्म है। डाउन लाइन से ट्रेन आने पर प्लेटफॉर्म भी कम है। उन्होंने कहा कि पटना साहिब स्टेशन की अलग पहचान है। पटना सिटी पुराना शहर है। यहां अनेक धार्मिक प्रमुख स्थल है, तो व्यापारिक दृष्टिकोण से भी इसका खासा महत्व है। वह चाहेंगे कि पटना साहिब स्टेशन का मानक के अनुरूप विकास हो। रेलवे बोर्ड से इस स्टेशन के विकास के लिए 24 करोड़ रुपया स्वीकृत किया जा चुका है। जैसे ही यह रुपया यहां आता है, यहां दो एडिशनल लूप और एक लाइन भी बढ़ेगा। बहुत अधिक संभावना है कि प्लेटफार्म नंबर-3 के दक्षिण साइड में रहे लूप लाइन के बगल में ही पांचवीं लाइन का विस्तार किया जाए। इसके बाद ट्रेनों के ठहराव के बारे में भी विचार कर स्टॉपेज देने का काम किया जाएगा। जहां तक एक्सलेटर लगाने का सवाल है, इसे भी जल्द ही लगाया जाएगा। वातानुकूलित वेटिंग रूम को भी शीघ्र चालू करने का काम किया जाएगा।

# गंगा नदी में स्नान के दौरान एक बालक की डूबने से हुई मौत

## एसडीआरएफ वह गोताखोरों के प्रयास के बाद भी सफलता नहीं

**प्रातः किरण संवाददाता**

पटना सिटी ।मालसलामी थाना क्षेत्र के नुरुद्दीनगंज घाट पर दो दोस्त गंगा स्नान के लिए गए थे। दोनों अचानक गहरे पानी की ओर बढ़ गए। नीचे पानी में करंट यानी बहाव अधिक होने के कारण दोनों डूबने लगे। मगर उसमें से एक किसी तरह से बचने में सफल हो गया। वहीं दूसरा छोटू कुमार पानी में लापता हो गया। हालांकि बिट्टू ने उसे बचाने की भाषा कोशिश की, मगर सफलता नहीं मिली। सूचना मिलने के बाद मालसलामी थाना की पुलिस ने एसडीआरएफ की टीम को शव को खोजने के लिए लगाया, मगर सफलता नहीं मिली। इस दौरान नदी थाना क्षेत्र से एक्सपर्ट गोताखोर को भी जाल और कांटा के साथ बुलाया गया, मगर अंधेरा होने के पहले तक 10 साल का बालक छोटू कुमार का शव नहीं मिल पाया। इस संबंध में मालसलामी थाना के थानाध्यक्ष राजकुमार सिंह का कहना था कि दो छात्र छोटू कुमार और बिट्टू



कुमार दोनों छोटी नगला आदर्श कॉलोनी के रहने वाले हैं ।शुक्रवार को अपराह्न दोनों नुरुद्दीनगंज घाट गए थे। दोनों कपड़ा खोलकर गंगा नदी में स्नान करने के लिए उतरे। पानी में अधिक गहराई में चले गए। पानी के अंदर तेज बहाव भी था। इस कारण से दोनों डूबने लगे। हालांकि किसी तरीके से बिट्टू बचने में सफल रहा, वहीं छोटू पानी में लापता हो गया।

इसके बाद बिट्टू ने घटना की सूचना छोटू के परिजनों और स्थानीय लोगों को दी। इसके बाद मालसलामी थाना की पुलिस को भी सूचित किया गया। थानाध्यक्ष का कहना था कि पानी में अधिक बहाव होने के कारण संभवतः वह बह कर दूर चला गया है। एसडीआरएफ की टीम के साथ ही निजी तौर पर गोताखोरों को भी लगाया गया, मगर सफलता नहीं मिली। अब शव को खोजने का काम रविवार को फिर शुरू कराया जाएगा। जो छात्र गंगा नदी में लापता हुआ है, वह नगला के आदर्श कॉलोनी का रहने वाला है और दीपक मिस्त्री का 10 साल का पुत्र छोटू कुमार है। हालांकि छोटू का शव नहीं मिलने के कारण परिवार सदमे में है। वह सभी सुबह से लेकर अंधेरा होने के पूर्व तक गंगा घाट के किनारे बच्चों का शव मिलने की आस में इंतजार करते देखे गए। दरअसल गंगा नदी का जलस्तर गहरा और तेज बहाव होने के कारण वहां स्नान करना खतरे से खाली नहीं होता है। मगर बच्चे, बालक और युवा इस खतरे को समझ नहीं पाते हैं और आए दिन वह हादसे का शिकार हो रहे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### मुंगेर के दियारा क्षेत्र में अपराध की घटनाएं बढ़ी

प्रात : किरण संवाददाता

हवेली खड़गपुर (मुंगेर)। मुंगेर का दियारा क्षेत्र वर्षों से अपराधियों का गढ़ रहा है जहां बंदूके दियारा क्षेत्र में गरजती है और लोगों की हत्या और जमीन पर कब्जा को लेकर यह वर्षों से चला आ रहा है ।अपराधियों का स्वराज है मुफस्सिल थाना अध्यक्ष चंदन कुमार ने बताया की कोतुलपुर दियारा के ढाब से एक युवक का शव मिला है मृतक की पत्नी विनिती देवी ने 7 लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज कराई है। थाना अध्यक्ष चंदन कुमार के अनुसार कोतुलपुर दियारा बहियार क्षेत्र में शुक्रवार की सुबह एक युवक का शव स्थानीय लोगों ने देखा जिसकी पहचान लखीसराय जिला अंतर्गत मेदनी चौकी थाना क्षेत्र के खंबा चंद्र टोला निवासी 36 वर्षीय भूषण महतो के रूप में हुई है सूचना मिलने पर मृतक के परिजन और पुलिस मौके पर पहुंची और शब को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल मुंगेर भेज दिया मृतक की पत्नी विनिती देवी ने हत्या का आरोप लगाते हुए सात नामजदों के विरुद्ध मुफस्सिल थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। मृतक की पत्नी विनती देवी ने अपने आवेदन में कहा कि मृतक अपने अन्य दोस्तों के लिए कोतुलपुर खाना लेकर आया था इस बीच शुक्रवार की सुबह उन लोगों को सूचना मिली कि भूषण का शब कोतुलपुर के ढाब में पड़ा है। पुलिस ने मृतक का सबको अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा है। इधर मृतक के संबंध किसी लव स्टोरी के तरफ इशारा करती है इसकी अनुसंधान में पुलिस जुट गई है।

### प्रत्येक सोमवार को अस्पताल में होगा मुफ्त इलाज

जमुई। झाझा हेलाजोत स्थित अपोलो अस्पताल में अब प्रत्येक शोमवार को सैकड़ो मरीजो का निशुल्क इलाज किया जाएगा। जानकारी देते हुए अस्पताल के डायरेक्टर सुभाष कुमार ने कहा की ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के पास पैसे का काफी अभाव है सही से लोग इलाज नहीं कर पाते हैं इन सब को देखते हुए मैंने लिया है कि अब प्रत्येक सोमवार को अस्पताल में मरीज का इलाज मुफ्त में किया जाएगा ताकि ग्रामीण क्षेत्र के मरीजों का इलाज किया जा सके, आगे उन्होंने कहा कि अस्पताल में जिन मरीजों का प्रसव होगा और उन्हें पुत्री होगी तो उनकी मां के खाते में सीधे तीन हजार रुपए दिए जाएंगे। अस्पताल की ओर से ले गए निर्णय से झाझा के बुद्धिजीवी, समाजसेवी सहित अन्य लोगों ने अस्पताल के प्रति आभार जताते हुए कहा कि गरीबों को ध्यान में रखते हुए यह फैसला अस्पताल प्रशासन को लेना सराहनीय कार्य है।

### मुंगेर के गंगा में छोड़ा गया मछली का जीरा

प्रातः किरण संवाददाता।

बरियारपुर (मुंगेर)। जिले के सदर प्रखंड बुढवा घाट पर मछली का जीरा गंगा में छोड़ा गया। मतस्य पालको के बीच मछलियों के अभाव को देखते हुए बिहार सरकार के पहल पर गंगा नदी में मछली के बच्चों को छोड़ने की कवायद प्रारंम्भ कर दी गयी है। इसी को विस्तार करने की योजना को अमली जामा पहनाने के उद्वेश्य से आज बुढवा महेशपुर गंगा नदी के तट पर चार हजार की संख्या में जीरा छोड़ा गया। इस अवसर पर उपस्थित मतस्य निदेशक शैलेन्द्र कुमार, जिला मतस्य पालन पदाधिकारी मनीष कुमार रस्तौगी, रोशन कुमार, मतस्य विकास पदाधिकारी पुजा कुमारी व मोना कुमारी के साथ ही मतस्य जीवि सहयोग समिति बरियारपुर के मंत्री दिनेश सहनी, अध्यक्ष उमेश सहनी, मुंगेर मतस्य जीवि सहयोग समिति मुगेर के मंत्री छोटेलाल सहनी, अध्यक्ष राजेन्द्र मंडल, जमालपुर मतस्य जीवि सहयोग समिति के मंत्री प्रताप नारायण चौधरी उपस्थित रहे।

# न्यायिक क्षेत्र के अधीन विभिन्न कोर्ट को ऑनलाइन व्यवस्था से जोडा गया

## ग्राम कचहरियों में लागू होगी ई-ग्राम कचहरी, सारी प्रक्रियाएं ऑनलाइन

- सिस्टम से न्यायिक प्रक्रियाओं में आएगी तेजी

प्रात : किरण संवाददाता

गिद्धौर। स्थानीय गिद्धौर प्रखंड के सभी 8 ग्राम पंचायतों में संचालित ग्राम कचहरियों में ई-ग्राम कचहरी लागू करने की तैयारी है। इस संबंध में पंचायती राज विभाग ने दिशा- निर्देश जारी किए हैं। ग्राम कचहरियों में ई-ग्राम कचहरी लागू हो जाने से घर बैठे लोग अपने मोबाइल या कंप्यूटर से मुकदमा का अपडेट प्राप्त कर सकेंगे। पंचायती राज विभाग के अधिकारियों के अनुसार जैसे न्यायिक क्षेत्र के अधीन विभिन्न कोर्ट को ऑनलाइन व्यवस्था से जोड़ दिया गया है। इसी तर्ज पर अब ग्राम कचहरी को भी ऑनलाइन सिस्टम के अधीन किया जा रहा है। ग्राम कचहरियों में दायर सभी दीवानी व फौजदारी मामलों में आधुनिकरण के लिए ई-ग्राम कचहरी लागू किया जा रहा है। यह एक तरह से ऑनलाइन पोर्टल सिस्टम होगा, जिसमें सारी प्रक्रिया ऑनलाइन पुरी की जाएगी। इसका अपडेट हमेशा पोर्टल पर देखना संभव हो जाएगा। इस सिस्टम से न्यायिक प्रक्रियाओं में भी तेजी आएगी और मामले का निष्पादन भी तय समय के अंतराल में करना होगा। इस नई व्यवस्था से आवेदकों को भी न्यायिक सुरक्षा प्रदान होगी। गौरतलब हो कि वर्तमान में प्रखंड के सभी आठ पंचायतों में कहीं पंचायत सरकार भवन तो कहीं सामुदायिक भवन, आदि जगहों पर ग्राम कचहरी संचालित की जा रही है।




सेवा गांव स्थित पंचायत सरकार भवन की तस्वीर

### ई-ग्राम कचहरी होने से घर बैठे लोगों को मिलेगी सुविधाएं

पटना हाई कोर्ट के अधिवक्ता प्रत्युष कुमार सिन्हा ने बताया कि इस नई ई-ग्राम कचहरी व्यवस्था से जिस प्रकार से कोर्ट में चल रहे मुकदमे का सुनवाई के बाद मामले से जुड़ी जानकारी को ऑनलाइन अपडेट कर दिया जाता है ।उसी प्रकार से ग्राम कचहरी में आए वादों का ई- ग्राम कचहरी पोर्टल पर अपलोड कर अपडेट कर दिया जाएगा ।जिसे परिवादी अपने स्मार्टफोन या कंप्यूटर के जरिए देख सकते हैं। इसमें केस दर्ज, केस की सुनवाई, अगली तारीख आदि सभी प्रक्रियाएं व अभिलेख ऑनलाइन पोर्टल पर भी प्रविष्टि किए जाने हैं। हालांकि अभी तक प्रखंड अधिकांश जगहों पर जहां ग्राम कचहरी संचालित हो रही है, वहां पर इंटरनेट आदि की सुविधा उपलब्ध नही है। जबकि ई- ग्राम कचहरी के सभी प्रक्रिया के लिए डिजिटल उपकरण के साथ इंटरनेट की सुविधा अतिआवश्यक है। इस पर सरकार को सबसे पहले ध्यान देने की जरूरत है। कुछ जगहों पर भारत नेट योजना के तहत इंटरनेट के लिए फाइबर का तार भी बिछाया गया है। लेकिन वर्तमान समय में सब बेकार पड़ा हुआ है।

### मामूली विवाद को लेकर छात्र को पीटा, अस्पताल में हुआ इलाज



जमुई। झाझा आपसी विवाद को लेकर 16 वर्षीय छात्र के साथ एक युवक ने मारपीट की घटना को अंजाम दिया है। घटना चनवारी मैदान के पास की है। मारपीट में घायल छात्र को उसके सहयोगियों की मदद से इलाज के लिए झाझा रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इमरजेंसी ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक डॉक्टर शादाब अहमद के द्वारा छात्र का इलाज किया गया। घायल छात्र की पहचान पुरानी बाजार निवासी कृष कुमार के रूप में की गई है। जानकारी देते हुए घायल कृष ने कहा की मुझे एक नंबर से कॉल आया और मुझे चंदवारी मैदान के पास बुलाया गया जब मैं उसे स्थल पर पहुंचा तो रेलवे क्वार्टर के रहने वाले सोयल ने मुझे पकड़कर बोला किया तुमने गाली गलौज क्यों किया तो मैंने कहा कि मैं किसी को गाली गलौज नहीं किया है तो उसने गाली गलौज करते हुए हाथ में पहने बल्ला से सिर पर प्रहार कर दिया जिससे घायल हो गया।

## चुनाव को लेकर ईसीआरकेयू ने निकाला जुलूस

जुलूस में हुए शामिल ईसीआरकेयू के पदाधिकारी व सदस्य



जमुई। झाझा शनिवार को ईसीआरकेयू झाझा शाखा के पदाधिकारियों, सदस्यों ने अलग अलग रेलवे विभागों के साथ रेलवे कॉलोनी में जुलूस निकालकर रेलकर्मियों के बीच प्रचार प्रसार किया। आगामी 4 - 6 दिसम्बर को रेलवे में मान्यता प्राप्ति को लेकर होने वाले रेलवे यूनियन के चुनाव को लेकर निकाला गया । यूनियन के पदाधिकारियों ने बताया कि ईसीआरकेयू ही एक ऐसा यूनियन है जिन्होंने रेलवे बोर्ड से लेकर केंद्र सरकार से रेलकर्मियों के लिए कई मुद्दों पर लड़ाई लड़ी है और उस लड़ाई का फायदा रेलकर्मियों को मिला है। यूनियन के पदाधिकारियों ने रेलकर्मियों के बीच जोश भरते हुए कहा कि कोई अन्य यूनियन रेलकर्मियों के लिए कभी भी नही सोचा और जब चुनाव आया तो वैसे यूनियन रेलकर्मियों के बीच पहुंचकर उनके लिए कई तरह के कार्य करने का वादा कर रहे हैं, लेकिन वैसे यूनियन सिर्फ रेलकर्मियों के बीच वादा ही करके रह जाएंगे। चुनाव को लेकर यूनियन के द्वारा निकाले गे जुलुस में ईसीआरकेयू झाझा शाखा के अध्यक्ष भारत भूषण, सचिव राजेश कुमार सिन्हा, सहायक सचिव नीलेश चौधरी, यूनियन नेता मनोज कुमार, राजीव रौशन, मंटू गुप्ता, उपेंद्र कुमार, राजकुमार, रंजीत कुमार, हरिहर यादव, सहित ईसीआरकेयू महिला कमेटी से महिला सदस्य बड़ी संख्या में लोगों रेलकर्मियों के बीच चुनाव में बढ़चढ़ कर मतदान करने के लिए जोश भरने का काम किया। यूनियन के पदाधिकारियों ने चुनावी प्रचार को लेकर कहा कि समय अब कम बचा है हर एक रेलकर्मियों के बीच यूनियन पहुंचकर उनसे संपर्क कर उनसे उनका कीमती मत ईसीआरकेयू के पक्ष में मतदान करने और अन्य रेलकर्मियों से करवाने के लिए अपील किया जा रहा है। जुलूस यूनियन कार्यालय से निकालकर कर पीडब्ल्यूआई सहित अन्य रेल विभागों के अलावे रेलवे कॉलोनी में घुमाया।

## गिद्धौर प्रखंड में सीओ नहीं, गिद्धौर पुलिस करती है जमीन का फैसला !

- रिश्वत लेकर झूठे मुकदमे ठोकने की मिल रही है धमकी
- पीड़ित ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार

प्रात : किरण संवाददाता

गिद्धौर जमुई में बेहतर पुलिसिंग का दावा करने वाले मौजूदा सरकार के राज में एक बार फिर गिद्धौर पुलिस का बदनाम चेहरा सामने आया है। आलम ये है कि सीओ के जांच प्रतिवेदन को भी गिद्धौर थाने की पुलिस गलत कहने से पीछे नहीं हट रही। इसका उद्भेदन करते हुए रतनपुर निवासी शंकर शाह ने पुलिस अधीक्षक जमुई के नाम एक लिखित आवेदन प्रेषित किए है। आवेदन के मुताबिक, शंकर शाह के नाम एक खतियानी जमीन उनके दादा छठु तेली के नाम से है ।जिसका खाता नं 116, खसरा नं 1042 एवं रसीद 1961 से 2025 तक कट रहा है जो कि सीओ का रिपोर्ट आया है। उक्त जमीन पर एसडीएम कोर्ट में धारा-144 का मुकदमा चला जिसका फैसला हो चुका है। जमीन पर गाँव के रामचन्द्र मोदी (पिता मिसरी मोदी) कोर्ट के फैसले को गलत कहकर कब्जा करना चाहता है। इसमें गिद्धौर थाना के एएसआई रंजीत पासवान उर्फ राजेश बाबु विपक्षी रामचन्द्र मोदी से घूस लेकर आवेदन डलवाकर मेरे उपर झूठा मुकदमा करवाता है । इसके साथ ही सीओ के जॉच रिपोर्ट को गलत कहते हुए दावा करते हैं कि जमीन का निर्णय थाना देता है। उक्त पुलिस कर्मी द्वारा ऐसा कहकर मुझे फोन पर धमकी दे रहा है कि जमीन पर जाना छोड़ दें, अन्यथा मुझपर झूठा मुकदमा कर जेल में सड़ा देंगें।

इधर, आवेदक ने अपने शिकायती पत्र में साक्ष्य के तौर पर सीओ का जांच प्रतिवेदन, एस डी एम का जांच रिपोर्ट, धारा 144 एवं जमीन रसीद की प्रति संलग्न किया है। इसके साथ ही उन्होंने पुलिस अधीक्षक से गंभीरतापूर्वक मामले की जांच करने की गुहार लगाते हुए गिद्धौर थाने में पदस्थापित ए०एस०आई० रंजीत पर उचित कार्यवाई करने की मांग की है।

यहां गौरतलब है कि, बीते ही दिन गिद्धौर थाने में थानेदार की कुर्सी पर युवक के बैठते हुए रील्स बनाने का वीडियो वायरल हुआ था, जिससे गिद्धौर पुलिस स्वयं अंजान थी। अब गिद्धौर थाने की पुलिस द्वारा सी ओ, एस डी एम व विभगीय रिपोर्ट को गलत ठहराने के मामले ने एक बार फिर से गिद्धौर पुलिस को सवालों के कठघरे में खड़ा कर दिया है।

## तीन पैक्स के पूर्व अध्यक्ष ने अपनी कुर्सी बचाने में रहे सफल चौथी बार जीत किया हासिल

- जिले में अब तक के पैक्स चुनाव में सबसे अधिक 502वोट से चौथी बार निर्वाचित हुए मो शाहिद
- सभी निर्वाचित अध्यक्ष तथा सदस्य को प्रखंड विकास पदाधिकारी ने दिया निर्वाचन प्रमाण पत्र
- चुनाव आब्जर्वर के रूप पर उपस्थित रहे जिला कल्याण पदाधिकारी लखीसराय राजीव रंजन

प्रात : किरण संवाददाता

सदर मुंगेर। शनिवार को सदर प्रखंड के तीन पंचायत के पैक्स अध्यक्षों की मतगणना कडी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। वहीं इसकी जानकारी देते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी सह निर्वाचन पदाधिकारी आरके राघव द्वारा बताया गया कि आज तीन पंचायत के पैक्स अध्यक्ष मतगणना हुआ जिसमें जानकी नगर पंचायत में सुधांशु सिंह को 447 मत प्राप्त हुआ तो उनके प्रतिद्वंदी को 152 मत प्राप्त हुआ जबकि 21 मत रद्द हुए इस प्रकार से 325 मत से विजय घोषित हुए। वही मिजार्पुर बरदह पंचायत में मोहम्मद शाहिद 641 मत प्राप्त हुए जबकि उनके निकटतम प्रतिबंध को 139 मत जबकि 25 वोट रद्द हुआ इस प्रकार से हुआ502 मत से विजय घोषित हुए। वही महुली पंचायत में सुधीर सिंह को 356 मत प्राप्त हुआ उनके प्रतिद्वंद्वी को 169 मत प्राप्त हुआ जबकि 38 मत रद्द हुए इस प्रकार से187 मत से सुधीर सिंह विजय घोषित किए गए तथा प्रबंधकारिणी अति पिछड़ा सदस्य पद पर राजेश कुमार ने 278 मत प्राप्त किया जबकि प्रतिद्वंदी को 231 मत प्राप्त हुए 47 मत से विजय घोषित हुए। वही प्रखंड विकास पदाधिकारी ने यह भी बताएं कि मय पंचायत के पैक्स अध्यक्ष पद पर रिंकू देवी को निर्विरोध निर्वाचित को घोषित किया गया। वही मतगणना में उपस्थित प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी जितेंद्र कुमार, प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी विद्यासागर, बीपीआरओ एकता कुमारी, पी ओपीओ नींबू लाल प्रसाद, एम ओ शिवम पुरी गोस्वामी, प्रधान लिपिक विभीषण शर्मा सहित अन्य प्रखंड के कर्मी उपस्थित रहे।

## अस्पताल में एंबुलेंस की कमी को लेकर नवयुवक संघ ने की बैठक



प्रात : किरण संवाददाता

जमुई ।झाझा झाझा रेफरल अस्पताल में एंबुलेंस की कमी को लेकर कई बार रेफर मरीजों को जमुई जाने के लिए काफी इंतजार करना पड़ता है जिसके कारण मरीजो को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शुक्रवार को भी झाझा सोनो मुख्य मार्ग के धपरी के समीप बाइक सवार दंपति ट्रक की चपेट में आने से घायल हो गए थे जिसे समाजसेवी गौरव सिंह राठौर की मदद से इलाज के लिए झाझा रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया चिकित्सक के द्वारा मरीज का इलाज किया गया व मरीज की हालत गंभीर को देखते हुए जमुई सदर अस्पताल रेफर कर दिया लेकिन अस्पताल में एंबुलेंस मौजूद नहीं था जिसके कारण मरीजों को अस्पताल में इंतजार करना पड़ा। फिर समाजसेवी श्री राठौर ने अस्पताल प्रबंधक से एंबुलेंस के बारे में जानकारी ली तो एंबुलेंस की कमी पाए जाने की बात सामने आया इसके बाद प्रबंधक ने प्राइवेट एंबुलेंस के माध्यम से मरीज को जमुई भेजा ।एंबुलेंस की कमी को लेकर झाझा बसस्टैंड स्थित नवयुवक संघ के कार्यालय के समीप शनिवार की शाम नवयुवक संघ के संयोजक सह समाजसेवी गौरव सिंह राठौर के अगुवाई में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान विनोद यादव उर्फ फुटल कपार व गौरव सिंह राठौर ने कहा की झाझा रेफरल अस्पताल में एम्बुलेंस की कमी है जिस पर स्वास्थ्य विभाग ध्यान नहीं दे रहा है जिससे मरीजों की परेशानी बढ़ रही है उन्होंने सिविल सर्जन से अपील करते हुए कहा कि जल्द से जल्द अस्पताल में एंबुलेंस की कमी को दूर किया जाए नहीं तो संघ आंदोलन करने को बाध्य होगी ।मौके पर अरविंद यादव, सुरेंद्र तुरी, पंकज साह, आदित्य चंद्रवंशी, शुभम कुमार, अमित कुमार, मनोज कुमार सहित संघ के कई लोग मौजूद थे।

## स्थाई रूप से अन्यत्र बसाने की पहल करेगी सरकार:ई कुमार शैलेन्द्र

जितेन्द्र कुमार सिन्हा



बिहपुर विधायक ई कुमार शैलेन्द्र के गैर-सरकारी संकल्प का जवाब देते हुए विधान सभा में राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ दिलीप जायसवाल ने आश्वासन दिया है कि 2004 के कोसी बाढ़ से विस्थापित 405 परिवार जो खरीक रेलवे स्टेशन के पास बसे हुए हैं, उन्हें स्थाई रूप से अन्यत्र बसाने की पहल सरकार करेगी। राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री ने यह भी कहा है कि जिन 405 परिवारों की यह समस्या है, इनमें 38 परिवारों को भू- बंदोबस्ती पर्चा उपलब्ध करा दिया गया है और 19 परिवारों के लिए प्रस्ताव प्रक्रियाधीन है। शेष बचे 348 परिवारों के लिए भी भूमि चिन्हित की जा रही है। उन्होंने कहा कि इनके लिए एक दूसरा प्रस्ताव भी है कि मुख्यमंत्री गृह स्थल योजना 2024 के तहत जहां भूमि उपलब्ध नहीं है वहां ऐसे परिवारों को एक लाख रुपए दी जाती है, जमीन खरीद के लिए। इसके लिए जिलाधिकारी से विधायक मिल लेंगे। इस संबंध में जिलाधिकारी को भी निदेश दिया जा रहा हैं। दविधायक कुमार शैलेन्द्र ने सरकार से, रेलवे एवं एन एच के बीच बसे गरीब परिवारों को वैकल्पिक व्यवस्था होने तक नहीं उजाड़ने का भी, आश्वासन चाह रहे थे। उनका कहना था कि बार- बार नोटिस दी जा रही है इन परिवारों को। इससे पूर्व विधानसभा सत्र के अंतिम दिन बिहपुर के भाजपा विधायक ई कुमार शैलेन्द्र ने गैर सरकारी संकल्प के माध्यम से इस मामले को उठाते हुए बताया कि 2004 की कोसी बाढ़ में खरीक प्रखंड के भवनपुरा पंचायत के इन परिवारों का घर विलीन हो गयाथा, जो खरीक रेलवे स्टेशन के पास रेलवे की जमीन पर अस्थाई रूप से गुजर - बसर कर रहे हैं।

## हेमजापुर थाना भवन के निर्माण कार्य बंद होने से पुलिस तथा ग्रामीणों में असंतोष

प्रात : किरण संवाददाता

सदर मुंगेर। हेमजापुर थाना के लिए बनने वाले भवन के निर्माण कार्य में देरी को लेकर आशा पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष राजकुमार राय ने चिंता व्यक्त किया है साथ ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को पत्र भेज कर इसके त्वरित निर्माण कार्य प्रारंभ करने की भी मांग किए हैं ।बताते चलें की हेमजापुर ओपी में मॉडल थाना भवन का निर्माण कार्य का शिलान्यास मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा 4 मई 2023 को हुआ था । उसके बाद थाना भवन का निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ और वह कछुए की गति से चला । वर्तमान में निर्माण कार्य पीछले छः सात महीने से बंद है। निर्माण स्थल पर थाना भवन निर्माण से संबंधित ना कोई सूचनात्मक बोर्ड लगा हुआ है और अपना न कोई निर्माण कार्य से जुड़े लोग ही यहां रहते हैं ।जिससे निर्माण संबंधी ठीक-ठाक जानकारी मिल सके। चर्चा है कि संवेदक काफी प्रभावशाली और पहुंच वाले हैं। जिसके चलते की थाना भवन निर्माण कार्य से में जुटे कर्मचारियों एवं पदाधिकारी सहित संवेदक के कोई भी कर्मचारी कुछ भी बताने से बच रहे हैं ।आज स्थिति यह है कि संवेदक द्वारा भवन निर्माण थाना भवन निर्माण के लिए लाई गई छड को कार्यस्थल से उठाकर एन एच 80 पर ले जाकर वापस ले जाने की तैयारी में जुटा है।

क्या कहते हैं हेमजापुर थाना अध्यक्ष थाना प्रभारी नीरज कुमार ने बताया कि हेमजापुर ओ पी को थाना का पूर्ण दर्जा मिले एक वर्ष हो चुका है ।थाना में पदस्थापित पुलिस बल को थाना भवन में कमरा नहीं रहने के कारण रहने में काफी दिक्कत होती है। वर्तमान में पदस्थापित सिपाही को मध्य विद्यालय हेमजापुर में रखा गया है। जिसके कारण छात्रों एवं उनके अभिभावकों में काफी रोष है ।और पुलिस को निकालने के लिए वर्तमान में लंबी अवधि से जनप्रतिनिधि एवं अभिभावकों से बार-बार मांग की जा रही है ।कारण विद्यालय में पुलिस बल के रहने से छात्रों में भय का माहौल बना रहता है महिला पुलिस पदाधिकारी की स्थापना भी थाना भवन में कमरा नहीं रहने के कारण ही शायद नहीं हो पा रहा है। ऐसे में थाना भवन का जल्द से जल्द निर्माण हो जाने की जरूरत है।

### 150 लोगों का बनाया गया आयुष्मान कार्ड

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई। झाझा आयुष्मान कार्ड को लेकर जमुई डीएम अभिलाषा शर्मा के द्वारा दिए गए दिशा निर्देश पर झाझा रेफरल व अलग-अलग क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग की टीम जाकर आयुष्मान कार्ड बनाने में लगे हुए हैं शनिवार को भी 150 लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया। स्वास्थ्य प्रबंधक सुभाष चंद्र ने जानकारी देते हुए कहा कि अस्पताल व छापा गांव में आयुष्मान कार्ड बनाने को लेकर कैंप लगाया गया था इसमें कुल 150 लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया है

### मां बेटी पर तलवार से हमला करने वाले अपराधी गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर। तारापुर थाना क्षेत्र के एक गांव में अकेली महिला जानकर नशे की हालत में घर में घुसकर छेड़खानी और मारपीट करने के आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पीड़ित महिला ने तारापुर थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई थी। प्राथमिकी के मुख आरोपित मोहम्मद मिस्टर कॉल नामजद आरोपित किया गया था। बताया जाता है कि मुख्य आरोपित मु. मिस्टर पर पूर्व से पांच मामले तारापुर थाना में दर्ज है। महिला ने मुकदमा दर्ज कराते हुए कहा है कि 28 नवंबर की दोपहर वह घर के पास खड़ी थी। तभी आरोपित नशे की हालत में घर पर आ गया और बिना कारण अब शब्द कहते हुए जबरन घर में घुस गया। विरोध करने पर मारपीट की। जान मारने की कोशिश की। बेटी बचाने आई तो उसने अपने साथ में लाए तलवार से दोनों पर हमला कर दिया। शोर सुनकर अगल-बगल के लोग डर तो वह घर से भाग गया। इस बीच रात में चोरी करने की नियत से घर में घुसा। थाना अध्यक्ष राजकुमार ने मोहम्मद मिस्टर मु.मिस्टर कमरगंज का रहने वाल है। कसाई मोहल्ला गाजीपुर में रहता है। थाना अध्यक्ष ने बताया कि मोहम्मद मिस्टर का आपराधिक वारदात में लगातार नाम सामने आ रहा है। अब तक पांच कैसे पूर्व से ही दर्ज है इस केस के बाद उसे पर छह मुकदमा दर्ज हो गया है। इसका आपराधिक इतिहास दूसरे जगहों से पता किया जा रहा है। पुलिस ने आरोपित के घटना में प्रयुक्त तलवार को बरामद कर जब्त कर लिया गया है। प्राथमिक की दर्ज होने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में मुंगेर जेल भेज दिया गया है।

## प्रामंडलीय आयुक्त ने विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा कर जरूरी दिशा निर्देश दिए

मुंगेर। आयुक्त मुंगेर प्रमंडल संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई है इस बैठक में मुंगेर प्रमंडल अंतर्गत सभी जिला के जिला पदाधिकारी एवं सभी एडीएम, आयुक्त के सचिव श्री अरविंद कुमार एवं विशेष कार्य पदाधिकारी देवव्रत मिश्र उपस्थित थे ! इस बैठक में कई बिंदु पर चर्चा की गई । मुख्यमंत्री बिहार के प्रस्तावित जिला भ्रमण कार्यक्रम की तैयारी की समीक्षा बिहार विजन डॉक्यूमेंट 2047 संबंधित अधिक से अधिक से व्यक्तियों से फीडबैक प्राप्त करने को कहा गया है थानों में अधिष्टापित सीसीटीवी कैमरा अधतन जानकारी ली गई एवं संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिया गए। सड़क सुरक्षा के संबंध में हेलमेट की नियमित जांच एवं प्रचार प्रसार का दिशा निर्देश दिया गया निर्वाचन से संबंधित दवा आपत्ति का निष्पादन से संबंधित रिकार्ड का तैयारी का संधारण करने को कहा गया शनिवारी बैठक भू - समाधान पोर्टल पर भूमि विबाद से संबंधित आवेदन की नियमित प्रविष्टि करने को कहा गया ।विकास एवं अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा करते हुए जरूरी दिशा निर्देश दिए हैं।

## परिमार्जन प्लस पोर्टल- जमाबंदी में साधारण त्रुटियों में सुधार के लिए अब रैयतों को नहीं लगाना होगा सीओं ऑफिस का चक्कर

### पोर्टल पर आवेदन कर रैयत घर बैठे करा सकेंगे जमाबंदी में सुधार

प्रात : किरण संवाददाता

गिद्धौर। आम लोगों व भू-धारीयों को सुविधा प्रदान करने एवं भूमि संबंधी मामलों के निष्पादन में तेजी तथा पारदर्शिता लाने के लिए विभाग ने ऑनलाइन पोर्टल को विकसित किया है। भूमि के दाखिल-खारिज सहित लगान वसूली भी ऑनलाइन मोड में होती है। इस प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने के लिए समय-समय पर सॉफ्टवेयर में परिवर्तन होता है। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने परिमार्जन प्लस नाम से एक नया पोर्टल शुरू किया है। जिसमें जमाबंदी में साधारण त्रुटियों मैं सुधार के लिए अब रैयतों को सीओं ऑफिस का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा।अब वे घर बैठे ऑनलाइन इसमें सुधार कर सकेंगे। जमाबंदी में सुधार के लिए आपको निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र, ऑनलाइन मोटेशन के लिए प्रस्तुत किए गए दस्तावेज, म्यूटेशन याचिका में पारित आदेश की कॉपी, सुधार पत्र की स्व-सत्यापित फोटो कॉपी, भू-राजस्व रसीद की स्व-सत्यापित फोटोकॉपी, कैडस्ट्रल सर्वेक्षण खतियान की स्व-सत्यापित फोटो कॉपी, निर्धारित प्रपत्र में स्वयं घोषणा, सुधार पत्र की प्रतिलिपि की जरूरत पड़ सकती है। इस परिमार्जन पोर्टल पर संशोधन के लिए किए गए आवेदन की जांच अंचल के राजस्व कर्मचारी द्वारा की जाएगी।

बिहार भूमि पोर्टल पर रैयत खुद लॉगिन कर दे सकेंगे आवेदन

रैयत बिहार भूमि पोर्टलपर रजिस्टर कर लॉगिन करेंगे। परिमार्जन मेनू पर क्लिक करेंगे। फिर डिजिटाइज्ड जमाबंदी पर क्लिक कर पुरानी जमाबंदी में सुधार के विकल्प को चुनेंगे। रैयत को अपने नाम, पिता का नाम, पता, खाता, खेसरा, चौहद्दी व लगान में सुधार का विकल्प मिलेगा। उन्हें सेलेक्ट करने पर वर्तमान विवरणी स्क्रीन पर नजर आएगी। पूर्ण रूप से भरे हुए विवरण को सीओं को भेजा जाएगा। इसकी जांच राजस्व कर्मचारी करेंगे। अगर आवेदन अधूरा पाया गया तो उसे सीओं रैयत को वापस लौटा देंगे। दोबारा सुधार के बाद जमा आवेदन को आवेदक को लौटाने का विकल्प सीओं के पास नहीं होगा।

रैयतों को बेहतर सुविधा उपलब्ध

राजस्व विभाग के अधिकारी ने बताया कि राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग का परिमार्जन प्लस पोर्टल रैयतों को बड़ी सुविधा उपलब्ध करा रहा है। इससे जमाबंदी संबंधित त्रुटियों में आसानी से सुधार होगी। पहले परिमार्जन में सिर्फ मूल जमाबंदी में दर्ज विवरणी के आधार पर ही डिजिटाइज्ड जमाबंदी में सुधार किया जाता था। नई व्यवस्था के तहत रैयत को अपने नाम, पिता के नाम, जाति के साथ पता में हुई त्रुटि डिजिटाइजेशन जमाबंदी में दर्ज खाता, खेसरा, रखवा एवं चौहद्दी की गलती या प्रविष्टि का ना होना एवं लगान संबंधित विवरण में सुधार करवाने का मौका दिया है।

रैयत कर सकेंगे आवेदन के स्टेटस की ऑनलाइन निगरानी

परिमार्जन प्लस का सबसे बड़ा फायदा यह है कि इसमें रैयत ऑनलाइन अपने आवेदन की निगरानी कर सकते हैं। पहले यह सुविधा नहीं थी। अब आवेदन करने के बाद रैयत यह जान सकेंगे कि उन्होंने परिमार्जन के लिए जो आवेदन दिया है। उसकी स्थिति क्या है। वर्तमान में उसका आवेदन किस स्तर पर लंबित है। साथ ही साथ अगर किसी स्तर पर आवेदन को अस्वीकृत भी किया जाता है तो संबंधित कर्मी या अधिकारी को आवेदन अस्वीकृत करने का कारण भी बताना पड़ेगा। रैयत खुद ऑनलाइन भी इसे देख सकेंगे कि आखिर उनके आवेदन को क्यों अस्वीकृत किया गया है?

## पैक्स चुनाव मतगणना में कई नये चेहरे के साथ पुराने चेहरे ही रहा काबिज



सोनो जमुई संवाददाता

**चंद्रदेव बरनवाल :** सोनो प्रखंड के सभी 19 पंचायतों में से कुल 09 पंचायतों में हुई पैक्स चुनाव मतगणना में कई पुराने चेहरे अपने पैक्स अध्यक्ष पद पर काबिज रहा। वहीं कई नये चेहरों ने अध्यक्ष पद हासिल करने पर सफलता हासिल की । पेरामटिहाना पंचायत से पिछले तीन टर्म से लगातार अध्यक्ष पद पर काबिज रहे विनोद कुमार रंजन चौथी बार अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी संदीप कुमार सिंह को कुल 198 मतों से पराजित कर चुनाव जीतने में सफलता हासिल की ।इसी तरह बेलंबा पंचायत से नये चेहरे संतोष कुमार मंडल ने पहली बार पैक्स अध्यक्ष पद के लिए चुनाव मैदान में उतरे , जिन्होंने पिछले तीन टर्म से पैक्स अध्यक्ष पद पर कब्जा जमाये गणेश मंडल को कुल 102 मतों से पराजित कर चुनाव जित गये । गंदर पंचायत से पिछले तीन बार से लगातार पैक्स अध्यक्ष पद पर कब्जा जमाये कुंदन प्रसाद यादव की कार्य को देखते हुए इस बार भी गंदर पंचायत की जनता ने उन्हें फुलों का माला पहनाकर गंदर पंचायत का ताज सोंपा । इसी प्रकार लोहा पंचायत से मिथलेश मंडल , सोनो पंचायत से मिठु यादव , चुरहेत पंचायत से राहुल कुमार , कैशोफरका पंचायत से कौशल कुमार सिंह , नैयाडीह पंचायत से त्रिलोकी यादव एवं ढोंढरी पंचायत से मंजु देवी पैक्स अध्यक्ष पद पर कब्जा जमाने में सफलता हासिल की ।

सम्पादकीय

# हमारी संसद : नौ दिन चले अढ़ाई कोस

भारतीय लोकतंत्र सबसे पुराना है। पुरानी हैं इसकी रिवायतें, लेकिन इसी लोकतंत्र की रक्षा केलिए बनी हमारी संसद आजकल चल नहीं पा रही। लोकसभा अध्यक्ष हों या राज्य सभा अध्यक्ष वे अपने-अपने सदनों को सुचारु रूप से चलाने में नाकाम साबित हुए है। सरकार और वविपक्ष के बीच का गतिरोध है की टूटने का नाम ही नहीं ले रहा। देश की राजधानी दिल्ली प्रदूषण की चपेट में है और देश की संसद हंगामे में डूबी है। संसद को हंगामे से उबारने की कोई गंभीर कोशिश नजर नहीं आ रही। संसद को देखकर लगता है कि- नौ दिन चले अढ़ाई कोस वाली कहावत शायद इसके लिए ही बनी है। आपको याद है कि संसद के शीतकालीन सत्र की शुरूआत 25 नवंबर को हुई थी। दोनों सदनों में 4 दिन में सदन की कार्यवाही सिर्फ 40 मिनट चली। हर दिन औसतन दोनों सदन (लोकसभा और राज्यसभा) में करीब 10-10 मिनट तक कामकाज हुआ। अब संसद 2 दिसंबर के बाद ही बैठेगी। लोकसभा और राज्यसभा में विपक्ष ने अडाणी और संभल मुद्दा उठाया। विपक्षी सांसद कार्यवाही के दौरान लगातार हंगामा करते रहे। स्पीकर ने कई बार उन्हें बिठाने की कोशिश की, मगर विपक्ष शांत नहीं हुआ। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा- सहमति-असहमति लोकतंत्र की ताकत है। मैं आशा करता हूं सभी सदस्य सदन को चलने देंगे। देश की जनता संसद के बारे में चिंता व्यक्त कर रही है। सदन सबका है, देश चाहता है संसद चले। लेकिन संसद नहीं चली और लोकसभा के साथ ही राज्यसभा की कार्यवाही सोमवार 2 दिसंबर तक स्थगित कर दी गई। बिरला साहब ने सदन चलाने कि लिए क्या कोशिश की ये किसी को नहीं पता, क्योंकि उन्होंने शायद कोई कोशिश की ही नहीं। की होती तो उसका कुछ न कुछ नतीजा जरूर निकलता। वे सदन चलने से ज्यादा सदन की कार्रवाई स्थगित करने में दक्ष दिखाई देते हैं। यही बात राज्य सभा में माननीय धनकड़ साहब पर लागू होती है। मुझे लगता है कि संसद हंगामें की वजह से नहीं बल्कि सत्तापक्ष की वजह से नहीं चल रहा। सत्तापक्ष संसद को चलाना ही नहीं चाहता, यदि सत्तापक्ष की मंशा संसद को चलाने की होती तो सत्तापक्ष दरियादिली दिखाता और विपक्ष जिन मुद्दों पर बहस की मांग कर रहा है, उन सभी मुद्दों पर बहस करता, लेकिन ऐसा हो नहीं रहा। विपक्ष के सामने सत्ता पक्ष का टेसू अड़कर खड़ा हुआ है। टेसू को कोई समझा-बुझा नहीं पा रह। सदन चलाने के लिए जिम्मेदार लोग कायदे-कानून से ज्यादा अपनी प्रतिष्ठा को लेकर अड़े हुए हैं, अन्यथा सदन का संचालन करने वाले चाहें तो सदन चल सकता है। दुर्भाग्य ये है कि संसद का संचालन पीठासीन अधिकारियों के विवेक से नहीं बल्कि सत्तापक्ष के निदेर्शों चालने की कोशिश की जा रही है, और यही समस्या की असल जड़ है। संसद जब तक सत्तापक्ष की कठपुतली बनी रहेगी, तब तक इसे चलाना नामुमकिन है। सत्ता पक्ष को अपनी हठधर्मी आज नहीं तो कल छोड़ना पड़ेगी। सवाल ये है कि विपक्ष द्वारा उठाये जाने वाले मुद्दों पर बातचीत करने से कौन सा पहाड़ टूटने वाला है ?लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुलगांधी ने बुधवार को संसद के बाहर कहा था कि अडाणी पर अमेरिका में 2 हजार करोड़ की रिश्वत देने का आरोप है। उन्हें जेल में होना चाहिए। मोदी सरकार उन्हें बचा रही है। तो राहुल के इस आरोप पर सरकार को सदन में जबाब देने में क्या परेशानी है। ? आखिर सरकार ने सदन से बाहर इस मामले में अपना पक्ष सार्वजनिक किया ही है न? मोदी सरकार ने शुक्रवार को इस मामले को लेकर सदन के बाहर सफाई देते हुए कि अमेरिका द्वारा अभी तक किसी तरह का अनुरोध नहीं किया गया है। सरकार के विदेश मंत्रालय ने कहा कि अडाणी ग्रुप की कंपनियों के खिलाफ अमेरिका की कार्रवाई में सरकार की किसी भी तरह की कोई भूमिका नहीं है। यही सब तो सरकार को संसद के भीतर कहना है, लेकिन सरकार ऐसा नहीं कह रही, क्योंकि इसकी मांग विपक्ष ने की है। दुर्भाग्य की बात ये है कि सदन के नेता प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी जी को जो सदन में कहना है वो सब वे

# समझदारी और त्याग में ही असली राजनीति

संजय गोस्वामी

महाराष्ट्र की राजनीति में फिर एक बार महायुति को प्रचंड बहुमत के बाद भी सीएम के पद को लेकर खींचतान हो रहा है इससे आपस में अंदर से कलह होना ठीक नहीं होता है आपस में मिलकर शांति से आने वाले भविष्य को ध्यान में रखकर जनादेश का सम्मान करना चाहिए यदि सीएम पद के लिए तकरार हो रहा है तो घबराहट में नहीं शांति से काम लेकर आपस में मिलकर सहमति बनाने की आवश्यकता है सभी ने अच्छा किया है काम पर वोट मिला है अतः देश के लिए विकास की जरुरत है यदि इसमें कोई त्याग कर काम करता है तो लोग उसे पद से ज्यादा सम्मान देते हैं कुर्सी आती है जाती है लेकिन बंधन नहीं टूटना चाहिए प्रभु भगवान श्री कृष्ण ने कहा है कर्म करो फल की चिंता ना करो ऐसा बने की लोग आपको पद से ज्यादा आपके काम पर प्यार व सम्मान करें स्व बालासाहेब ठाकरे जी ने कभी सत्ता नहीं हासिल की लेकिन वो सभी के दिलों में राज करते हैं ये तो सब चुनाव से पहले ही घोषणा करना चाहिए आपस में लड़ने से अपना ही नुकसान होगा और विपक्ष को बैठे बिठाये एक मुद्दा मिल जायेगा अतः आपसी प्रेम से ही इस हासिल किया जा सकता है और इसके लिए त्याग बहुत जरुरी है जहाँ तक बिहार के मुख्य मंत्री नीतीश कुमार का सवाल है नीतीश कुमार मझे हुए खिलाड़ी हैं इसलिए वहाँ एक अलग परिस्थिति है बिहार का समीकरण ऐसा है की वहाँ तीन पार्टी प्रमुख है बीजेपी, जेडीऊ (नीतीश कुमार की पार्टी) और लालूजी की पार्टी आरजेडी इसमें से कोई दो भी मिल जाता है तो सरकार बन जाती है अतः जैसे ही नीतीश कुमार जी को मुख्यमंत्री पद पर खतरा नजर आता है एक ही दिन में इस्तीफा भी देते हैं और उसी दिन सरकार भी बन जाती है अतः इसमें दोनों को ही अच्छा सीट मिल जाता है वो चुनाव में इसका जिक्र भी नहीं करते हैं की नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए चुनाव लड़ रही है अतः किसी भी परिस्थिति में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ही होंगे हालांकि केंद्र में उनके 12लोकसभा सीट भी है जो सरकार को बनाए रखने हेतु दोनों में तालमेल होना अच्छी है और बिहार में बिना जेडीयू के किसी भी पार्टी को सरकार बनाना मुश्किल है और विकास भी हो रहा है महाराष्ट्र में भी विकास हुआ और महायुति को प्रचंड बहुमत भी मिली है ये भी सच है महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदे जी और देवेंद्र फडणवीस जी व अजित पवार जी ने जितना काम किया वैसे ही वोट मिला है अतः शांति समझदारी और आगे की राजनीति को ध्यान में रखकर ही कोई सही फैसला लेना चाहिए असली राजनीति तो केंद्र में है वो सब संघ के कार्यकर्ता के रूप में पहले मोदीजी को जाना जाता था बाद में गुजरात के मुख्यमंत्री बने और बाद में प्रधानमंत्री जैसे पद पर लगातार 3 सरे बार बनाना जरूर ही उनके मेहनत और संघर्ष का परिणाम है अतः विपक्ष को बैठे बिठाये कोई मुद्दा ना मिल जाए एक होकर ही शांति और समझदारी से काम लेना चाहिए और उसे पूर्ण करने का भी दम होना चाहिए।

अगर लम्बी राजनीति करना होता है तो किसी को तो इसमें कोम्प्रोमाइज करना चाहिए और मिलकर काम को पूर्ण करें ही जनता के जनादेश को सम्मान मिलेगा अतः जोड़ तोड़ की राजनीति से दूर होकर भविष्य में अपने काम को जनता का आशीर्वाद समझ कर करना चाहिए लोगों के बहकावे में ना आकर दूर की राजनीति पर कुछ खोना भी पड़ता है लेकिन अच्छा रिजल्ट देना होता है। याद रखना चाहिए जब चमकौर के युद्ध में मात्र 40सिख जो गुरु गोविन्द सिंहजी के भक्त की तरह सेना के रूप में थे जैसे ही औरंगजेब की सेना, वाजिर खान के नेतृत्व में 10लाख मुगलों सैनिक ने घेर लिया था तब गुरुगोविन्द सिंहजी ने पाँच पांच की गुट में सेना भेजी और जैसे ही उनकी पुत्र अजित सिंह जी लड़ने के लिए आगे आते हैं वैसे ही गुरुजी का शिष्य ने बोला, महाराज ये तो आपका पुत्र है तभी गुरुजी ने उत्तर दिया क्या आप सब मेरे अपने नहीं हो अतः उन्हें भी आशीर्वाद देकर भेजा और शहीद हो गए लेकिन उनका वह बलिदान आज भी लोगो के लिए एक प्रेरणास्रोत रहता है अतः जब किसी को अपना मानते हैं तो विरोध का सवाल ही नहीं।

# भारतीय आर्थिक दर्शन एवं प्राचीन भारत में आर्थिक विकास

**अच्छे कर्म अर्थात हमारे किसी कार्य से किसी पशु, पक्षी, जीव, जंतु को कोई दुःख नहीं पहुंचे एवं सर्व समाज की भलाई के कार्य करते रहें। अर्थात, इस धरा पर निवास करने वाले प्रत्येक प्राणी का कल्याण हो, मंगल हो। ऐसी कामना भारतीय सनातन हिंदू संस्कृति में की जाती है। इसी प्रकार, धर्म के महत्व को स्वीकार करते हुए कौटिल्य के अर्थशास्त्र, नारद की नारद स्मृति और याग्वल्य की याग्वल्य स्मृति में कहा गया है कि ह्यअर्थशास्त्रास्तु बलवत धर्मशास्त्र नीतिस्थितिह्न। अर्थात, यदि अर्थशास्त्र के सिद्धांत एवं नैतिकता के सिद्धांत के बीच कभी विवाद उत्पन्न हो जाए तो दोनों में से किसे चुनना चाहिए। कौटिल्य, नारद एवं याग्वल्य कहते हैं कि अर्थशास्त्र के सिद्धांतों की तुलना में यानी केवल पैसा कमाने के सिद्धांतों की तुलना में हमको धर्मशास्त्र के सिद्धांत अर्थात नैतिकता, संयम, जिससे समाज का भला होता हो, उसको चुनना चाहिए। कुल मिलाकर अर्थतंत्र धर्म के आधार पर चलना चाहिए। गुनार मृडल जिनको नोबल पुरस्कार प्राप्त हुआ था एवं जिनकी एशियन ड्रामाह्न नामक पुस्तक बहुत मशहूर हुई थी। उन्होंने एक और छोटी किताब लिखी है जिसका नाम है ह्यअगेन्स्ट द स्ट्रीम। इस किताब में उन्होंने अर्थशास्त्र को एक नैतिक विज्ञान बताया है।**





प्रहलाद सबनानी
लेखक

भारत में वेदों, पुराणों एवं शास्त्रों में यह कहा गया है कि मानव जीवन हमें मोक्ष प्राप्त करने के लिए प्राप्त हुआ है। मोक्ष प्राप्ति के लिए अच्छे कर्मों का करना आवश्यक है। अच्छे कर्म अर्थात हमारे किसी कार्य से किसी पशु, पक्षी, जीव, जंतु को कोई दुःख नहीं पहुंचे एवं सर्व समाज की भलाई के कार्य करते रहें। अर्थात, इस धरा पर निवास करने वाले प्रत्येक प्राणी का कल्याण हो, मंगल हो। ऐसी कामना भारतीय सनातन हिंदू संस्कृति में की जाती है।

इसी प्रकार, धर्म के महत्व को स्वीकार करते हुए कौटिल्य के अर्थशास्त्र, नारद की नारद स्मृति और याग्वल्य की याग्वल्य स्मृति में कहा गया है कि ह्यअर्थशास्त्रास्तु बलवत धर्मशास्त्र नीतिस्थितिह्न। अर्थात, यदि अर्थशास्त्र के सिद्धांत एवं नैतिकता के सिद्धांत के बीच कभी विवाद उत्पन्न हो जाए तो दोनों में से किसे चुनना चाहिए। कौटिल्य, नारद एवं याग्वल्य कहते हैं कि अर्थशास्त्र के सिद्धांतों की तुलना में यानी केवल पैसा कमाने के सिद्धांतों की तुलना में हमको धर्मशास्त्र के सिद्धांत अर्थात नैतिकता, संयम, जिससे समाज का भला होता हो, उसको चुनना चाहिए। कुल मिलाकर अर्थतंत्र धर्म के आधार पर चलना चाहिए। गुनार मृडल जिनको नोबल पुरस्कार प्राप्त हुआ था एवं जिनकी ह्यएशियन ड्रामाह्न नामक पुस्तक बहुत मशहूर हुई थी। उन्होंने एक और छोटी किताब लिखी है जिसका नाम है ह्यअगेन्स्ट द स्ट्रीमह्न। इस किताब में उन्होंने अर्थशास्त्र को एक नैतिक विज्ञान बताया है। कुछ वर्ष पूर्व अखबारों में एक खबर छपी थी कि विश्व बैंक ने यह जानने के लिए एक अधय्यन प्रारम्भ किया है कि विकास में आध्यात्म की कितनी भूमिका है। इसी प्रकार दुनिया में यह जानने का प्रयास भी किया जा रहा है कि दरिद्रता मिटाने में धर्म की क्या भूमिका हो सकती है।

प्राचीन भारत के वेद-पुराणों में धन अर्जित करने को बुरा नहीं माना गया है। प्राचीन काल में वेदों का एक भाष्यकार हो गया है, जिसका नाम यासक था। यासक ने ह्यनिघंटूह्न नामक ग्रंथ में धन के 28 समानार्थ शब्द बताए हैं, और प्रत्येक शब्द का अलग अलग अर्थ है। दुनिया की किसी पुस्तक में अथवा किसी अर्थशास्त्र की किताब में धन के 28 समानार्थ शब्द नहीं मिलते हैं। भारत के शास्त्रों में धन के सम्बंध में उच्च विचार बताए गए हैं। भारत के शास्त्रों ने अर्थ के क्षेत्र को हेय दृष्टि से नहीं देखा है एवं यह भी कभी नहीं कहा है कि धन अर्जन नहीं करना चाहिए, पैसा नहीं कमाना चाहिए, उत्पादन नहीं बढ़ाना चाहिए। बल्कि दरिद्रता एवं गरीबी को पाप बताया गया है। हां, वेदों में यह जरूर कहा गया है कि जो भी धन कमाओ वह शुद्ध होना चाहिए। ह्यब्लैक मनीह्न नहीं होना चाहिए, भ्रष्टाचार करके धन नहीं कमाना चाहिए, स्मग्लिंग करके धन नहीं कमाना चाहिए, कानून का उल्लंघन करते हुए धन अर्जन नहीं करना चाहिए, ग्राहक को धोखा देकर धन नहीं कमाना चाहिए। मनु स्मृति में तो मनु महाराज ने कहा है कि सब प्रकार की शुद्धियों में सर्वाधिक महत्व की शुद्धि अर्थ की शुद्धि है। भारतीय शास्त्रों में खूब धन अर्जन करने के बाद इसके उपयोग के सम्बंध में व्याख्या की गई है। अर्जित किए धन को केवल अपने लिए उपभोग करना, उस धन से केवल ऐय्याशी करना, केवल अपने लिए काम में लेना, अपने परिवार के लिए मौज मस्ती करना, आदि को ठीक नहीं माना गया है। अर्जित किए गए धन को समाज के साथ मिल बांटकर, समाज के हितार्थ उपयोग करना चाहिए।

भारत के प्राचीन ग्रंथों में जीवन के उद्देश्य को पुरुषार्थ से जोड़ते हुआ यह कहा गया है कि धर्म, अर्थ, काम एवं मोक्ष, इन चारों बातों पर विचार करके मनुष्य को सुखी करने के सम्बंध में विचार किया जाना चाहिए। इसी विचार के चलते भारत के मनीषियों द्वारा अर्थ और काम को नकारा नहीं गया है। कई बार भारत के बारे में वैश्विक स्तर पर इस प्रकार की भ्रांतियां फैलाने का प्रयास किया जाता रहा है कि भारतीय सनातन हिंदू संस्कृति में तो अर्थ और काम को नकार दिया गया है। प्राचीन काल में भी ऐसा कतई नहीं हुआ है। अगर, ऐसा हुआ होता तो भारत सोने की चिड़िया कैसे बनता? हां, भारत के प्राचीन शास्त्रों में यह जरूर कहा गया है कि अर्थ और काम को बेलगाम नहीं छोड़ना चाहिए। अर्थ और काम को मयार्दा में ही रहना चाहिए। धन अर्जित करने पर किसी भी प्रकार का प्रतिबंध नहीं है परंतु यह धर्म का पालन करते हुए कमाना चाहिए। अर्थात, अर्थ को धर्म के साथ जोड़ दिया गया है। इसी प्रकार काम को भी धर्म के साथ जोड़ा गया है। उपभोग यदि धर्म सम्मत और मर्यादित होगा तो इस धरा का दोहन भी सीमा के अंदर ही रहेगा। अतः कुल मिलाकर अर्थशास्त्र में भी नैतिकता का पालन होना चाहिए। प्राचीन भारतीय अर्थशास्त्र एवं वर्तमान अर्थशास्त्र में यह भी एक बहुत बड़ा अंतर है। आजकल कहा जाता है कि नीति का अर्थशास्त्र से कोई लेना देना नहीं है। जबकि वस्तुतः ऐसी कोई भी अर्थव्यवस्था, अर्थतंत्र और विकास का कोई भी तंत्र जिसमें नैतिकता को स्वीकार न किया जाय वह चल नहीं सकती और वह समाज का भला नहीं कर सकती। अर्थ को प्रदान किए गए महत्व के चलते ही प्राचीनकाल में भारत में दूध की नदियां बहती थीं, भारत को सोने की चिड़िया कहा जाता था, भारत का आध्यात्मिक, धार्मिक, सामाजिक एवं आर्थिक दृष्टि से पूरे विश्व में बोलबाला था। भारत के ग्रामीण इलाकों में निवास कर रहे नागरिक बहुत सम्पन्न हुआ करते थे। कृषि उत्पादकता की दृष्टि से भी भारत का पूरे विश्व में डंका बजता था तथा खाद्य सामग्री एवं कपड़े आदि उत्पादों का निर्यात भारत से पूरे विश्व को होता था। भारत के नागरिकों में देश प्रेम की भावना कूट कूट कर भरी रहती थी तथा उस खंडकाल में भारत का वैभव काल चल रहा था, जिसके चलते ग्रामीण इलाकों में नागरिक आपस में भाई चारे के साथ रहते थे एवं आपस में सहयोग करते थे। केवल ह्यमैंह्न ही तरक्की करूं इस प्रकार की भावना का सर्वथा अभाव था एवं ह्यहमह्न सभी मिलकर आगे बढ़ें, इस भावना के साथ ग्रामीण इलाकों में नागरिक प्रसन्नता के साथ अपने अपने कार्य में व्यस्त एवं मस्त रहते थे। प्राचीन काल में भारत में भव्यता के स्थान पर दिव्यता को अधिक महत्व दिया जाता रहा है। भव्यता का प्रयोग सामान्यतः स्वयं के विकास के लिए किया जाता है। जबकि दिव्यता का उपयोग समाज के विकास में आपकी भूमिका को आंकने के पश्चात किया जाता है। भव्यता दिखावा है, भव्यता प्रदर्शन है, अतः केवल भव्यता के कारण किसी का जीवन ऊंचाईयों को नहीं छू सकता है, इसके लिए दिव्यता होनी चाहिए, अर्थात समाज की भलाई के लिए अधिक से अधिक कार्य करना होता है।

# एशिया में चीन के सैन्य प्रभुत्व से उत्पन्न चुनौतियां

**इसने क्षेत्रीय स्थिरता के लिए गंभीर चुनौतियाँ खड़ी कर दी हैं, जिससे भारत जैसे देशों को अपने हितों की रक्षा करने और शांति बनाए रखने के लिए रणनीतिक प्रतिक्रिया की आवश्यकता है। एशिया में चीन के सैन्य प्रभुत्व द्वारा उत्पन्न चुनौतियाँ क्षेत्रीय विवाद और विस्तारवाद हैं। एशिया में चीन के सैन्य प्रभुत्व से उत्पन्न चुनौतियाँ दक्षिण चीन सागर और भारत-चीन सीमा पर चीन के क्षेत्रीय दावे क्षेत्रीय स्थिरता को चुनौती देते हैं, जिससे अक्सर सैन्य टकराव होते रहते हैं। दक्षिण चीन सागर में चीन के नाइन-डैश लाइन के दावे के कारण कई दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के साथ विवाद पैदा हो गया है, जिससे नेविगेशन की स्वतंत्रता और क्षेत्रीय शांति कमजोर हो गई है। चीन की बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) ने प्रमुख क्षेत्रों में सैन्य संपत्तियों के निर्माण की अनुमति दी है, जिससे पड़ोसी देशों के पास उसकी सैन्य उपस्थिति बढ़ गई है। जिबूती में एक सैन्य अड्डे और श्रीलंका और पाकिस्तान में रणनीतिक बंदरगाहों के निर्माण से हिंद महासागर क्षेत्र में चीन का प्रभाव बढ़ता है, जिससे भारत की सुरक्षा चिंताएँ प्रभावित होती हैं।**





प्रियंका सौरभ
लेखक

एशिया में चीन के बढ़ते सैन्य प्रभुत्व ने क्षेत्रीय सुरक्षा परिदृश्य को काफी बदल दिया है, जिससे उसके पड़ोसियों में चिंता पैदा हो गई है। उन्नत सैन्य क्षमताओं, रणनीतिक बुनियादी ढांचा परियोजनाओं और मुखर क्षेत्रीय दावों के साथ, चीन ने पूरे हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अपना प्रभाव बढ़ाया है। इसने क्षेत्रीय स्थिरता के लिए गंभीर चुनौतियाँ खड़ी कर दी हैं, जिससे भारत जैसे देशों को अपने हितों की रक्षा करने और शांति बनाए रखने के लिए रणनीतिक प्रतिक्रिया की आवश्यकता है। एशिया में चीन के सैन्य प्रभुत्व द्वारा उत्पन्न चुनौतियाँ क्षेत्रीय विवाद और विस्तारवाद हैं। एशिया में चीन के सैन्य प्रभुत्व से उत्पन्न चुनौतियाँ दक्षिण चीन सागर और भारत-चीन सीमा पर चीन के क्षेत्रीय दावे क्षेत्रीय स्थिरता को चुनौती देते हैं, जिससे अक्सर सैन्य टकराव होते रहते हैं। दक्षिण चीन सागर में चीन के नाइन-डैश लाइन के दावे के कारण कई दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के साथ विवाद पैदा हो गया है, जिससे नेविगेशन की स्वतंत्रता और क्षेत्रीय शांति कमजोर हो गई है। चीन की बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) ने प्रमुख क्षेत्रों में सैन्य संपत्तियों के निर्माण की अनुमति दी है, जिससे पड़ोसी देशों के पास उसकी सैन्य उपस्थिति बढ़ गई है। जिबूती में एक सैन्य अड्डे और श्रीलंका और पाकिस्तान में रणनीतिक बंदरगाहों के निर्माण से हिंद महासागर क्षेत्र में चीन का प्रभाव बढ़ता है, जिससे भारत की सुरक्षा चिंताएँ प्रभावित होती हैं। चीन का नौसैनिक विस्तार और सैन्य आधुनिकीकरण इंडो-पैसिफिक में शक्ति संतुलन के लिए सीधी चुनौती है, जहाँ जापान, ऑस्ट्रेलिया और भारत जैसे देश चिंतित हैं। इंडो-पैसिफिक में चीन की बढ़ती नौसैनिक उपस्थिति और ताइवान स्ट्रेट और मलक्का स्ट्रेट के पास लगातार सैन्य अभ्यास ने क्षेत्रीय सुरक्षा के बारे में चिंता बढ़ा दी है। चीन की सैन्य ताकत अक्सर उसके आर्थिक प्रभाव के साथ-साथ चलती है, जिसका उपयोग वह क्षेत्रीय प्रभुत्व को सुरक्षित करने और छोटे देशों की रणनीतिक स्वायत्तता को सीमित करने के लिए करता है। श्रीलंका में चीन की ऋण-जाल कूटनीति, हिंद महासागर में इसकी सैन्य उपस्थिति के साथ मिलकर, इस बात पर प्रकाश डालती है कि कैसे आर्थिक निर्भरता सैन्य उत्तोलन में तब्दील हो सकती है। चीन का सैन्य निर्माण उसके पड़ोसियों के लिए एक निवारक के रूप में कार्य करता है, जिससे वे चीनी आक्रामकता का सामना करने में झिझकते हैं, जो क्षेत्रीय सुरक्षा को बाधित कर सकता है। भारत और चीन के बीच 2017 का डोकलाम गतिरोध क्षेत्रीय दावों पर जोर देने के लिए चीन द्वारा सैन्य मुद्रा का उपयोग करने का उदाहरण है, जिससे अपने क्षेत्रीय पड़ोसियों के साथ भारत के सम्बंधों पर असर पड़ा। चीन के सैन्य प्रभुत्व के प्रति भारत की प्रतिक्रिया राष्ट्रीय हितों की रक्षा करते हुए रणनीतिक गठबंधनों को मजबूत कर रही है। भारत ने विशेष रूप से भारत-प्रशांत क्षेत्र में चीन के बढ़ते प्रभाव का मुकाबला करने के लिए रणनीतिक गठबंधन बनाने पर ध्यान केंद्रित किया है। अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के साथ क्वाड (चतुर्भुज सुरक्षा वार्ता) में भारत की भागीदारी सैन्य सहयोग को मजबूत करती है और चीन के मुखर व्यवहार के लिए सामूहिक प्रतिक्रिया सुनिश्चित करती है। भारत को चीनी आक्रामकता को प्रभावी ढंग से रोकने के लिए अपनी रक्षा क्षमताओं को बढ़ाना चाहिए, खासकर साइबर युद्ध, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी और मिसाइल रक्षा जैसे क्षेत्रों में। रूस से भारत की एस-400 मिसाइल प्रणाली की खरीद और ब्रह्मोस मिसाइल विकास चीन की बढ़ती मिसाइल और वायु शक्ति के खिलाफ इसकी रक्षा को मजबूत करता है। आर्थिक आत्मनिर्भरता और रणनीतिक साझेदारी भारत को राष्ट्रीय सुरक्षा को बढ़ावा देने, चीन के आर्थिक उत्तोलन के प्रति अपनी भेद्यता को कम करने में मदद कर सकती है। आत्मनिर्भर भारत पहल भारत को महत्त्वपूर्ण रक्षा प्रौद्योगिकियों के लिए चीन पर निर्भरता कम करते हुए स्वदेशी रक्षा उत्पादन पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रोत्साहित करती है। हिंद महासागर में चीन की बढ़ती नौसैनिक उपस्थिति का मुकाबला करने के लिए अपनी समुद्री सीमाओं को सुरक्षित करने और नौसैनिक क्षमताओं को बढ़ाने पर भारत का ध्यान महत्त्वपूर्ण है। भारत ने चीन के प्रभाव का मुकाबला करने के लिए हिंद महासागर और दक्षिण चीन सागर में नेविगेशन की स्वतंत्रता पर ध्यान केंद्रित करते हुए जापान और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों के साथ नौसैनिक सहयोग को मजबूत किया है। भारत को दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के साथ सम्बंधों को मजबूत करने के लिए सॉफ्ट पावर का उपयोग करते हुए चीन की विस्तारवादी नीतियों के खिलाफ क्षेत्रीय सहमति बनाने के लिए राजनयिक प्रयासों में भी शामिल होना चाहिए। आसियान मंचों पर भारत की सक्रिय भूमिका और इसकी एक्ट ईस्ट नीति दक्षिण पूर्व एशिया के साथ घनिष्ठ सम्बंधों को बढ़ावा देती है, जिससे क्षेत्र में चीन के आर्थिक और सैन्य प्रभुत्व का मुकाबला होता है। चीन के सैन्य प्रभुत्व के प्रति भारत की प्रतिक्रिया क्षेत्रीय स्थिरता को बढ़ावा देते हुए बहुपक्षीय सहयोग को प्रोत्साहित कर रही है। भारत को क्षेत्रीय सुरक्षा चिंताओं को दूर करने और भारत-प्रशांत देशों के बीच बातचीत को प्रोत्साहित करने के लिए बहुपक्षीय ढांचे को बढ़ावा देना चाहिए। पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन और शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) में भारत की भागीदारी चीन के प्रभाव का मुकाबला करने सहित सुरक्षा मुद्दों पर सहयोग को बढ़ावा देती है। भारत बाहरी दबावों के खिलाफ अपनी संप्रभुता का दावा करने में छोटे देशों का समर्थन करके क्षेत्रीय स्वायत्तता और आत्मनिर्भरता को मजबूत कर सकता है। एमजीसी (मेकांग-गंगा सहयोग) जैसी परियोजनाओं के माध्यम से चीनी आर्थिक प्रभाव का विरोध करने में श्रीलंका और नेपाल को भारत का समर्थन स्वायत्तता को बढ़ावा देने का उदाहरण है।

# विश्व एड्स दिवस : एड्स पीड़ितों के प्रति बदले समाज की सोच

योगेश कुमार गोयल

न केवल भारत में बल्कि समस्त विश्व में लोगों के लिए ह्यएड्सह्न आज भी एक भयावह शब्द है। एड्स (एक्वायर्ड इम्यूनो डेफिशिएंसी सिन्ड्रोम) का अर्थ है शरीर में रोगों से लड़ने की क्षमता कम होने से अप्राकृतिक रोगों के अनेक लक्षण प्रकट होना। एच.आई.वी. संक्रमण के बाद एक ऐसी स्थिति बन जाती है कि इससे संक्रमित व्यक्ति की मामूली से मामूली बीमारियों का इलाज भी दूभर हो जाता है और रोगी मृत्यु की ओर खिंचा चला जाता है। आज भी यह खतरनाक बीमारी दुनियाभर के करोड़ों लोगों के शरीर में पल रही है। एड्स महामारी के कारण अफ्रीका के तो कई गांव के गांव नष्ट हो चुके हैं। ह्यरॉयटर्सह्न की एक रिपोर्ट के मुताबिक 1980 के दशक में एड्स महामारी शुरू होने के बाद से 77 मिलियन से भी अधिक लोगों में इसका वायरस फैल चुका है। वर्ष 2017 में विश्वभर में करीब 40 मिलियन लोग एचआईवी संक्रमित थे। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की रिपोर्ट के अनुसार वैश्विक स्तर पर 2023 के अंत तक 3.95 करोड़ लोग एचआईवी के साथ जी रहे थे। एड्स को लेकर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 1 दिसंबर को एक विशेष थीम के साथ ह्यविश्व एड्स दिवसह्न मनाया जाता है, जो इस वर्ष ह्यटेक द राइट पाथह्न (सही रास्ता अपनाएं) विषय के साथ मनाया जा रहा है। वैसे एड्स का इतिहास काफी दिलचस्प है। दरअसल 1981 में न्यूयार्क तथा कैलिफोर्निया में न्यूमोसिस्टिस न्यूमोनिया, कपोसी साकोर्मा तथा चमड़ी रोग जैसी असाधारण बीमारी का इलाज करा रहे पांच समलैंगिक युवकों में एड्स के लक्षण पहली बार मिले थे। चूंकि जिन मरीजों में एड्स के लक्षण देखे गए थे, वे सभी समलैंगिक थे, इसलिए उस समय इस बीमारी को समलैंगिकों की ही कोई गंभीर बीमारी मानकर इसे ह्यगे रिलेटेड इम्यून डेफिशिएंसीह्न (ग्रिड) नाम दिया गया था। इन मरीजों की शारीरिक प्रतिरोधक क्षमता असाधारण रूप से कम होती जा रही थी लेकिन कुछ समय पश्चात जब दक्षिण अफ्रीका की कुछ महिलाओं और बच्चों में भी इस बीमारी के लक्षण देखे जाने लगे, तब जाकर यह धारणा समाप्त हुई कि यह बीमारी समलैंगिकों की ही बीमारी है। तब गहन अध्ययन के बाद पता चला कि यह बीमारी एक सूक्ष्म विषाणु के जरिये होती है, जो रक्त एवं यौन संबंधों के जरिये एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति तक पहुंचती है। तत्पश्चात इस बीमारी को एड्स नाम दिया गया, जो एचआईवी नामक वायरस द्वारा फैलती है। यह वायरस मानव शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली पर हमला करके मानव रक्त में पाई जाने वाली श्वेत रक्त कणिकाओं को नष्ट करता है और धीरे-धीरे ऐसे व्यक्ति के शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता पूरी तरह नष्ट हो जाती है। यही स्थिति ह्यएड्सह्न कहलाती है। अगर एड्स के कारणों पर नजर डालें तो मानव शरीर में एचआईवी का वायरस फैलने का मुख्य कारण हालांकि असुरक्षित सेक्स तथा अधिक पार्टनरों के साथ शारीरिक संबंध बनाना ही है लेकिन कई बार कुछ अन्य कारण भी एचआईवी संक्रमण के लिए जिम्मेदार होते हैं। शारीरिक संबंधों द्वारा 70-80 फीसदी, संक्रमित इंजेक्शन या सुईयों द्वारा 5-10 फीसदी, संक्रमित रक्त उत्पादों के आदान-प्रदान की प्रक्रिया के जरिये 3-5 फीसदी तथा गर्भवती मां के जरिये बच्चे को 5-10 फीसदी तक एचआईवी संक्रमण की संभावना रहती है। डब्ल्यूएचओ तथा भारत सरकार के सतत प्रयासों के चलते हालांकि एचआईवी संक्रमण तथा एड्स के संबंध में जागरूकता बढ़ाने के अभियानों का कुछ असर दिखा है और संक्रमण दर घटी है। रिपोर्ट के मुताबिक भारत में 2010 से अभी तक एचआईवी संक्रमण की दर में 40 प्रतिशत से ज्यादा की कमी आई है। फिर भी भारत में एड्स के प्रसार के कारणों में आज भी सरकारी व गैर सरकारी स्तर पर स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता एवं जिम्मेदारी का अभाव, अशिक्षा, निर्धनता, अज्ञानता और बेरोजगारी प्रमुख कारण हैं। अधिकांशतः लोग एड्स के लक्षण उभरने पर भी बदनामी के डर से न केवल एच.आई.वी. परीक्षण कराने से कतराते हैं बल्कि एचआईवी संक्रमित किसी व्यक्ति की पहचान होने पर उससे होने वाला व्यवहार तो बहुत चिंतनीय एवं निंदनीय होता है।

## संक्षिप्त खबरें

### 03 दिसंबर को रोजगार शिविर एवं मार्गदर्शन का ई-कृषि भवन, छपरा सदर प्रखंड परिसर में होगा आयोजन

प्रातः किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय। सहायक निदेशक (नियोजन) अवर प्रादेशिक नियोजनालय, छपरा से प्राप्त जानकारी के अनुसार श्रम संसाधन विभाग, बिहार के तत्वाधान में अवर प्रादेशिक नियोजनालय, छपरा के द्वारा दिनांक 03 दिसंबर 2024 को एक दिवसीय रोजगार शिविर एवं मार्गदर्शन का आयोजन ई-कृषि भवन, छपरा सदर प्रखंड परिसर में किया जाएगा। इस रोजगार शिविर में सीटी कार्ट सारण, कुशग्राम खादी उद्योग गोपालगंज एवं श्रीराम फाइनेंस के भाग लेने की सूचना है। सीटी कार्ट सारण में सेल्स बॉय/गर्ल, कुशग्राम खादी उद्योग गोपालगंज में ब्लॉक सेल्स ऑफिसर एवं श्रीराम फाइनेंस में सेल्स एडवाइजर के पद पर पात्र लोगों का नियोजन किया जायेगा। रोजगार के इच्छुक अभ्यर्थी इस रोजगार शिविर में भाग लेकर रोजगार प्राप्त कर सकते हैं।

रोजगार शिविर में भाग लेने हेतु न्यूनतम शैक्षणिक योग्यत 12 वीं उत्तीर्ण होना आवश्यक है। वेतन 8500 से 15000 रुपये तक होगा।

### अवैध हथियार प्रदर्शन कर रहे युवक को हथियार के साथ किया गया गिरफ्तार

छपरा कार्यालय।हर्ष फायरिंग और अवैध हथियार के विरूद्ध सारण पुलिस द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में रिविलगंज थाना को अवैध हथियार प्रदर्शन कर रहे युवक का विडियो और फोटो प्राप्त हुआ। उक्त फोटो एवं विडियो के सत्यापन उपरांत पाया गया कि फोटो एवं विडियो में दिख रहा युवक अमन कुमार, पिता-हरेश सिंह, सा०-सेमरिया खुर्द, थाना-रिविलगंज, जिला-सारण है। इस संदर्भ में थाना पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए अमन कुमार के घर छापामारी किया गया। छापामारी के क्रम में 01 देशी कट्टा बरामद कर अमन कुमार को गिरफ्तार किया गया। पुछ-ताछ के क्रम में युवक द्वारा बताया गया कि उक्त फोटो एवं विडियो में मैं हूँ। अपने पट्टीदार को डराने के लिए मैं कट्टा ले कर घुम रहा था। इस संदर्भ में अमन कुमार के विरूद्ध रिविलगंज थाना कांड सं0-358/24 दिनांक-30.11.24 धारा-25 (1-बी) ए/26 आर्म्स एक्ट दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है गिरफ्तार आरोपियों में अमन कुमार, पिता-हरेश सिंह, सा०-सेमरिया खुर्द, थाना-रिविलगंज, जिला-सारण। पुलिस ने आरोपियों के पास से कट्टा-01 बरामद किया है। पु०अ०नि० सुभाष पासवान, थानाध्यक्ष रिविलगंज थाना, पु०अ०नि० राहुल कुमार श्रीवास्तव एवं थाना के अन्य कर्मी शामिल थे।

### सदर में प्रधानाध्यापक के पद पर चयनित होने पर सम्मान समारोह का आयोजन

डोरीगंज । सदर प्रखण्ड के कोटवापट्टी रामपुर पंचायत के उत्क्रमिक उच्च माध्यमिक विद्यालय चकियां के प्रांगण मे शिक्षक श्री रामविनोद राय और श्री पंकज कुमार यादव का बीपीएससी परीक्षा के माध्यम से प्रधानाचार्य के पद पर चयनित होने के उपलक्ष्य में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया । इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष अरविन्द कुमार राय एवं महासचिव सुरेन्द्र सिंह के द्वारा अंगवस्त्र एवं माला पहना कर सम्मानित किया गया । इस अवसर पर मुख्य रुप से शिक्षक संजय राय , अजय सरकार , श्यामा प्रसाद , सतीश कुमार सहित दर्जनों शिक्षकगण उपस्थित थे ।

### पांच मवेशियों के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

प्रातः किरण, संवाददाता

लहलादपुर । जनता बाजार थाना क्षेत्र के धमसर गांव टोले बनपुर लतीफ के रास्ते एक पिकअप भान (बीआर 29ऋ 3271) पर लदे पांच मवेशियों के साथ कुछ पशु तस्कर कहीं जा रहे थे कि ग्रामीणों की नजर उनपर पड़ गयी. ग्रामीणों ने पिकअप भान को घेर लिया. तबतक मौका निकाल कर कुछ तस्कर भागने में सफल हो गये, मगर एक ग्रामीणों के हत्थे चढ़ गया. ग्रामीणों ने 112 पर कॉल करके पुलिस को बुलाया तथा पकड़े गये तस्कर के साथ मवेशी लदे पिकअप भान को पुलिस के हवाले कर दिया. पिकअप पर लदे मवेशियों में एक भैंस, भैंस के दो बच्चे तथा गाय के दो बछड़े शामिल हैं. समाचार प्रेषण तक तस्कर का परिचय ज्ञात नहीं हो सका था. घटना शुक्रवार के देर रात की बतायी जाती है.

# एटीएम क्लोनिंग कर पैसों की ठगी करने वाले गिरोह का किया गया भंडाफोड़

## 04 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार एवं अन्य के विरूद्ध छापेमारी जारी

प्रातः किरण, संवाददाता




छपरा कार्यालय। नगर थानाध्यक्ष को थाना क्षेत्र परिभ्रमण के दौरान गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि नगर थानांतर्गत राजेन्द्र सरोवर के पास बैठकर कुछ व्यक्ति एटीएम से गलत तरीका से पैसा निकासी की योजना बना रहे हैं। उक्त सूचना पर त्वरीत कार्रवाई करते हुए राजेन्द्र सरोवर पहुँचकर छापामारी किया। छापामारी कर 04 व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया। पूछताछ एवं तलाशी के क्रम में पकड़ाऐ व्यक्ति के मोबाइल से एटीएम क्लोनिंग कर पैसे कि निकासी एवं एटीएम मशीन के साथ छेड़छाड़ करने का विडियो तथा फोटो प्राप्त हुआ है। इनके द्वारा एटीएम से गलत तरीके से पैसे निकासी की बात स्वीकारी गयी एवं बताया गया कि इन लोगों का एक गिरोह है जो एटीएम से विभिन्न तरीके से रुपए निकालने का प्रशिक्षण प्राप्त किये हैं और एटीएम के आसपास रहते हैं तथा भोले-भाले लोगों से एटीएम कार्ड बदलकर पैसे की निकासी कर लेते हैं और पैसा आपस में बाँट लेते हैं। इस संबंध में नगर थाना कांड संख्या-695/24 दिनांक 29.11.24 धारा 319(2)/318(4) 338/336(3)/340(2) बीएनएस दर्ज कर गिरफ्तार चारों व्यक्ति को न्यायिक हिरासत में भेजा गया। कांड में संलिप्तों के विरूद्ध अग्रतर कार्रवाई की जा रही हैं।

गिरफ्तार अभियुक्त में राजीव कुमार, पिता-कमल राम, साकिन-कचहरी स्टेशन, थाना-नगर, जिला-सारण। अभिषेक कुमार, पिता-अनिल कुमार, साकिन मौना चौक, थाना-नगर, जिला-सारण। 3. रवि कुमार, पिता-सुनेश्वर राय, साकिन-तेजपुरबा, थाना-मढ़ौरा, जिला-सारण।. अनुपम शुक्ला, पिता-स्व० जगदीश शुक्ला, साकिन-तेजपुरबा, थाना-मढ़ौरा, जिला-सारण के नाम शामिल हैं।

### गिरफ्तार अभियुक्त का अब तक का ज्ञात आपराधिक इतिहास

अभिषेक कुमार , नगर थाना कांड संख्या-78/20 दिनांक-05.02.20 धारा-406/420/379/414 आईपीसी । 2. भगवानबाजार थाना कांड संख्या-405/17 दिनांक 19.10.17 धारा 420/406/379/414 आईपीसी।

सरैया थाना कांड संख्या-484/22 दिनांक-06.07.22 धारा-272/273/34 आईपीसी एवं 30 (ए) वि०म०नि०अ० । 4.फुलवरिया थाना कांड संख्या-168/23 दिनांक-18.05.23 धारा-30 (ए) वि०म०नि०अ० । मढ़ौरा थाना कांड संख्या-405/22 दिनांक-21.06.22 धारा-407/468/471/420/120 (बी) आईपीसी । रवि कुमार, अनुपम शुक्ला,. मढ़ौरा थाना कांड संख्या-421/22 दिनांक-28.06.22 धारा-467/468/471/420/414 आईपीसी एवं 25(1-बी) ए/26/35 आर्म्स एक्ट । . मढ़ौरा थाना कांड संख्या-176/23 दिनांक 02.04.23 धारा-41/323/384/379/504/506/34 आईपीसी। 3. मढ़ौरा थाना कांड संख्या-405/22 दिनांक-21.06.22 धारा-407/468/471/420/120 (बी) आईपीसी।. रेल थाना कांड संख्या-19/24 दिनांक-15.02.24 धारा 414 आईपीसी। मढ़ौरा थाना कांड संख्या-476/19 दिनांक-17.07.19 धारा-399/402 आईपीसी एवं 25 (1-बी) ए/26/35 आर्म्स एक्ट । बरामद और जब्त की गई समानों में मोबाइल-02 है वहीं अपर पुलिस अधीक्षक श्री राजकिशोर सिंह अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर-1 पु०नि०-सह-थानाध्यक्ष संजीव कुमार, नगर थाना। पु०अ०नि० सुजीत कुमार-2, जिला आसूचना इकाई, सारण पु०अ०नि० साकेत बिहारी आदि थे।

# सक्रिय पुलिसिंग के तहत सारण पुलिस की बड़ी कार्रवाई

प्रातः किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय।पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में सारण पुलिस द्वारा ज़िले में अवैध शराब का सेवन, निर्माण, बिक्री, भण्डारण, परिवहन, शराब तस्करों एवं शराब कारोबारियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में मकेर थाना पुलिस टीम द्वारा प्लान ड्यूटी के दौरान रेवा घाट पुल पर सभी आने जाने वाली वाहनों को विधिवत तलाशी / चेकिंग किया जा रहा था।चेकिंग के दौरान 01 चार पहिया वाहन पुलिस टीम को देख कर भागने का प्रयास किया, जिसे उपस्थित पुलिस टीम द्वारा पकड़ लिया गया। पकड़ाये व्यक्ति से पूछ-ताछ एवं तलाशी के क्रम में उक्त चार पहिया वाहन को 199.80 ली० विदेशी शराब के साथ जप्त कर वाहन चालक मो० फिरोज, पिता मो० उस्मान, साकिन साईन, थाना- बेलसर, जिला-वैशाली को गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में मकेर थाना कांड सं0-275/24, दिनांक-29.11.2024 धारा-30 (ए) बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधि० दर्ज किया गया। इस कांड में संलिप्त शराब तस्करों / कारोबारियों की गिरफ्तारी हेतु अग्रतर कार्रवाई की जा रही है

गिरफ्तार आरोपियों में मो० फिरोज, पिता मो० उस्मान, साकिन साईन, थाना- बेलसर, जिला वैशाली के नाम शामिल हैं। जब्त और बरामद सामानों में विदेशी शराब-199.80 लीटर, 2. एक चार पहिया वाहन शामिल हैं।

### टीम में शामिल पुलिस पदाधिकारी

पुलिस की इस कामयाबी को सफल बनाने में छापामारी दल को बहुत बड़ा योगदान रहा ह। इस छापामाारी दल में पु०अ०नि० रविरंजन कुमार थानाध्यक्ष मकेर थाना, पु०अ०नि० नरेन्द्र कुमार एवं थाना के अन्य कर्मी शामिल थे।

# डीएम ने किया समाज कल्याण विभाग के सारण में संचालित बाल पर्यवेक्षण गृह का निरीक्षण

प्रातः किरण, संवाददाता



छपरा कार्यालय। जिलाधिकारी अमन समीर द्वारा शनिवार को समाज कल्याण विभाग, बिहार द्वारा सारण जिले में संचालित बाल पर्यवेक्षण गृह का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को बाल पर्यवेक्षण गृह में रह रहे बच्चों की पढ़ाई तथा स्किल के विकास हेतु उनकी रुचि के अनुसार विभिन्न प्रकार के स्किल का प्रशिक्षण देने का निदेश दिया गया तथा उक्त गृह में संचालित सीसीटीवी कैमरों का नियमित रूप से पर्यवेक्षण करने के साथ साथ अन्य आवश्यक निदेश दिए गए ताकि पर्यवेक्षण गृह के बच्चे उक्त गृहों से निकलकर समाज में अपनी अच्छी पहचान बना सकें तथा गृह के बच्चों को दी जाने वाली सुविधाओं की लगातार निगरानी की जा सके।

निरीक्षण के क्रम में खाद्य पदार्थों का रख रखाव सही ढंग से पाया गया। साथ ही उक्त गृह में रह रहे सभी संबंधित बच्चों को कानूनी सलाहकार की सुविधा प्रदान करने हेतु अधीक्षक के स्तर से पत्राचार करने का निदेश दिया गया। निरीक्षण के क्रम में बाल संरक्षण पदाधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# नेपाल चितवन सौराहा में 25 से 30 दिसंबर तक हाथी और पर्यटन महोत्सव का होगा आयोजन

प्रातः किरण, संवाददाता



बगहा। नेपाल चितवन स्थित सौराहा मे होटल संघ और यूनाइटेड हाथी संचालन सहकारी संस्था के सहयोग से 25 दिसंबर से लेकर 30 दिसंबर तक चितवन हाथी व पर्यटन महोत्सव का 6 दिवसीय आयोजन किया जा रहा है। पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए क्षेत्रीय होटल संघ के अध्यक्ष गंगा गिरी ने बताया की वाइल्ड लाइफ सफारी के लिए विश्व भर मे प्रसिद्ध चितवन नेशनल पार्क के तरफ पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए यह महोत्सव आयोजित की जा रही है। उन्होंने अनुमान लगाते हुए बताया कि इस आयोजन से चितवन मे 30 से 35 प्रतिशत तक देसी और विदेशी पर्यटको के आगमन मे वृद्धि होने का अनुमान है। उन्होंने जानकारी देते हुए आगे बताया कि 6 दिनों तक चलने वाले इस महोत्सव मे निजी तथा सरकारी करीब 80 हाथी शामिल होंगे। इस दौरान पर्यटकों के लिए हाथी श्रृंगार प्रतियोगिता, हाथी वन भोज, हाथी फुटबॉल प्रतियोगिता, हाथी म्यूजिकल अवॉर्ड, हाथी स्वास्थ्य प्रशिक्षण, नाव दौड़ प्रतियोगिता, थारू समुदाय के कला संस्कृति व झांकी के प्रदर्शन के साथ ही स्थानीय कृषि उत्पादन का प्रदर्शनी मुख्य आकर्षण का केन्द्र होगा। समझा जाता है कि महोत्सव के आयोजन मे करीब एक करोड़ 35 लाख रुपया खर्च होने का अनुमान है। बतातें चलें कि इस महोत्सव को सफल बनाने के लिए सरकार के साथ साथ वन मंत्रायल, नेशनल पार्क व वन जीव संरक्षण विभाग, नेपाल पर्यटन बोर्ड का सहयोग मिल रहा है।

# दृढ़ निश्चय और कड़ी मेहनत हो तो सफलता चूमती है कदम

## श्वेता राज ने बिहार ज्यूडिशियल सर्विस में पाया 13 वां स्थान

प्रातः किरण, संवाददाता



छपरा कार्यालय। दृढ़ निश्चय और कड़ी मेहनत के बल पर इंसान ने पहाड़ों को काटकर रास्ता बनाया है. मरूस्थल को हरियाली में बदला है. समुद्र को चीरकर रास्ता बनाया है. धरती की गहराईयों से खनिज निकाले हैं और अब तारों से परे पहुंच बना रहा है. ऐसा ही कुछ कर दिखाया है अनुमंडल के सवाइच निवासी समाज सेवी शैलेन्द्र राम की की सुपुत्री श्वेता राज लक्ष्मी ने.

उन्होंने 32 बिहार ज्यूडिशियल सर्विस में सफलता हासिल कर परिवार, समाज और जिला का नाम रोशन किया है. उन्हें अपने पहले प्रयास में ही यह सफलता मिली है. इसके साथ ही 13 वां स्थान हासिल कर उन्होंने ने यह भी साबित कर दिया है कि अपनी मेहनत की बदौलत वह उस मुकाम पर पहुंच गयी हैं जहां से सिर्फ उपलब्धि ही बाकी रहती है. उन्हें न्यायिक सेवाओं में शामिल होने की प्रेरणा अपने पिता श्री राम से मिली. श्वेता ने अपनी बुनियादी शिक्षा हाजीपुर के सेंट पॉल हाई स्कूल से प्राप्त की.

सिंबायोसिस लॉ कालेज पुणे से एलएलबी की पढ़ाई की. उन्होंने पटना में रहकर इस परीक्षण की तैयारी की. बीपीएससी द्वारा आयोजित न्यायिक सेवा परीक्षा में पताका फहरा कर श्वेता ने अपने पिता के साथ शिक्षक माता विजय राज लक्ष्मी के सपने को साकार कर दिया है.

श्वेता ने ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और चाचा निप्पु संजीव रेड्डी के प्रशिक्षण, प्रोत्साहन के साथ-साथ प्रार्थना को दिया है.

उन्होंने छात्रों को अपना संदेश देते हुए कहा कि हर व्यक्ति अपने क्षेत्र में सफल होना चाहता है. सफलता की प्राप्ति के लिए ही वे कड़ी मेहनत करते हैं और संघर्ष करते हैं. लेकिन सफलता उन्हीं को मिलती है जो सही दिशा मेहनत करते हैं. जो लोग सटीक ज्ञान प्राप्त करते हैं और उस पर प्रभावी ढंग से कार्य करते हैं. इसके विपरीत अर्ध-ज्ञान खतरनाक है. अधूरा ज्ञान या गलत जानकारी हमारी मेहनत, पैसा और समय बर्बाद कर सकती है.

किसी भी सफलता का कोई रहस्य नहीं होता. या फिर सफलता के लिए कोई जादुई छड़ी नहीं है और न ही सफलता का कोई शॉर्टकट होता है. मेरा मानना है कि सफलता योजना, कड़ी मेहनत और गलतियों से सीखने का परिणाम है. सर्वप्रथम हमें अपना लक्ष्य निर्धारि त करें कि हमें किस मुकाम को हासिल करना है और कितनी दूर जाना तक जाना है. अपना पसंदीदा करियर चुनें. एक बार जब हमारा लक्ष्य निर्धारित हो जाए तो अब हमें मंजिल तक पहुंचने के लिए एक योजना तैयार करनी होगी. बाद में लगातार मेहनत से सफलता हासिल की जा सकती है.

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में स्कोर की बैठक संपन्न

■ सभी निबंधन कार्यालयों में पर्याप्त जनसुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश

प्रातः किरण, संवाददाता



छपरा कार्यालय। जिलाधिकारी अमन समीर की अध्यक्षता में शनिवार को स्कोर की बैठक आहुत की गई।

इस बैठक में जिला के सभी निबंधन कार्यालय में उपलब्ध जनसुविधाओं की जानकारी ली गई। सभी कार्यालयों में पर्याप्त जनसुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया। स्वच्छ पेयजल, शौचालय एवं वेटिंग हॉल की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित रखने का निदेश सभी निबंधन पदाधिकारियों को दिया गया।

पब्लिक काउंटर, वर्क स्टेशन आदि पर्याप्त संख्या में रखने को कहा गया ताकि आमलोगों को सहूलियत हो सके। सभी कार्यालयों के अंदर ही स्कैनर की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया ताकि दस्तावेज सुरक्षित रहें तथा पब्लिक को भी तुरंत रिकॉर्ड मिल जाय। फिलहाल सदर निबंधन कार्यालय में यह सुविधा उपलब्ध है। अन्य कार्यालयों में भी इसे सुनिश्चित करने को कहा गया।

बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी सदर, जिला अवर निबंधक सहित अन्य अवर निबंधक उपस्थित थे।

## राज्य स्तरीय स्कूली अंडर 19 बालक हैंडबॉल में भाग लेने सारण टीम रवाना




प्रातः किरण, संवाददाता

मशरक। नालंदा के हरनौत लोयला स्कूल में 1 से 4 दिसंबर तक आयोजित अंतर जिला राज्य स्तरीय स्कूली हैंडबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने 14 सदस्यीय सारण टीम शनिवार को रवाना हुई ।जिला स्कूली हैंडबॉल प्रतियोगिता के आधार पर चयनित खिलाड़ियों का 5 दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण शिविर राजकीयकृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मशरक समाप्त होने के बाद टीम को जिला खेल पदाधिकारी मो शमीम अंसारी द्वारा खेल पोशाक दिया गया।

शनिवार को मशरक रेलवे जंकशन से सारण टीम को जिला स्कूली हैंडबॉल संयोजक संजय कुमार सिंह एवं राष्ट्रीय खिलाड़ी सह प्रशिक्षक रितेश कुमार सिंह ने रवाना किए। मौके पर उच्च विद्यालय मशरक के शिक्षक प्रभातचंद्र भूषण , महेश पोद्दार के अलावे पंकज कुमार सिंह , टीम कोच आकाश कुमार मौजूद रहे।टीम में राजकीयकृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मशरक एवं जनता उच्च विद्यालय गोढना के छात्र शामिल है। टीम कैप्टन विराट कुमार सिंह , टीम मैनेजर बीएसएम ग्लोबल स्कूल मशरक के राजा कुमार सिंह , टीम कोच राष्ट्रीय खिलाड़ी आकाश कुमार के साथ शिवम कुमार , प्रशांत कुमार सिंह , युवराज , अमन कुमार , सूरज कुमार , रौशन कुमार , किशन कुमार , मणि कुमार मांझी, साबिर अंसारी , शाहरुख खान, अभिषेक कुमार शामिल है।

# चुनावी संगठनात्मक कार्यशाला का आयोजन किया गया

प्रातः किरण, संवाददाता



बगहा। बगहा जिला भाजपा कार्यालय में सक्रिय सदस्य एवं संगठनात्मक चुनावी कार्यशाला का आयोजन हुआ, जिसमे भाजपा के जिला के पदाधिकारी, सभी मोर्चा के पदाधिकारी एवं सभी मंडल के अध्यक्षों ने हिस्सा लिया। इस सक्रिय कार्यशाला एवं संगठनात्मक चुनावी कार्यशाला के मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री राजेश वर्मा रहे, महामंत्री ने कहा कि सक्रिय सदस्यता के साथ साथ एक मजबूत संगठन का चुनाव भी बूथ स्तर तक होना अनिवार्य है। कार्यक्रम में उपस्थित स्थानीय विधायक राम सिंह ने कहा कि यह संगठन चुनाव के मद्देनजर हर एक पहलू पर विचार करते हुए होगा।

बगहा के भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेन्द्रनाथ तिवारी ने कहा कि सदस्यता के साथ साथ बूथ स्तर तक के संगठन मजबूत हो यह हमारी प्राथमिकता है।

कार्यक्रम में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्री मधुकर राय , प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह चुनाव प्रभारी श्री सूरज प्रताप सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं चुनाव सह प्रभारी सतीश वर्मा, जिला उपाध्यक्ष हृदयानंद दुबे, ऋतु जायसवाल, आज्या राय, जिला महामंत्री अचिंत कुमार लाला, जिला महामंत्री पंकज झुनझुनवाला, जिला महामंत्री सुजीत चौरसिया नगर मंडल अध्यक्ष विजय कुमार साहू जिला चौतरवा मंडल अध्यक्ष आशुतोष मालवीय परसौनी मंडल अध्यक्ष बृजेश प्रसाद चिटाहा मंडल अध्यक्ष देवेंद्र गुप्ता रामनगर नगर अभिषेक राय बगहा2मंडल अध्यक्ष बलराम मिश्रा बाल्मीकि नगर मंडल अध्यक्ष पारस महतो एवं सभी मंडल अध्यक्ष उपस्थित रहे।

# पूर्ण पारदर्शी तरीके से कराएं धान अधिप्राप्ति : जिलाधिकारी

■ किसी भी स्तर पर गड़बड़ी पर होगी सख्त कार्रवाई

प्रातः किरण, संवाददाता



बेतिया(घनश्याम)। जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय ने कहा कि धान अधिप्राप्ति का कार्य विभागीय दिशा-निदेशों का अक्षरशः अनुपालन करते हुए पूर्ण पारदर्शी तरीके से कराना सुनिश्चित करें। लक्ष्य के अनुरूप जिले में धान की शत-प्रतिशत अधिप्राप्ति सुनिश्चित करने के लिए सभी पैक्सों को क्रियाशील करें। किसानां को पैक्सों से सम्बद्ध करें। जिलाधिकारी समाहरणालय सभाकक्ष में धान अधिप्राप्ति कार्य की समीक्षा के दौरान जिला सहाकारिता पदाधिकारी सहित अन्य अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे।उन्होंने निर्देश दिया कि धान अधिप्राप्ति कार्य का व्यापक प्रचार-प्रसार कराना सुनिश्चित करें। धान विक्रय करने हेतु किसानों को ऑनलाइन निबंधन कराना आवश्यक है, इसे भी प्रचारित करें तथा संबंधित किसानों से धान की अधिप्राप्ति कराएं। समीक्षा के क्रम में बताया गया कि 2300 रूपया प्रति क्विंटल के अनुसार धान अधिप्राप्ति कर भुगतान सीधे संबंधित किसानों को करना है। एक कृषक 250 क्विंटल धान तथा बटाईदार 100 क्विंटल धान विक्रय कर सकते हैं।

जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि उक्त आशय का किसानों के बीच प्रचार-प्रसार कराना सुनिश्चित करें। किसानों को किसी धान अधिप्राप्ति में किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाय।

उन्होंने निर्देश दिया कि धान अधिप्राप्ति कार्य में किसी भी स्तर पर गड़बड़ी करने वालों को कतई बख्शा नहीं जायेगा, सख्त कार्रवाई की जायेगी।

इस अवसर पर उप विकास आयुक्त सुमित कुमार अपर समाहर्ता राजीव कुमार सिंह अपर समहर्ता, विभागीय जांच कुमार रविन्द्र, अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन रामानुज प्रसाद सिंह, जिला पंचायती राज पदाधिकारी बेबी कुमारी, अनुमंडल पदाधिकारी बेतिया सदर विनोद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी, नरकटियागंज सूर्य प्रकाश गुप्ता सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# जेपीविवि रिसर्च एवं डेवलपमेंट सेल द्वारा सेमिनार आयोजित

छपरा कार्यालय। जयप्रकाश विश्वविद्यालय रिसर्च एवं डेवलपमेन्ट सेल के तत्वावधान में स्थानीय रामजयपाल कॉलेज में दो दिवसीय सेमिनार का आयोजन सम्पन्न हुआ। महाविद्यालय के रसायन शास्त्र विभाग में आयोजित इस सेमिनार में बीएचयू सहित अन्य ख्यातिप्राप्त विश्वविद्यालय के विषय विशेषज्ञों ने अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। इसके पूर्व इस सेमिनार का उद्घाटन गत दिनों जेपीविवि के कुलपति प्रो (डॉ) प्रमेन्द्र वाजपेयी द्वारा किया गया।

सेमिनार के दूसरे दिन बनारस हिंदु विश्विद्यालय के रसायन विभाग के प्राध्यापक डॉ बिनोद कुमार तिवारी ने अपने व्याख्यान में ऑर्गेनिक केमेस्ट्री के विभिन्न पहलुओं की जानकारी पावर प्रेजेंटेशन के माध्यम से दीं। इसके उपरांत फोटो प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। सेमिनार में जेपीविवि के परीक्षा नियंत्रक प्रो अशोक कुमार मिश्र ने शिरकत कीं। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ इरफान अली ने सेमिनार में आगत अतिथियों एवं शोधार्थियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन शोध कार्य को बढ़ावा देने हेतु कई महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है।

## 14 दिसंबर को होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने संबंधित पदाधिकारियों के साथ किया बैठक



प्रात किरण संवाददाता

भोजपुर । आरा व्यवहार न्यायालय में आगामी दिनांक 14 दिसंबर, 2024 को होने वाले राष्ट्रीय लोक के सफलतापूर्वक आयोजन हेतु कार्यपालक विभाग, इंश्योरेंस विभाग एवं सभी बैंक के पदाधिकारीगण के साथ एक बैठक का आयोजन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, भारत भूषण भसीन के प्रकोष्ठ एवं अध्यक्षता में किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गौतम कुमार ने बताया कि सभी विभागों से बैठक के आयोजन का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक वादों के निष्पादन हेतु किया गया था। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक सुलहनीय वाद का निष्पादन हो सके इसका लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए सभी न्यायालय से नोटिस संबंधित थाना को निर्गत किया जा चुका है। सचिव गौतम कुमार ने आगे बताया कि जिन सुलहनीय वादों में पक्षकारगण को नोटिस या सूचना प्राप्त नहीं हो और वह सुलह करना चाहते हैं वैसे स्थिति में पक्षकारगण कार्यालय से सीधे संपर्क स्थापित कर सकते हैं। बैठक में कार्यपालक विभाग से खनन विभाग, मापतौल, विद्युत, दूरसंचार, इंश्योरेंस के पदाधिकारीगण एवं उनके अधिवक्तागण, बैंक के पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

# प्राइवेट स्कूलों का पहला जिला सम्मेलन आयोजित

## शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक कदमःएसोसिएशन

प्रात किरण संवाददाता

आरा । आरा के नागरिक प्रचारिणी सभागार में प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन ने अपने पहले जिला सम्मेलन का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस भव्य और ऐतिहासिक सम्मेलन में भोजपुर जिले के सभी प्राइवेट स्कूलों ने एक मंच पर एकजुटता का परिचय दिया। इस मौके पर मौजूद मुख्य अतिथियों में सैयद शमायल अहमद ढरअउहअ के राष्ट्रीय अध्यक्ष, श्री विकास वैभव, पटना, अमरेंद्र प्रताप सिंह, विधायक, आरा, श्रीमती इंदु देवी, वर्तमान मेयर, आरा, बड़हरा पूर्व विधायिका श्रीमती आशा देवी, श्री सुनील कुमार, पूर्व मेयर, आरा, श्री अ हसन, जिला शिक्षा पदाधिकारी, प्रोफ डॉ रणविजय सिंह और सभी जिलों के अध्यक्ष मौजूद रहे । यह आयोजन पूरे एक महीने की कठिन मेहनत का परिणाम था, जिसमें एसोसिएशन से जुड़े सदस्यों ने इस कार्यक्रम को सफलता की नई ऊंचाई पर पहुंचाया।

इस ऐतिहासिक अवसर पर एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद शमायल अहमद सर ने प्राइवेट स्कूलों की ऐसी भव्य भीड़ देखकर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने मौजूदा शिक्षा मंत्री श्री सुनील कुमार जी की प्रशंसा करते हुए उनकी दूरदर्शिता और सहयोग का धन्यवाद किया। शमायल सर ने बताया कि उनकी आठ सूत्रीय मांगों को शिक्षा मंत्री द्वारा स्वीकार करना प्राइवेट स्कूलों के लिए एक बड़ी उपलब्धि है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने भोजपुर की अध्यक्षा डॉ. स्मिता सिंह की भी सराहना की और कहा, डॉ. स्मिता सिंह ने जिस तरह से सभी प्राइवेट स्कूलों को एक साथ मंच पर लाने का प्रयास किया है, वह वाकई बेमिसाल है। यह आयोजन उनकी नेतृत्व क्षमता और समर्पण का प्रमाण है।




सम्मेलन में प्रोफेसर डॉ. रणविजय सिंह ने प्राइवेट स्कूलिंग के बढ़ते महत्व को रेखांकित करते हुए कहा, हर सफल व्यक्ति के पीछे प्राइवेट स्कूलों का योगदान होता है। यह समय है कि प्राइवेट स्कूलों को भी वह मान-सम्मान मिले, जो सरकारी स्कूलों को सरकार की ओर से दिया जाता है। उन्होंने प्राइवेट स्कूलिंग के कॉन्सेप्ट का स्वागत किया और इसे देश के भविष्य के लिए जरूरी बताया।

मुख्य अतिथि विकास वैभव सर ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा, अगर बिहार के युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और कौशल विकास का अवसर दिया जाए, तो राज्य को बदलने का काम यही प्राइवेट स्कूल कर सकते हैं। उन्होंने बिहार के ऐतिहासिक शिक्षा तंत्र का जिक्र करते हुए राज्य के गौरवशाली अतीत को वर्तमान से जोड़ने की अपील की।

सम्मेलन में भोजपुर जिले के सभी प्राइवेट स्कूलों के निदेशक और प्राचार्यों को सम्मानित किया गया। इस आयोजन ने न केवल प्राइवेट स्कूलों की ताकत और एकजुटता को प्रदर्शित किया, बल्कि यह भी दिखाया कि शिक्षा के क्षेत्र में नए अध्याय लिखने के लिए एक मंच पर आना कितना महत्वपूर्ण है।

यह सम्मेलन भोजपुर के शिक्षा जगत के लिए मील का पत्थर साबित हुआ और यह संदेश दिया कि जब सभी प्राइवेट स्कूल मिलकर काम करेंगे, तो बिहार के विकास का रास्ता और मजबूत होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### पुलिस द्वारा दो शराबियों को भेजा गया जेल

प्रात किरण संवाददाता

काराकाट(रोहतास) । कछवां पुलिस ने थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम ओसांव से काराकाट थाना के गोरख परासी निवासी मृत्युंजय कुमार एवं रवि किशन उर्फ गर्जन ग्राम पैगा थाना नासरीगंज को शराब सेवन के आरोप में पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया । थानाध्यक्ष मितेश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार दोनों शराबी के विरुद्ध अग्रेतर कार्रवाई करते हुए जांच के उपरांत न्यायिक हिरासत में भेजा गया है ।

### झारखंड में कांग्रेस गठबंधन के दुबारा जीत पर बधाई

प्रात किरण संवाददाता

काराकाट (रोहतास) । झारखंड में कांग्रेस गठबंधन के दुबारा जीत पर बधाई दी । कांग्रेस पार्टी प्रखंड अध्यक्ष गोपाल तिवारी ने बधाई देते हुए कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे , कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी तथा झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बधाई दिया । बधाई देने वालों में कांग्रेस पार्टी के जिला महा सचिव चितरंजन मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष मो. सराजुदिन, मिथलेश सिंह, सगीर अली, लाला यादव, असफाक आलम, खोवा बाबा, मनोज यादव, नागेंद्र तिवारी सहित के गठबंधन के कार्यकताओं ने बधाई दिया ।

### राज्यसभा सांसद डॉक्टर भीम सिंह का जन्मदिन मनाया गया

प्रात किरण संवाददाता

सासाराम(रोहतास) । रोहतास जिला चंद्रवंशी चेतना मंच के जिला अध्यक्ष बबलू सिंह चंद्रवंशी के नेतृत्व में चंद्रवंशी चेतना मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष और भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष सांसद डॉक्टर भीम सिंह के जन्मदिन पर केक काटकर और मिठाई बाटकर मनाया गया। इस मौके पर चंद्रवंशी चेतना मंच के प्रदेश उपाध्यक्ष सुधीर प्रताप चंद्रवंशी जिला महामंत्री डॉक्टर मोनू सिंह चंद्रवंशी,अशोक सिंह, रंजीत कुमार ,मेघनाथ चंद्रवंशी एवं अन्य लोग उपस्थित हुए। सभी वक्ताओं ने सांसद डॉ भीम सिंह के स्वास्थ्य और दीघार्यु होने की कामना की।

### कृषि कार्य हेतु सुविधा एप्प के माध्यम से कृषक कर सकते हैं आवेदन : ईईई

प्रात किरण संवाददाता

सासाराम(रोहतास) । विद्युत आपूर्ति प्रमंडल सासाराम अंतर्गत सभी कृषकों को कृषि कार्य यथा पटवन हेतु विद्युत सम्बन्ध लेना आसान हो गया है उन्हें कार्यालय आने की आवश्यकता नहीं है तथा घर बैठे सुविधा एप्प के माध्यम से आवेदन समर्पित कर सकते हैं। कृषि कनेक्शन पर राज्य सरकार द्वारा मिलने वाले अनुदान के कारण किसानों को पटवन कार्य के लिए बिजली केवल 55 पैसे प्रति यूनिट पर उपलब्ध कराई जा रही है। मुख्यमंत्री कृषि विद्युत संबंध योजना का लाभ उठाने के लिए किसान सुविधा ऐप के माध्यम से अप्लाई कर सकते हैं।

विद्युत कार्यपालक अभियंता, सासाराम ब्राविम के द्वारा सभी कृषकों से आग्रह किया गया है की कृषि कार्य हेतु नया विद्युत कनेक्शन लेने के पश्चात ही विद्युत ऊर्जा का उपभोग करें एवं अनावश्यक होने वाली परेशानियों से बचें अन्यथा जाँच के दौरान अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा चोरी करते पाए जाने पर आर्थिक जुमार्ना के साथ प्राथमिकी दर्ज कराई जा सकती है।

# राष्ट्रीय महिला परिषद माचा स्वामी महिला सेवा समिति द्वारा श्री सीताराम विवाह महोत्सव का किया गया आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता

आरा । राष्ट्रीय महिला परिषद माचा स्वामी महिला सेवा समिति द्वारा श्री सीताराम विवाह महोत्सव, महावीर स्थान, रामना मैदान आरा में चल रही, इस आयोजन की दूसरे दिवस के प्रातः बेला में पूर्व आवाहित देवी देवताओं की पूजन वैदिक रीति रिवाज से आचार्य श्री ज्योति पाठक ने कराई,मांगलिक स्त्रोत पाठ के बाद श्री रामचरित्र मानस पाठ कर्ता श्री शशि भूषण जी महाराज ने पाठ के माध्यम से नारद जी के चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यदि उनके अंदर अहंकार न होता तो माया के कुचकर ने पड़ते माया तो ईश्वर की प्रियतमा है जो समयानुसार जीव को माया में पड़ता।

प्रभु का अवतार दुष्टों के मारने हेतु नहीं बल्कि भक्तों की दृढ़ संकल्प को पूरा करने हेतु एवं धर्म की स्थापना के चलते होती है,दोपहर २:३० से श्रीमद भागवत कथा व्यास श्री प्रेममूर्ति प्रदीप जी महाराज श्रीधाम वृन्दावन धाम से पधारे हुए भागवत कथा में कहा कि माया ही तो है जो इस जगत में एक दूसरे प्रतीक आपसी संबंध को जोड़ता हैं जो इस तरह की धार्मिक आयोजन करती है और इंसानियत के चलते ईश्वर इस धारा धाम पे आते है ।



श्रीमद भागवत कथा साक्षात प्रभु के स्वरूप है यानि भागवत का दर्शन प्रभु का दर्शन का फल मिलता है, अश्वत्थामा ने पाण्डव पौत्र के ऊपर ब्रह्मास्त्र का प्रयोग किया पर जिसका ईश्वर रक्षा करते है उसका क्या कोई बिगाड़ सकता,जिधर श्री कृष्ण है उधर कैसे कोई पराजित कर सकता यानि जिस पर कृपा भगवान करते उसपर सब कृपा सब करते है, श्रीमद भगवत की कोई श्लोक ठीक से श्रवण जीवन में बदलाव लाती है या की उपनिषद ग्रंथों की आत्म सात से सहज होती है भागवत की पूजन आरती समिति की सभी सदस्यों ने मिलकर किया। जिसमें लक्ष्मीना देवी, जया देवी, आशा ठाकुर, इंदु देवी, बसंती देवी, उर्मिला सिन्हा, सुनीता सिंह, लीला सिंह, उषा पांडेय, पुष्पा सिन्हा, लालती सिंह, उमेश तिवारी, जयप्रकाश तिवारी, रविशंकर तिवारी,सोनू जी भागवत कथा में प्रसाद वितरण डॉ केङ्क एन ङ्क सिन्हा के द्वारा हुई वही मंच संचालक श्री डॉ सत्यनारायण उपाध्याय जी ने किया और कहा कि इस तरह की धार्मिक आयोजन से सनातन धर्म की रक्षा होती है।

## जिला पदाधिकारी, भोजपुर ने उदवंतनगर प्रखंड अंतर्गत सूर्य मंदिर बेलाउर का किया निरीक्षण



प्रातः किरण संवाददाता

आरा । जिला पदाधिकारी, भोजपुर ने उदवंतनगर प्रखंड अंतर्गत सूर्य मंदिर, बेलाउर का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने पर्यटन विभाग द्वारा संचालित मंदिर क्षेत्र के सौंदर्यीकरण कार्य का विस्तृत रूप से जायजा लिया और कार्यों की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया। जिलाधिकारी ने मंदिर क्षेत्र में खाली पड़ी जमीन का सदुपयोग करते हुए आँगनबाड़ी केंद्र एवं एक लाइब्रेरी के निर्माण का निर्देश दिया। इसके साथ ही, उन्होंने जरूरतमंद गरीब परिवारों को पर्चा प्रदान कर पुनर्वासित करने का सुझाव दिया, ताकि इस क्षेत्र को एक सुव्यवस्थित क्लस्टर का स्वरूप दिया जा सके। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विकास कार्यों की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए सामुदायिक सेवाओं को प्राथमिकता देने की बात कही।इस मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी, आरा-सदर, प्रखंड विकास पदाधिकारी उदवंतनगर और अन्य संबंधित पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

## बागर में दो दिवसीय विद्यालय निरीक्षण कार्यक्रम का किया गया शुभारंभ



प्रातः किरण संवाददाता

उदवंत नगर । भारती शिक्षा समिति व शिशु शिक्षा प्रबंध समिति बिहार के तत्वावधान में सरस्वती शिशु मंदिर बागर भोजपुर में दो दिवसीय विद्यालय निरीक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती शिशु मंदिर मनैनी बाजार के अध्यक्ष मदन मोहन तिवारी उपाध्यक्ष जनक धारी तिवारी एवं सदस्य विष्णु भूषण उपाध्याय एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य विकास कुमार जी के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम की शुरूआत हुई। प्रधानाचार्य के द्वारा आगत अतिथियों को अंग वस्त्र से सम्मानित किया। और कहा कि यह कार्य हर वर्ष संपादित होता है और इससे कार्यों में गति आती है विद्यालय सामाजिक चेतना का केंद्र होता है प्रत्येक वर्ष समूह निरीक्षण के द्वारा कार्य संपादित होता है इससे शैक्षणिक गतिविधि समेत विद्यालय के संपूर्ण दिनचर्या का अवलोकन होता है इसके बाद निरीक्षक टोली के अधिकारी शिशु भारती का बैठक पठन-पाठन समिति बैठक सभी प्रकार के दायित्व के बारे में जानकारी किए और मार्गदर्शन भी व्यक्त किए इस अवसर पर विद्यालय के सभी समिति अधिकारी आचार्य परिवार भैया बहन कर्मचारी उपस्थित रहे।

## उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोढ़ना प्रधानाचार्य चंद्रमा राम का किया गया विदाई एवं सम्मान समारोह

### विदाई समारोह में छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी प्रस्तुत किया गया

प्रातः किरण संवाददाता

आरा । उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोढ़ना के प्रधानाचार्य चंद्रमा राम का विदाई एवं सम्मान समारोह का किया गया आयोजन सभी शिक्षक शिक्षकाएं एवं छात्र-छात्राओं द्वारा प्रधानाचार्य चंद्रमा राम को अंग वस्त्र एवं बुके देकर लोगों ने किया सम्मानित इस समारोह में शिक्षक संघ के जिले भर के शिक्षक शिक्षिकाओं ने भी इस विदाई समारोह में उपस्थित हुए और सभी नेअपने अपने-अपने विचार रखें एवं विदाई समारोह में छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी प्रस्तुत किया गया प्रधानाचार्य चंद्रमा राम ने जब संबोधित कर रहे थे अपने आंसू नहीं रोक पाए एवं उसकी वही उपस्थित छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक भी अपने आंसू नहीं रोक पाए शिक्षक संघ के मंटू ने कहा कि चंद्रमा राम को शिक्षक के लिए




बहुत संघर्ष किया है और हम लोग इनसे कुछ सीखने को मिला और कभी जरूरत पड़ेगी तो हमें जरूर इनका याद करेंगे इस विदाई समारोह में सर्वेश राम विभा कुमारी नन्दजी कुमार मंच संचालक - पुरुषोत्तम उपाहताय म०वि० बकरी कृष्णा सिंह, मनोज कुमार, सर्वेश राम, कन्या भ० वि० बिडियासुनील कुमार राम, आदेश मा वि० नवादा, आराधनंजय कुमार सिंह, म० वि० डिलियाँसरोज कुमार, म० वि० मिल्कीविमोद कुमार फण्डेय, म० वि०चकियासत्येन्द्र कुमार प्रभारी प्रधानाध्यापक उत्क्रमित म०वि०जेदकारविद्यालय परिवार के समस्त शिक्षकगण एवं जिले के विभिन्न विद्यालयों के प्रधाना हमापक एवं सेकको शिक्षक उपस्थित रहे।

## डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स में शामिल होने के लिए टीम हुई रवाना

■ राष्ट्रीय स्तर पर परचम लहराएँगे : प्रधानाचार्या नीशू जायसवाल

प्रातः किरण संवाददाता

आरा। प्रत्येक वर्ष की तरह इसबार भी बीएस डीएवी के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय स्तर पर खेल प्रतियोगिताओं में अपना लोहा मनवाया है। आज बी.एस.डीएवी के लगभग दर्जनभर खिलाड़ियों ने ह्वडीएवी नेशनल स्पोर्टसह्ण में हिस्सा लेने दिल्ली के लिए कूच किया। विदित हो कि ये सभी खिलाड़ी राज्य स्तर पर आयोजित ह्वडीएवी नेशनल स्पोर्टसह्ण की विविध प्रतिस्पधार्ओं में चयनित हो चुके हैं। 02 दिसंबर से 04 दिसंबर, 24 तक आयोजित इस डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स बीएस डीएवी की ओर से बास्केट बॉल,बालिका वर्ग टीम में सृष्टि कुमारी, साक्षी कुमारी, खुशी कुमारी, वर्तिका, अनुष्का तथा श्रेया डीएवी, राष्ट्रीय स्तर पर बिहार का नेतृत्व करेंगी। यह खेल नई दिल्ली के नोयडा स्पोर्ट्स स्टेडियम में खेला जाएगा। विद्यालय की ह्ययोगाह्ण बालक वर्ग टीम में अमन कुमार, सत्यम कुमार तथा आर्यन कुमार डीएवी बिहार का नेतृत्व करेंगे। योगा का आयोजन यमुना स्पोर्टस कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली में होगा। ह्यजुडोह्ण टीम में शुभम कुमार, राजशेखर तथा अंकित कुमार यादव डीएवी बिहार का नेतृत्व करेंगे। जुडो का यह मुकाबला खेल गाँव, नई दिल्ली में होगा।

प्रधानाचार्या श्रीमती नीशू जायसवाल ने आजकी प्रार्थना सभा में सभी खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया और अपेक्षा जतायी कि सभी खिलाड़ी जीत का परचम लहरा कर डीएवी बिहार प्रक्षेत्र व बी.एस.डीएवी के साथ- साथ अपने परिजनों का भी मान बढ़ाएँगे । इन खिलाडियों को आज अवकाश प्राप्त कर रही शिक्षिका श्रीमती पुष्पा सिंह ने तिलक लगाकर इनके विजय की कामना की। यह पूरी टीम खेल प्रशिक्षिका श्रीमती किरण कुमारी, श्रीमती शिवा श्रोत्रीय तथा प्रशिक्षक श्री कमलेश दूबे के नेतृत्व में दिल्ली के लिए रवाना हुई।

## सबसे कम उम्र की लेखिका बनीं बुशरा अंजुमः अंतरराष्ट्रीय अवॉर्ड से सम्मानित

प्रातः किरण संवाददाता

तिलौथू(रोहतास) । चेहरे पर नकाब लगाकर, चलती है वो हवा-सी, जुबां पर खामोशी, आँखों में चिंगारी जैसी।सपनों को छूने का जुनून लिए, हर कदम संभालती है। वो लड़की नहीं, इरादों का एक कारवां-सी लगती है।ह्वयह पंक्तियां तिलौथू की बेटी बुशरा अंजुम पर पूरी तरह सटीक बैठती हैं। उनकी कहानी यह सिद्ध करती है कि प्रतिभा उम्र की मोहताज नहीं होती। अगर कोई ठान ले, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं।



बुशरा अंजुम, जो विवाह के बाद कोलकाता में बस गईं, ने अपने जीवन में कई संघर्षों का सामना किया। अपने करियर को पीछे छोड़ते हुए उन्होंने ससुराल की जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा और लगन से निभाया। खासतौर पर अपनी सास की सेवा में उन्होंने जो मिसाल पेश की, उसने उन्हें न केवल परिवार, बल्कि समाज में भी पहचान दिलाई। इन्हीं अनुभवों पर आधारित उनकी पुस्तक ह्वबहू से बेटी तक का सफरह्ण न केवल एक साहित्यिक रचना है, बल्कि एक प्रेरणादायक कहानी भी है।

इस पुस्तक के प्रकाशन के साथ ही यह अमेजन पर उपलब्ध हुई और इसे ग्लोरियस बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स द्वारा मान्यता प्राप्त हुई। साथ ही, उन्हें रवींद्रनाथ टैगोर ग्लोबल अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह पुस्तक 2024 की अनुशंसित पुस्तकों में शामिल हुई है, जो बुशरा की साहित्यिक उपलब्धियों का प्रमाण है।

बुशरा इस सफलता का श्रेय अपने माता व पिता मोहम्मद शाहनवाज अहमद, अपने गुरुजनों और परिवार को देती हैं। अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त पत्रिका ह्वद सेलेब्रिटी इंडियाह्ण ने उनकी पुस्तक को दो पृष्ठों पर प्रमुखता से स्थान दिया है। इसके अलावा, उन्हें कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर सम्मानित करने के लिए आमंत्रण मिल रहे हैं।हाल ही में, लर्निंग एंट संस्था और द सेलेब्रिटी इंडिया के सदस्यों ने एक भव्य कार्यक्रम में बुशरा को सम्मानित किया। उन्होंने कहा, ह्वबुशरा की उपलब्धि हमारे लिए गर्व का विषय है। उन्होंने न केवल अपनी लेखनी से समाज को प्रेरित किया है, बल्कि अपनी जिम्मेदारियों के प्रति समर्पण का एक नया उदाहरण पेश किया है।ह्ण तिलौथू की इस बेटी की कहानी न केवल संघर्ष और सफलता का प्रतीक है, बल्कि यह हर उस महिला के लिए प्रेरणा है जो जीवन में अपने सपनों को साकार करना चाहती है। बुशरा अंजुम की उपलब्धियां आने वाले समय में और ऊंचाइयों को छुएंगी।

## शेरशाह अभियंत्रण महाविद्यालय में स्टार्टअप प्रोग्राम और आर्ट क्राफ्ट का आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता

सासाराम(रोहतास) । विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, पटना के अंतर्गत शेरशाह अभियंत्रण महाविद्यालय, सासाराम में शुक्रवार को स्टार्टप प्रोग्राम और आर्ट एंड क्राफ्ट का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्राचार्य डॉ. मनीष कुमार, महाप्रबंधक आशीष रंजन, स्टार्टअप सेल इंचार्ज प्रो. शैलेश सौरभ, ओसीबी के फाउंडर आशीष, और धर्मेंद्र कुमार उपाध्याय ने संयुक्त रूप दीप प्रज्वलित कर किया। संचालन स्टार्टअप सेल कोऑर्डिनेटर नीतीश कुमार दुबे और शुभम सिंह ने किया।कार्यक्रम के अतिथि बीएचयू के पूर्व छात्र धर्मेंद्र कुमार उपाध्याय ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि आधुनिकता को अपनी दिनचर्या में शामिल कर बेहतर परिणाम प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि डिग्री के साथ-साथ प्रैक्टिकल नॉलेज को निखारना आवश्यक है, ताकि जीवन में सफलता प्राप्त की जा सके। इवेंट में ओसीबी के फाउंडर आशीष रंजन और स्टार्टअप विशेषज्ञ प्रमोद पांडेय ने भी छात्रों को स्टार्टअप के महत्व और इसे शुरू करने के लिए आवश्यक कदमों पर गहन चर्चा की। उन्होंने बताया कि कैसे नवाचार और दृढ़ संकल्प के माध्यम से स्टार्टअप को सफल बनाया जा सकता है।

कार्यक्रम में आर्ट एंड क्राफ्ट, रंगोली पेंटिंग, टैगलाइन, क्रॉसवर्ड पजल, आइडिएशन और अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विजेताओं को सर्टिफिकेट ऑफ मेरिट, मेडल और गिफ्ट से सम्मानित किया गया, जबकि अन्य प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट ऑफ एप्रिसिएशन देकर उनके प्रयासों की सराहना की गई। प्राचार्य डॉ. मनीष कुमार ने अपने संबोधन में नवाचार और डिजिटल तकनीकों के उपयोग पर बल दिया और छात्रों को प्रेरित किया कि वे अपने कौशल और रचनात्मकता को समाज के विकास में उपयोग करें। कार्यक्रम में प्रो. विनीता, डॉ. राधा, डॉ. पारुल, प्रो. रणजीत, प्रो. पंकज, धनराज, रौशन सहित महाविद्यालय के सैकड़ों विद्यार्थियों ने भाग लिया।

# पैक्स चुनाव की सारी तैयारियां पूरी, सदस्य करेंगे वोट

प्रातः किरण संवाददाता

दावथ/ सूर्यपूरा (रोहतास)प्रखंड क्षेत्र में होने वाले पैक्स अध्यक्ष एवं सदस्यों के निर्वाचन के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।प्रखंड विकास पदाधिकारी,अंचलाधिकारी एवं थाना अध्यक्ष के नेतृत्व में बूथ केंद्र तक सभी मतपेटियों को डिस्पैच कर पहुंचा दिया गया है।मतदान कार्य में नियुक्त दंडाधिकारियों के नेतृत्व में पूरे दल बल की व्यवस्था भी कर दी गई है। दावथ प्रखंड के लिए बने कुल 23 बूथों पर सभी संसाधनों को व्यवस्थित कर दिया गया है। इसकी जानकारी देते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमार अश्विनी ने बतलाया कि सभी मतदान कर्मी का योगदान ले लिया गया है। सुर्यपूरा प्रखंड विकास पदाधिकारी तेज बहादुर राय ने बतलाया कि सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। प्रखंड विकास पदाधिकारी




दावथ कुमार अश्विनी थाना अध्यक्ष कृपाल जी एवं अंचल अधिकारी सौरभ कुमार के नेतृत्व में जहां दावथ प्रखंड के मतदान का कार्य संभाला जा रहा है तो वहीं सूरजपुरा मेंप्रखंड विकास पदाधिकारी तेज बहादुर राय थाना अध्यक्ष प्रिया कुमारी एवं अंचलाधिकारी गोल्डी कुमारी के नेतृत्व में मतदान की सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है ।जहां पैक्स के सदस्यों के द्वारा अपने अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी के सदस्यों का चुनाव किया जाएगा।दावथ प्रखंड के वरीय प्रभारी तथा जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी श्री पुष्कर कुमार , प्रखंड विकास पदाधिकारी और सहायक अभियंता सौरव सुमन के द्वारा जग नारायण सिंह उच्च विद्यालय कोआथ स्थित बज्र गृह और मतगणना केंद्र की व्यवस्था गई है।

दावथ प्रखंड अंतर्गत चतुर्थ चरण में एक दिसंबर को मतदान उपरांत मत पेटिका बज्र गृह में रखी गई और दो दिसंबर को प्रातः 8 बजे से मतगणना की जाएगी।

## व्यापार

### महाकुंभ मेले के लिए रेलवे का बड़ा ऐलान, चलाएगा 1300 से अधिक ट्रेनें

**नईदिल्ली।** रेलवे ने जानकारी दी है कि उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में अगले साल होने वाले महाकुंभ मेले के दौरान लगभग 40 करोड़ श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है। यह मेला 13 जनवरी से 26 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा।

### इटली की कंपनी ने भारत में 6.5 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश किया– लोरेंजो तवाजी

**मुंबई।** 'द यूरोपीयन हाउस एम्ब्रोसेटी' (टीईएचए) समूह के वरिष्ठ भागीदार लोरेंजो तवाजी ने कहा कि इतालवी कंपनियों ने भारत में 6.5 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश किया है, जो इस यूरोपीय देश (इटली) द्वारा दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था को दिए गए महत्व को दर्शाता है।

# निर्मला सीतारमण ने बांटे 1,388 करोड़ लोन, वित्त मंत्री का दावा- तीसरे स्थान पर होगी भारतीय अर्थव्यवस्था

**दरभंगा , एजेंसी।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का राज मैदान में सांसद गोपाल जी ठाकुर और विभिन्न बैंकों के अधिकारियों मिथिला की परंपरा अनुसार स्वागत किया गया। इस दौरान उन्हें मखाना का माला भी पहनाया गया। वित्त मंत्री आज दरभंगा के ऐतिहासिक राज मैदान में एसएलबीसी द्वारा आयोजित आउटरीच कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए करीब 49,137 बेरोजगार युवाओं के बीच 1,388 करोड़ का वितरण किया। साथ ही उन्होंने ग्रामीण बैंकों को दूसरे व्यावसायिक बैंकों की तरह विकासित करने के निर्देश दिए। ग्रामीण बैंकों को दिसंबर तक ग्राहकों को इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग, यूपीआई की डिजिटल सेवाएं शुरू करने और सूक्ष्म एवं लघु उद्योग से जुड़ी गतिविधियों को बढ़ाया देने का निर्देश दिया।

इस कार्यक्रम में वित्त मंत्री के साथ बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान, राज्यसभा सांसद ड़. धर्मशीला गुप्ता, नगर विधायक संजय सरावगी के अलावा सभी अग्रणी बैंकों के सीएमडी, जोनल मैनेजर सहित तमाम बैंकों अधिकारी मौजूद रहे। बता दें कि बिहार के दरभंगा में ऐसा पहली बार इतना बड़ा ऋण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें खुद देश की वित्त मंत्री अपने हाथों से इतने युवाओं को रोजगार करने हेतु ऋण का वितरण कीं।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय




वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि अभी हमारे देश की अर्थव्यवस्था पांचवे स्थान पर है। लेकिन अगले एक साल में देश की अर्थव्यवस्था तीसरे स्थान पर रहेगी। इसके लिए जो भी संसाधन जुटाने की जरूरत है, उसे हर संभव पूरा किया जा रहा है। इस क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम का उद्देश्य सरकार की योजनाओं को देश के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है और उन्हें आर्थिक रूप से सामर्थवान बनाना है। वहीं, विभिन्न संस्थाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाकर ही भारत को 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने में मददगार साबित होगा। उसके बाद ही देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत का सपना साकार हो पाएगा।

## विकसित भारत बनाने की दिशा में बेहतर कदम

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री कहते हैं गरीब, महिला, किसान और युवाओं की सेवा करके विकसित भारत बनाने की दिशा में बेहतर कदम होगा। बैंकों के अधिकारियों द्वारा प्रयास किया गया है, इसके लिए बैंकों के सभी अधिकारियों को एक शब्द में कहना चाहती हूं पिछले लगातार चार महीने में गांव-गांव जाकर हर परिवार के योग्य लाभार्थी को लाभ दिलाने का काम किया है। आगे उन्होंने कहा कि इन सब चीजों के अलावा मिथलांचल में मखाना प्रसिद्ध है। मत्स्य पालन योजना प्रधानमंत्री के आइडिया से चालू किया गया है। मत्स्य संपदा योजना अंतर्गत बैंकों के माध्यम से मछुआरों को भी लाभ दिया जा रहा है। मखाना एवं मछली व्यवसाय से जुड़े लोगों भी किसान क्रेडिट कार्ड खेतों में काम करने वाले किसानों के साथ-साथ पशुपालक, मछुआरा, बकरी पालन आदि को भी लाभ दिया जा रहा है।

सीतारमण ने कहा, पहले प्रधानमंत्री मोदी मुझसे कहा करते थे कि केंद्रीय बजट महिला केंद्रित होना चाहिए। लेकिन अब उनका कहना है कि बजट ऐसा होना चाहिए, जिसमें महिलाओं को नेतृत्वकारी भूमिका में दिखाया जाए। बिहार के दो दिवसीय दौरे पर आईं वित्त मंत्री ने कहा कि यह क्षेत्र, जो मखाना और मधुबनी पेंटिंग के लिए जाना जाता है, महिलाओं की कड़ी मेहनत का ही नतीजा है। सीतारमण ने कहा, हमने ड्रोन दीदी जैसी परियोजनाएं शुरू की हैं। इसके अलावा, स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिला उद्यमियों को नकद सहायता प्रदान की जा रही है। उन्हें कौशल भी प्रदान किया जा रहा है।

### क्या है क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम

वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवाएं विभाग द्वारा क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इसके तहत कार्यक्रम स्थल पर ही लोन लेने के इच्छुक लोगों को बैंक लोन आवंटित करता है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गरीब और महिलाओं को लोन दिलाना है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण खुद क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम में शामिल होकर लोगों को वित्तीय सहायता के लिए ऋण वितरित की।

### क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम में महिलाओं की भीड़

केंद्रीय वित्त मंत्री विशेष विमान से दरभंगा एयरपोर्ट पहुंची। इसके बाद सड़क मार्ग से संस्कृत विश्वविद्यालय परिसर होकर राज मैदान पहुंची। सभा के बाद वह मब्बी शोभन एकमी बाइपास से लोहिया चौक होकर बलभदपुर के एनपी मिश्रा चौक स्थित सांसद गोपालजी ठाकुर के संसदीय कार्यालय का उद्घाटन की। इसके बाद राज्यसभा सदस्य डॉ. धर्मशीला गुप्ता के आवास पर उनकी पुत्री के वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल हुईं। इसके बाद एकमी शोभन बाइपास होकर मधुबनी जिले के झंझारपुर स्थित मिथिला हाट के लिए रवाना हुईं।

## संक्षिप्त समाचार

### फ़िट इंडिया – इंडियन आर्मी के साथ दौड़ें : आर्मी मैराथन भोपाल 19 जनवरी 2025 को आयोजित होगी

**भोपाल।** भारतीय सेना ने गर्व के साथ आर्मी मैराथन भोपाल 2025 की घोषणा की है, जो फिट इंडिया - इंडियन आर्मी के साथ दौड़ें के बैनर तले फिटनेस और देशभक्ति को बढ़ावा देने वाला एक भव्य आयोजन है। यह मैराथन 19 जनवरी 2025 को आयोजित की जाएगी। इसके कर्टन रेज़र सेरेमनी का आयोजन 29 नवंबर 2024 को रवींद्र भवन ऑडिटोरियम, भोपाल में किया गया।यह समारोह श्री विश्वास कैलाश सारंग, माननीय खेल और युवा कल्याण मंत्री, मध्य प्रदेश, और लेफ्टिनेंट जनरल प्रीत पाल सिंह, एवीएसएम, जनरल ऑफिसर कमांडिंग 21 कॉर्प्स की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस मौके पर कई सम्माननीय अतिथियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, जिससे इस आयोजन को और अधिक गरिमा और उत्साह प्राप्त हुआ।इस कर्टन रेज़र सेरेमनी में निम्नलिखित सम्माननीय अतिथि शिव शेखर शुक्ला, प्रमुख सचिव पर्यटन, मध्य प्रदेश चंदर शेखर शर्मा, सीजीएम, एसबीआई भोपाल, रमनीश गीर, आईपीएस, संयुक्त निदेशक, सीबीआई, भोपाल, दीपक बसु, कार्यकारी निदेशक और राज्य प्रमुख, आईओसीएल, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ शामिल हुए।

### हार्डविन इंडिया लिमिटेड विकास के राह पर, बोर्ड ने 2 :5 बोनस शेयर इश्यू को मंजूरी दी

Hardwyn
Since 1965
Perfection Redefined

**मुंबई, एजेंसी।** हार्डविन इंडिया लिमिटेड जो आर्किटेक्चरल हार्डवेयर और ग्लास फिटिंग्स में एक प्रमुख कंपनी है, अब विकास के रास्ते पर है। हाल ही में, कंपनी के बोर्ड ने बोनस इक्विटी शेयरों के इश्यू को 02:05 के अनुपात में मंजूरी दी है, यानी 05 (पाँच) मौजूदा इक्विटी शेयरों के बदले 02 (दो) बोनस इक्विटी शेयर कंपनी के सदस्यों को रिकॉर्ड डेट के आधार पर दिए जाएंगे, बशर्ते सभी आवश्यक अनुमतियाँ प्राप्त की जाएं, जो कंपनी अपनी आगामी एजीएम के दौरान प्राप्त करेगी। इससे पहले, 14 नवम्बर 2024 को हुई बोर्ड बैठक में 30 सितंबर 2024 को समाप्त तिमाही और छमाही के लिए शानदार लाभ की घोषणा की गई थी। 30 सितंबर, 2024 को समाप्त तिमाही के लिए, परिचालन से राजस्व में 61.73 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो वित्त वर्ष 2024 में रु. 3193.52 लाख से बढ़कर वित्त वर्ष 2025 में रु. 5164.74 लाख हो गया। एबिटा में 168.50 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो वित्त वर्ष 2024 में रु. 235.01 लाख से बढ़कर वित्त वर्ष 2025 में रु. 631.01 लाख हो गया। एबिटा मार्जिन में 7.34 प्रतिशत से बढ़कर वित्त वर्ष 2025 में 12.20 प्रतिशत हो गया, जो 486 बीपीएस की वृद्धि है।

# जीडीपी ग्रोथ डेटा ने किया निराश... सितंबर तिमाही के आंकड़ों पर बोले CEA नागेश्वरन

**नईदिल्ली, एजेंसी।** मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी अनंत नागेश्वरन ने दूसरी तिमाही में जीडीपी वृद्धि 5.4 प्रतिशत रहने को निराशाजनक बताया। हालांकि उन्होंने कहा कि इसके बावजूद चालू वित्त वर्ष के लिए 6.5 प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि का अनुमान खतरे में नहीं है। आर्थिक समीक्षा में अनुमान जताया गया था कि वित्त वर्ष 2024-25 में देश का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 6.5-7.0 प्रतिशत की



दर से बढ़ेगा। यह पिछले वित्त वर्ष में 8.2 प्रतिशत की दर से कम है।

आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक मैन्युफैक्चरिंग और माइनिंग सेक्टर के खराब प्रदर्शन के अलावा कमजोर खपत की वजह से जुलाई-सितंबर तिमाही में आर्थिक वृद्धि दर लगभग दो साल के निचले स्तर 5.4 प्रतिशत पर आ गई।

# कच्चे पाम तेल का असर, एफएमसीजी कंपनियों ने 8 फीसदी तक बढ़ाए साबुन के दाम; लागत का भार अब ग्राहकों पर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** कच्चे पाम तेल की कीमतों में वृद्धि के कारण दैनिक उपभोग के सामान बनानने वाली (एफएमसीजी) कंपनियों ने साबुन के दाम 8 फीसदी तक बढ़ा दिए हैं। हिंदुस्तान यूनिलीवर (एचयूएल) और विप्रो जैसी प्रमुख कंपनियों ने कच्चे तेल की वजह से बढ़ी लागत का भार घटाने के लिए ग्राहकों पर इसका भार डालने का फैसला किया है। नुवामा इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज के कार्यकारी निदेशक अबनीश रॉय का कहना है कि एफएमसीजी क्षेत्र में आमतौर पर कोई एक कंपनी पहले कीमतें बढ़ाती है, जिसका अनुसरण करते हुए धीरे-धीरे अन्य कंपनियां भी दाम बढ़ाती हैं। इसी तर्ज पर, एचयूएल और विप्रो के बाद अब अन्य कंपनियां भी जल्द ही साबुन के दाम बढ़ा सकती हैं। एचयूएल ने डव, लक्स, लाइफबॉय, लिरिल, पीयर्स, रेक्सोना जैसे ब्रांडों की कीमतों में इजाफा किया है। आयात शुल्क में वृद्धि के साथ पाम तेल के दाम तेजी से बढ़े हैं। पाम तेल मुख्य रूप से इंडोनेशिया व मलयेशिया से आयात होता है। वर्तमान में पाम तेल की कीमत लगभग 137 रुपये प्रति किलो है। विप्रो कंज्यूमर केयर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नीरज खत्री ने कहा, साबुन बनाने में इस्तेमाल होने वाले प्रमुख उत्पाद पाम तेल की कीमतों में सितंबर की शुरुआत से 35 फीसदी तक वृद्धि हुई है।

# आसान और तेज ऑनलाइन पेमेंट की तैयारी, किसी भी बैंक के नेट बैंकिंग से कर सकेंगे भुगतान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया पांच-छह बैंकों के साथ मिलकर नेट बैंकिंग और मोबाइल बैंकिंग पेमेंट में आपस में जुड़ाव (इंटरऑपरेबिलिटी) शुरू करने की तैयारी कर रहा है। सूत्रों के मुताबिक, हालांकि अभी पहले चरण की शुरुआत की तारीख तय नहीं हुई है, लेकिन ये काम अगले कुछ महीनों में शुरू हो जाएगा। बाकी बैंक बाद के चरणों में जुड़ेंगे।

एक सूत्र ने इकॉनमिक टाइम्स को बताया, आइसीआइसीआइ बैंक और एचडीएफसी बैंक इस काम में काफी आगे हैं। तीन-चार और बैंक भी इसमें जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि हालांकि कब ये सुविधा शुरू होगी, ये



अभी तय नहीं है, लेकिन पहले चरण के बैंकों में ये जल्द ही शुरू हो जाएगा।

### क्या होगा फायदा

जब नेट बैंकिंग का आपस में जुड़ाव हो जाएगा, तो ग्राहक ई-कॉमर्स वेबसाइट से सामान खरीदते वक्त किसी भी बैंक के नेट बैंकिंग से पेमेंट कर सकेंगे। एक सूत्र ने बताया कि अभी बैंकों को पेमेंट एग्रीगेटर्स से करार करना पड़ता है, जो फिर व्यापारियों को नेट बैंकिंग पेमेंट के लिए जोड़ते हैं। जब आपस में जुड़ाव हो जाएगा, तो ये समस्या खत्म हो जाएगी। फिर हर बैंक का पेमेंट हर जगह पर मान्य होगा। इससे यूपीआई पेमेंट पर भी दबाव कम होगा। पिछले कुछ सालों में यूपीआई बहुत तेजी से बढ़ा है, जिससे डेबिट कार्ड और नेट बैंकिंग पेमेंट कम हुए हैं। दूसरी बात, जब बड़े बैंक इस सर्विस को शुरू कर देंगे, तो लोग इसका इस्तेमाल करना शुरू कर देंगे। फिर धीरे-धीरे छोटे बैंक भी इसमें शामिल होंगे। जानकारों का कहना है कि बीमा प्रीमियम या टैक्स जैसे बड़े पेमेंट के लिए लोग अपने बैंक के ऐप या वेबसाइट से पेमेंट करना पसंद करते हैं। इनसे ट्रांजेक्शन सफल होने की दर ज्यादा है, इसलिए बड़े पेमेंट के लिए ये तरीका अधिक भरोसेमंद माना जाता है।

# वित्तीय संकट आने वाला है! धड़ाधड़ सोना गिरवी रख रहे हैं लोग, 7 महीने में 50 प्रतिशत बढ़ गया गोल्ड लोन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चालू वित्त वर्ष के पहले सात महीनों में बैंकों द्वारा सोने के आभूषणों के बदले दिए गए लोन में 50.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यह तेज वृद्धि तब हुई है, जब हर दूसरे पर्सनल लोन सेगमेंट में क्रेडिट सिंगल डिजिट में बढ़ा है। शुक्रवार को आरबीआई द्वारा जारी बैंक क्रेडिट के सेक्टोरल डिप्लॉयमेंट के आंकड़ों से पता चलता है कि 18 अक्टूबर, 2024 तक आउटस्टेंडिंग गोल्ड लोन 1,54,282 करोड़ रुपये था। मार्च 2024 के अंत में यह 1,02,562 करोड़ रुपये था। सालाना आधार पर इसमें 56 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है जबकि अक्टूबर 2023 में यह 13 प्रतिशत थी।

बैंकरों का कहना है कि फाइनेंशियल ईयर के पहले सात महीनों में गोल्ड लोन में भारी बढ़ोतरी के कई कारण हो सकते हैं। इनमें एनबीएफसी से बदलाव और असुरक्षित ऋणों की तुलना में सुरक्षित ऋणों को प्राथमिकता देना शामिल है। वर्ष के पहले सात महीनों के दौरान एनबीएफसी को बैंक लोन 0.7 प्रतिशत




घटकर 1.5 लाख करोड़ रुपये रह गया है। बैंकरों ने यह भी कहा कि गोल्ड लोन में वृद्धि इसकी कीमतों में वृद्धि के कारण हो सकती है। यह उधारकर्ताओं को पुराने ऋणों को चुकाने और अधिक नए ऋण प्राप्त करने का अवसर प्रदान करती है। गोल्ड लोन पर अब हर महीने देना पड़ सकता है पेमेंट, जल्द शुरू होंगे मंथली प्लान, जानें पूरी डिटेल

### वित्तीय संकट का संकेत

कुछ विश्लेषक गोल्ड लोन की बढ़ती मांग को वित्तीय संकट का संकेत मानते हैं। पिछले महीने, आरबीआई ने बैंकों और वित्त कंपनियों को अपनी गोल्ड लोन नीतियों और प्रक्रियाओं की समीक्षा करने का निर्देश दिया था। उन्हें तीन महीने के भीतर किसी भी कमी को दूर करने का निर्देश दिया। इसके बाद एक समीक्षा की गई जिसमें अनियमित प्रथाओं का पता चला। इनमें एवरग्रीनिंग के माध्यम से खराब ऋणों को छिपाना शामिल है।

पर्सनल लोन सेगमेंट में होम लोन में साल-दर-साल वृद्धि 5.6 प्रतिशत रही। बैंकों की होम लोन बुक बढ़कर 28.7 लाख करोड़ रुपये हो गई। होम लोन में साल-दर-साल वृद्धि 12.1 प्रतिशत रही, जबकि अक्टूबर 2023 में यह 36.6 प्रतिशत थी। अगली सबसे बड़ी वृद्धि क्रेडिट कार्ड बकाये में हुई। यह सात महीनों में 9.2 प्रतिशत बढ़कर 2.81 लाख करोड़ रुपये हो गई। बकाया ऋण में वृद्धि इस अवधि के दौरान ऑनलाइन लेनदेन में वृद्धि के अनुरूप थी। हालांकि, असुरक्षित ऋणों सहित अन्य व्यक्तिगत ऋणों में वृद्धि 3.3 प्रतिशत पर सुस्त रही। कुल मिलाकर बैंक क्रेडिट 4.9 प्रतिशत बढ़कर 172.4 लाख करोड़ रुपये हो गया। इस दौरान उद्योग को क्रेडिट में 3.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

# इकोनॉमी के मोर्चे पर झटका, कोर सेक्टर से विदेशी मुद्रा तक के आंकड़ों ने किया निराश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इकोनॉमी के मोर्चे पर बड़ा झटका लगा है। कोर सेक्टर से लेकर विदेशी मुद्रा भंडार तक के आंकड़ों ने निराश किया है। आठ कोर सेक्टर का उत्पादन अक्टूबर 2024 में घटकर 3.1 प्रतिशत रहा। वहीं, देश का विदेशी मुद्रा भंडार 1.31 अरब डॉलर घटकर 656.58 अरब डॉलर रहा।

### कोर सेक्टर में सुस्ती

आठ कोर सेक्टर का उत्पादन अक्टूबर 2024 में घटकर 3.1 प्रतिशत रहा। पिछले साल के इसी महीने में यह 12.7 प्रतिशत था। अक्टूबर 2024 की वृद्धि दर हालांकि इससे पिछले महीने सितंबर 2024 में दर्ज 2.4 प्रतिशत के मुकाबले अधिक है। अक्टूबर में कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस के उत्पादन में कमी आई है। कोयला, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली के उत्पादन में वृद्धि क्रमशः 7.8 प्रतिशत, 0.4 प्रतिशत, 4.2 प्रतिशत और 0.6 प्रतिशत रही। पिछले साल अक्टूबर में यह आंकड़ा क्रमश- 18.4 प्रतिशत, 5.3 प्रतिशत, 16.9 प्रतिशत और 20.4 प्रतिशत था। इस महीने में रिफाइनरी उत्पादों का उत्पादन बढ़कर 5.2 प्रतिशत हो गया।

### विदेशी मुद्रा भंडार का हाल

22 नवंबर को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 1.31 अरब डॉलर घटकर 656.58 अरब डॉलर रहा। इससे पहले 15 नवंबर को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 17.76 अरब डॉलर की रिकॉर्ड गिरावट के साथ 657.89 अरब डॉलर रहा था। सितंबर के अंत में विदेशी मुद्रा भंडार 704.88 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया था। उसके बाद से इसमें पिछले कई हफ्ते से गिरावट आ रही है। इस सप्ताह में स्वर्ण भंडार का मूल्य 1.83 अरब डॉलर बढ़कर 67.57 अरब डॉलर हो गया।

### जीडीपी ग्रोथ 2 साल के निचले स्तर पर

चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में देश की आर्थिक वृद्धि दर लगभग दो साल के निचले स्तर 5.4 प्रतिशत पर आ गई। हालांकि भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है। एक साल पहले की समान अवधि में देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 8.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई थी। आंकड़ों के मुताबिक वित्त वर्ष 2024-25 की जुलाई-सितंबर तिमाही में देश की अर्थव्यवस्था धीमी होकर 5.4 प्रतिशत की दर से बढ़ी। जीडीपी ग्रोथ का पिछला निम्न स्तर वित्त वर्ष 2022-23 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 4.3 प्रतिशत रहा था।

# इंग्लैंड पहली पारी में 499 रन पर ऑलआउट

## तीसरे दिन न्यूजीलैंड का स्कोर 155/6; केन विलियम्सन के 9 हजार टेस्ट रन पूरे

**क्राइस्टचर्च (एजेंसी)।** इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच क्राइस्टचर्च में चल रहे टेस्ट मैच में तीसरे दिन का खेल समाप्त हो गया है। स्टंप्स तक कीवियों ने 6 विकेट खोकर 155 रन बना लिए है। डेरियल मिचेल 31 और नाथन स्मिथ 1 रन बना कर नाबाद हैं। इंग्लिश की पहली पारी में 499 रन पर ऑलआउट हो गई है, जबकि न्यूजीलैंड ने 348 रन बनाए थे। इंग्लैंड टीम ने पहली पारी के बाद 151 रन की बढ़त हासिल की थी। इंग्लैंड ने दिन की शुरुआत 319/5 के स्कोर से की।



**विलियम्सन की फिफ्टी, 9 हजार टेस्ट रन पूरे** - केन विलियम्सन ने 61 रन बना कर आउट हो गए। वह न्यूजीलैंड की ओर से टेस्ट में 9000 रन पूरा करने वाले पहले क्रिकेटर भी बनें। वहीं रचिन रविंद्र भी 38 गेंदों पर 24 रन बना कर पवेलियन लौटे। कप्तान टॉम लैथम एक और ड्वोन कॉन्वे 8 रन बनाकर आउट हुए। इंग्लैंड की ओर से क्रिस वोक्स और ब्राइडेन क्रेस को 3-3 विकेट मिले।

**इंग्लैंड 499 रन पर ऑलआउट, हैरी ब्रूक ने 171 रन बनाए** - इंग्लैंड की टीम ने लंच ब्रेक तक 8 विकेट पर 459 रन बना लिए थे। इसमें हैरी ब्रूक 171 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें मैट हेनरी ने विकेटकीपर टॉम ब्लेंडल के हाथों कैच कराया। कप्तान बेन स्टोक्स ने 80 रन की पारी खेली, जबकि गॉस एटकिंसन ने 48 और ब्रायडन केस ने नाबाद 33 रन बनाए।मैट हेनरी ने 4 विकेट झटके। नाथन स्मिथ ने 3 विकेट झटके। टिम साउदी को 2 विकेट मिले।

**दूसरा दिन- न्यूजीलैंड 348 रन पर ऑलआउट, ब्रूक का शतक** -इंग्लैंड ने क्राइस्टचर्च टेस्ट के दूसरे दिन शुक्रवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ मजबूत वापसी की। टीम ने स्टंप्स तक पहली पारी में 5 विकेट पर 319 रन बना लिए थे। हैरी ब्रूक 163 बॉल पर 132 रन बनाकर नाबाद रहे। जबकि कप्तान बेन स्टोक्स (76 गेंद पर नाबाद 37 रन) उनका साथ दे रहे थे। इंग्लिश टीम ने लंच ब्रेक तक 45 रन पर 3 विकेट गंवा दिए थे। पढ़ें पूरी खबर

# टीम इंडिया पाकिस्तान नहीं जाएगी, अब सरकार ने भी कहा

## चैंपियंस ट्रॉफी पाकिस्तान में होगी या नहीं, फैसला कल, आईसीसी की मीटिंग पोस्टपोन

**दुबई/नईदिल्ली (एजेंसी)।** अगले साल फरवरी में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी पाकिस्तान में होगी या नहीं, इसका फैसला कल होगा। इसके लिए दुबई में आईसीसी ने सभी बोर्ड मेंबर्स की मीटिंग बुलाई थी, लेकिन फैसला नहीं निकल पाने के कारण मीटिंग को पोस्टपोन कर दिया।

पाकिस्तान को चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी मिलने के बाद भारत ने सुरक्षा कारणों का हवाला देकर वहां जाने से मना कर दिया था। तब यह माना जा रहा था कि एशिया कप की तरह चैंपियंस ट्रॉफी टूर्नामेंट भी हाइब्रिड मॉडल पर होगा।

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने पहले भारत के सभी मैच लाहौर में कराने और मैच के बाद खिलाड़ियों को भारत भेजने का प्रस्ताव रखा था। भारत ने इसे नहीं माना तो (पीसीबी) ने हाइब्रिड मॉडल के लिए भी मना कर दिया।

आईसीसी के सूत्रों ने बताया, बोर्ड मेंबर्स की कुछ देर मीटिंग हुई थी। चैंपियंस ट्रॉफी के लिए सभी बोर्ड मिलकर सॉल्यूशन निकालना चाह रहे हैं। कुछ दिनों बाद बोर्ड की मीटिंग होगी, जिसमें वेन्यू पर फाइनल फैसला ले लिया जाएगा।



भारत और पाकिस्तान के बीच आखिरी द्विपक्षीय सीरीज जनवरी 2013 में हुई थी। तब से दोनों टीमें आईसीसी और एसीसी टूर्नामेंट में ही भिड़ी हैं।

**पीसीबी हाइब्रिड मॉडल नहीं कराने पर अड़ा** - मीटिंग में पाकिस्तान ने एक बार फिर हाइब्रिड मॉडल को नहीं अपनाया। पीसीबी ने एक दिन पहले भी कह दिया था कि बोर्ड हाइब्रिड मॉडल नहीं अपनाएगा। टूर्नामेंट पूरी तरह से पाकिस्तान में ही होगा। पाकिस्तान के इसी स्टैंड के कारण माना जा रहा है कि आईसीसी ने अपनी मीटिंग पोस्टपोन की है।

# विराट की तरह खुद पर भरोसा रखें- स्मिथ-लाबुशेन को रिकी पोंटिंग की सलाह



**एडिलेड (एजेंसी)।** आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने रन बनाने के लिए जूझ रहे मार्नस लाबुशेन और स्टीव स्मिथ को बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के बाकी बचे चार टेस्ट मैचों में फॉर्म में वापसी करने के लिए भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली की तरह अपने खेल पर भरोसा करने की सलाह दी है। पर्थ में खेले गए पहले टेस्ट मैच में लाबुशेन भारतीय तेज गेंदबाजों के सामने संघर्ष करते हुए नजर आए। उन्होंने इस मैच में दो और तीन रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया को इस मैच में 295 रन से करारी हार का सामना करना पड़ा था। स्मिथ भी पहले टेस्ट मैच में जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज के सामने जूझते रहे। ऑस्ट्रेलिया का यह स्टार बल्लेबाज पहली पारी में खाता नहीं खोल पाया जबकि दूसरी पारी में उन्होंने 60 गेंद पर 17 रन बनाए।

पोंटिंग ने कहा कि पर्थ में सभी बल्लेबाजों में से मार्नस सबसे अधिक जूझते हुए नजर आए। यह सही है कि विकेट मुश्किल था और भारतीय गेंदबाज शानदार गेंदबाजी कर रहे थे लेकिन उन्हें इसे बदलने का तरीका ढूंढना होगा। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान ने इस संदर्भ में कोहली का उदाहरण दिया जो पहली पारी में 5 रन बनाकर आउट होने के बाद दूसरी पारी में नाबाद 100 रन बनाकर वापसी करने में सफल रहे।

पोंटिंग ने कहा कि विराट ने अपने खेल पर भरोसा किया और वह पहली पारी की तुलना में दूसरी पारी में अलग खिलाड़ी की तरह नजर आए। उन्होंने विरोधी टीम से लड़ने के बजाय अपने मजबूत पक्षों पर ध्यान केंद्रित किया। मार्नस और स्मिथ को यही करने की जरूरत है - अपना रास्ता खोजें और मजबूत इरादे दिखाएं।

पोंटिंग ने ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों को अधिक जोखिम लेने और भारतीय गेंदबाजों पर दबाव बनाने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि आपको जोखिम लेने और गेंदबाजों पर दबाच डालने का तरीका ढूंढना होगा क्योंकि हम सभी जानते हैं कि बुमराह जैसे गेंदबाज आपको रन बनाने के लिए आसान अवसर नहीं देंगे।

पहले टेस्ट में करारी हार झेलने के बावजूद पोंटिंग ने ऑस्ट्रेलिया को टीम में बहुत अधिक बदलाव नहीं करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि मैं उसी टीम के साथ बने रहने की सलाह दूंगा। मुझे लगता है कि आपको चैंपियन खिलाड़ियों पर भरोसा दिखाना होगा और हम इस टीम में जिन लोगों के बारे में बात कर रहे हैं उनमें से कई चैंपियन खिलाड़ी रहे हैं।

# प्रतिभाएं रातों-रात पैदा नहीं होतीं

## पर्थ में विराट कोहली का शतक देखकर बोले अजय जडेजा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के पूर्व क्रिकेटर अजय जडेजा ने पर्थ में अपने शानदार शतक के बाद विराट कोहली की प्रशंसा की है, जिन्होंने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया पर भारत की 295 रन की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। जडेजा की टिप्पणियां कोहली के उल्लेखनीय प्रदर्शन के मद्देनजर आईं, जिसने आलोचकों को चुप करा दिया और क्रिकेट के आधुनिक महान खिलाड़ियों में से एक के रूप में उनकी स्थिति की पुष्टि की। जडेजा ने कोहली की असाधारण प्रतिभा और अवसर पर आगे बढ़ने की क्षमता पर जोर देते हुए कहा कि संदेह करने वाले लोग शांति से आराम कर सकते हैं... नाम ही सब कुछ कहता है। अगर संदेह करने वाले थे, तो वे शांति से आराम कर सकते हैं। प्रतिभाएं रातों-रात पैदा नहीं होती हैं। पर्थ में कोहली का शतक न केवल उनकी तकनीकी क्षमता का प्रदर्शन था, बल्कि उनके लचीलेपन और दृढ़ संकल्प का भी प्रमाण था। कुछ हलकों से आलोचना और संदेह का सामना करने के बाद, कोहली की शानदार पारी के साथ फॉर्म में वापसी उनके विरोधियों के लिए एक करारा जवाब था।



पहले टेस्ट में भारत की व्यापक जीत ने श्रृंखला के लिए माहौल तैयार कर दिया है, जिसमें टीम की सफलता में कोहली की पारी का महत्वपूर्ण योगदान है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि से दबाव में प्रदर्शन करने और आगे बढ़कर नेतृत्व करने की उनकी क्षमता एक बार फिर रेखांकित हुई है। पर्थ में जीत से न सिर्फ भारत को सीरीज में अहम बढ़त मिली बल्कि टीम का मनोबल भी बढ़ा।

बहरहाल, जडेजा ने रोहित शर्मा की वापसी को भी टीम इंडिया के लिए अच्छी खबर माना। जडेजा ने कहा कि नियमित टेस्ट कप्तान रोहित शर्मा की छह दिसंबर से एडिलेड में होने वाले दूसरे टेस्ट के लिए वापसी से भारत का आत्मविश्वास बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि उनके (रोहित शर्मा) टीम में वापस आने से निश्चित रूप से भारत का आत्मविश्वास बढ़ेगा। वह एक नेतृत्वकर्ता हैं।

### भारत -ऑस्ट्रेलिया

# दूसरा प्रैक्टिस मैच-बारिश के कारण रद्द

## पिंक बॉल से खेला जाना है मुकाबला



**कैनबरा (एजेंसी)।** बारिश के कारण भारत और ऑस्ट्रेलिया की पीएम-11 के बीच होने वाले दूसरे प्रैक्टिस मैच के पहले दिन का खेल रद्द हो गया था।

यह मुकाबला शनिवार को सुबह 9ः40 बजे (भारतीय समयानुसार) से खेला जाना था, लेकिन मुकाबले से पहले कैनबरा में बारिश होने लगी। दूसरे दिन मुकाबले का टॉस सुबह 8.40 बजे होगा।

**एडिलेड टेस्ट के लिहाज से अहम मुकाबला** - यह प्रैक्टिस मैच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के एडिलेड टेस्ट की तैयारियों के लिहाज से अहम है। दरअसल, 6 दिसंबर से शुरू होने जा रहा पिंक बॉल से खेला जाएगा। यह डे-नाइट मुकाबला होगा। ऐसे में दोनों टीमों प्रैक्टिस मैच के जरिए अपनी तैयारियां पुख्ता करने जा रही हैं।

**भारत को परफेक्ट कॉम्बिनेशन की तलाश** - इस प्रैक्टिस मैच में भारतीय टीम को कई सवालों के जवाब तलाशने हैं। दरअसल, भारतीय कप्तान रोहित शर्मा पैटरनिटी लीव से वापसी कर चुके हैं, वहीं अंगूठे की चोट से उबर गए हैं। इतना ही नहीं, केएल राहुल ने पर्थ में यशस्वी जायसवाल के साथ 201 रनों की ओपनिंग साझेदारी करके टॉप ऑर्डर में दावेदारी पेश कर दी है। ऐसे में राहुल को टॉप ऑर्डर में उतारने की मांग हो रही है।

# हम 49 साल से विश्व कप में पदक नहीं जीत पाए, इसे जीतना चाहते हैं : हरमनप्रीत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत की पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह के पास दो ओलंपिक कांस्य पदक हैं, लेकिन उन्हें विश्व कप में पदक नहीं जीत पाने का मलाल है और वह इस कमी को 2026 में होने वाले टूर्नामेंट में पूरा करना चाहते हैं। भारत ने विश्व कप में अभी तक तीन पदक जीते हैं। उसने 1971 (बार्सिलोना) में कांस्य, 1973 में रजत (एम्स्टेलवीन, नीदरलैंड) और अजीत पाल की अगुवाई में 1975 (कुआलालंपुर) में स्वर्ण पदक जीता था।

हरमनप्रीत तोक्यो और पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य थे। पेरिस खेलों में वह टीम के कप्तान भी थे। वह 2016 में लखनऊ में जूनियर विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य भी थे। हरमनप्रीत ने कहा कि हमारा लक्ष्य हमेशा ओलंपिक में स्वर्ण पदक और विश्व कप में पदक जीतना होगा। हमने पेरिस में जिस तरह से प्रदर्शन किया उससे पता चलता है कि हम किसी भी शीर्ष टीम का सामना करके जीत सकते हैं। उन्होंने कहा कि हमारा तात्कालिक लक्ष्य एफआईएच प्रो लीग के मैच हैं। हम एशिया कप में जीत दर्ज करते विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई करना चाहते हैं। हमने लंबे समय से विश्व कप में पदक नहीं जीता है और मैं अपने करियर में इसे जीतना चाहता हूं।

# श्रीलंका हार के किनारे पर, जीत के लिए चाहिए 413 रन

**डरबन (एजेंसी)।** ट्रिस्टन स्टब्स (122) और कप्तान टेम्बा बावुमा (113) रन की शतकीय पारियों के बाद कगिसो रबाड़ा और माकर यानसन की शानदार गेंदबाजी की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने शुक्रवार को श्रीलंका के दूसरी पारी में 103 रन पर 5 विकेट झटकर जीत की ओर कदम बढ़ा दिया है। इससे पहले आज दक्षिण अफ्रीका ने दूसरी पारी में पांच विकेट पर 366 रन बनाकर पारी घोषित कर श्रीलंका को जीत के लिए 516 रनों का लक्ष्य दिया। ट्रिस्टन स्टब्स (122) और कप्तान टेम्बा बावुमा (113) ने अपने-अपने शतक पूरे किए और टीम को बड़े लक्ष्य की ओर ले गए। दक्षिण अफ्रीका को श्रीलंका को पहली पारी में उसके न्यूनतम स्कोर 42 रन पर ऑलआउट कर 149 रनों बढ़त ली थी।



श्रीलंका की ओर से प्रभात जयसूर्या और विश्वा फर्नांडो ने दो-दो विकेट लिये। असिता फ़र्नांडो ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद 516 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंका की टीम के शीर्ष बल्लेबाज कगिसो रबाड़ा और माकर यानसन की गेंदबाजी के आगे पस्त दिखे। पथुम निसंका (23), दिमुत करुणारत्ने (4), एंजलो मैथ्यूज (25), कामिंडु मेंडिस (10) और प्रभात जयसूर्या (एक) रन बनाकर आउट हुए।

# ढाका टोपी पहनकर नेपाल पहुंचे शिखर धवन, नेपाल प्रीमियर लीग में मचाएंगे धमाल

**काठमांडू(एजेंसी)।** अपने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट करियर को विराम देने के बाद पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज शिखर धवन नई पारी शुरू करने के लिए शुक्रवार को काठमांडू पहुंचे। धवन यहां नेपाल प्रीमियर लीग (एनपीएल) में भाग लेने के पहुंचे हैं। उन्हें करनाली याक्स ने अपने साथ जोड़ा है। उत्साही भीड़ द्वारा स्वागत किए जाने पर धवन, जिन्हें प्यार से 'गब्बर' के नाम से जाना जाता है, ने त्रिभुवन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर वीआईपी टर्मिनल से बाहर निकलते समय पारंपरिक 'ढाका टोपी' पहनी थी। नेपाल की अपनी पहली यात्रा को चिह्नित करते हुए धवन ने आगामी एनपीएल सीजन के लिए अपना उत्साह व्यक्त किया और स्थानीय और राष्ट्रीय नेपाली खिलाड़ियों के साथ खेलने के अवसर पर प्रकाश डाला।



### अंडर 19 एशिया कप

# शाहजेब खान का बड़ा शतक, दुबई में खूब धुनाई हुई भारतीय गेंदबाजों की

## पाकिस्तान ने नाया 281 रन का विशाल स्कोर

**दुबई (एजेंसी)।** दुबई स्थित दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में एसीसी अंडर 19 एशिया कप 2024 के तहत भारत और पाकिस्तान के बीच खेले गए मुकाबले में पाकिस्तान के युवा सलामी बल्लेबाज शाहजेब खान ने बड़ा शतक ठोककर अपनी टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। अंडर 19 एशिया कप में पाकिस्तान की टीम वैसे कभी भारत से जीत नहीं पाई है लेकिन इस बार पाकिस्तान ने पहले खेलते हुए मजबूत शुरूआत की है। शाहबाज ने 147 गेंदों पर 5 चौके और 10 छक्कों की मदद से 159 रन बनाए और टीम स्कोर 281 तक पहुंचा दिया। भारत के 142 रन पर 5 विकेट गिर चुके थे और जीतना अब नमुमकिन लग रहा था। पाकिस्तान के मनसेहरा शहर में पांच अक्तूबर, 2005 में शाहजेब खान का जन्म हुआ था। वह बाएं हाथ से बल्लेबाजी करते हैं और स्लो लेफ्ट आर्म ऑर्थोडॉक्स गेंदबाज हैं। क्रिकेट करियर-पाकिस्तान की तरफ से अबतक एक फर्स्ट क्लास क्रिकेट मैच खेला है। जहां वह 8.50 की औसत से 17 रन ही बना पाए हैं। वहीं, लिस्ट ए के 5 मैचों में उन्होंने 23.40 की औसत से 117 रन बनाए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 42 है।

**पाकिस्तान की पारी** - पाकिस्तान को उसमा खान और शाहजेब खान ने मजबूत शुरूआत दी थी। दोनों ने पहले विकेट के लिए 160 रन जोड़े। उसमा ने 94 गेंदों पर 6 चौकों की मदद से 60 रन का योगदान दिया। तीसरे नंबर पर आए हरूर राशिद 3 ही रन बना पाए। इसके बाद शाहजेब ने गेयर बदला। उन्होंने मोहम्मद रियाजउल्लाह के साथ मिलकर स्कोर 241 तक पहुंचाया। रियाजउल्लाह 33 गेंदों पर 27 रन बनाकर आऊट हो गए लेकिन इसी बीच शाहजेब ने अपना शतक पूरा किया। पाकिस्तान के मध्यक्रम में फरहान 0 तो फाहाम उल हक 4 रन बनाकर आऊट हो गए लेकिन शाहजेब अपने 150 रन पूरे करने में सफल रहे।

### बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25

# जोश हेजलवुड पिंक टेस्ट से बाहर; अनकैप्ड सीन एबॉट, डोगेट मिली जगह

**मेलबर्न (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड को साइड स्ट्रेन के कारण भारत के खिलाफ चल रहे बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दूसरे टेस्ट से बाहर कर दिया गया है। ऑस्ट्रेलिया ने टेस्ट स्तर पर अनकैप्ड सीन एबॉट और ब्रेंडन डोगेट को अपनी टीम में शामिल किया है। हालांकि डे-नाइट टेस्ट के लिए स्कॉट बोलैंड को जोश हेजलवुड की जगह प्लेइंग इलेवन में शामिल किए जाने की उम्मीद है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के एक बयान के अनुसार हेजलवुड को 'निचली श्रेणी की बाईं ओर चोट' लगी है और वह अपनी रिकवरी पर ध्यान केंद्रित करने के लिए एडिलेड में टीम के साथ रहेंगे। वह शेष श्रृंखला की तैयारी के लिए एडिलेड में समूह के साथ रहेंगे।

ऐसा पहली बार होगा जब घरेलू टेस्ट में भारत के खिलाफ हेजलवुड नहीं खेल पाएंगे। 2015 के सिडनी टेस्ट के बाद ऐसा पहली बार होगा जब हेजलवुड, मिशेल स्टार्क, पैट कमिंस और नाथन लियोन एक साथ मैदान पर नहीं होंगे। इस चौकड़ी ने भारत के खिलाफ लगातार नौ घरेलू टेस्ट मैचों में एक साथ खेला था। हेजलवुड पर्थ में भारत के खिलाफ पहले टेस्ट में 34 ओवरों में 57 रन देकर 5 विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया के लिए सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज थे। ऐसी संभावना है कि बोलैंड को प्लेइंग 11 में हेजलवुड की जगह मिल सकती है। उन्होंने आखिरी टेस्ट 2023 में लीड्स के मैदान पर खेला था।



हेजलवुड की अनुपस्थिति मेजबान टीम के लिए एक बड़ा झटका है, जो 5 मैचों की श्रृंखला में 0-1 से पीछे चल रही है। पिछली बार जब भारत ने दिसंबर 2021 में गुलाबी गेंद से डे-नाइट टेस्ट के दौरान एडिलेड में खेला था, तब तेज गेंदबाज ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उस मैच में उन्होंने 5 ओवर में 8 रन देकर 5 विकेट लिए थे जबकि मैच में 36 रन देकर 9 विकेट। हेजलवुड ने पर्थ में भी मौजूदा श्रृंखला के तहत जोरदार शुरुआत की थी। उन्होंने पहली पारी में 29 रन देकर 4 विकेट लिए जिससे भारत 150 रन पर आउट हो गया था। दूसरी पारी में भी उन्होंने किफायती गेंदाबजी की और 21 ओवरों में केवल 28 रन ही दिए।

वहीं, शेफील्ड शील्ड में प्रभावशाली प्रदर्शन के बाद सीन एबॉट और ब्रेंडन डोगेट टीम में शामिल हो गए हैं। एबॉट ने बीते दिनों सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में तस्मानिया के खिलाफ 16 ओवरों में 71 रन देकर 4 विकेट लिए थे। उनके नाम पर 261 प्रथम श्रेणी विकेट हैं। डोगेट ने हाल ही में पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 5 विकेट लिए थे। उन्होंने भारत ए के खिलाफ भी 15 रन देकर 6 विकेट लिए थे। डोगेट संयुक्त अरब अमीरात में पाकिस्तान के खिलाफ 2018 श्रृंखला के लिए टीम का हिस्सा थे, जबकि एबॉट को भारत के खिलाफ 2020-21 की घरेलू श्रृंखला के दौरान शामिल किया गया था और पिछले साल एशेज के दौरान रिजर्व थे।

## संक्षिप्त समाचार

### छत्तीसगढ़ में पुलिस के सामने तहसीलदार की पिटाई, कारोबारी ने सरेआम जड़े दनादन थप्पड़ और मुक्के



**मनेंद्रगढ़, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के मनेंद्रगढ़ में एक कारोबारी द्वारा पुलिस की मौजूदगी में सरेआम तहसीलदार की पिटाई करने का मामला सामने आया है। कारोबारी ने बीच सड़क पर तहसीलदार पर दनादन थप्पड़ और मुक्कों की बौछार कर दी। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। प्रदेश के बिलासपुर जिले में तहसीलदार के थानेदार से विवाद अभी बड़ी मुश्किल से शांत हुआ ही थी कि अब मनेंद्रगढ़ में अतिक्रमण हटाने के दौरान शुक्रवार को एक कारोबारी ने तहसीलदार को थप्पड़ जड़ दिया। पुलिस ने आरोपी कारोबारी को गिरफ्तार कर जेल दिया है। तहसीलदार यादवेंद्र कैवर्त मौहारपारा इलाके में गोपाल कोल्ड स्टोर के पास अतिक्रमण हटाने पहुंचे थे। इस दौरान अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान उनकी एक युवा कारोबारी से बहस हो गई, जिससे गुस्से में आकर कारोबारी नितिन अग्रवाल ने उन्हें थप्पड़ मार दिए। घटना की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी नितिन अग्रवाल को गिरफ्तार कर लिया। तहसीलदार कैवर्त बीते एक सप्ताह से राजस्व, नगरपालिका, और पुलिस अमले के साथ शहर में अतिक्रमण हटाने की मुहिम चला रहे हैं। शुक्रवार को जब वह मौहारपारा इलाके में पहुंचे, तो उन्होंने कारोबारी को वहां स्थित नितिन अग्रवाल की दुकान के बाहर रखी सीमेंट शीट को तुरंत हटाने का निर्देश दिया। पटवारी दीपेंद्र सिंह ने शीट हटाने को कहा और नितिन शीट हटा भी रहा था, लेकिन तहसीलदार द्वारा सख्त लहजे में शीघ्रता करने की बात पर नितिन नाराज हो गया। इस बीच, विवाद इतना बढ़ा कि नाराज नितिन ने पुलिस और अन्य अफसरों के सामने ही तहसीलदार के साथ गाली-गलौच शुरू करते हुए दनादन थप्पड़-घूंसों की बौछार कर दी। इस घटना के बाद पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी नितिन अग्रवाल को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने बाद में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है।

### छत्तीसगढ़ में घर बैठे मिलेगी बसों की पूरी जानकारी, मुख्यमंत्री ने लॉन्च किया ऐप



**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ में बसों में सफर करने वाले यात्रियों के लिए अच्छी खबर है। राज्य के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने एक ऐप लॉन्च किया है, जिसके जरिए बसों की समय-सारणी और रूट की जानकारी घर बैठे मिल सकेगी। छत्तीसगढ़ में बस यात्रियों को अब बस की समय-सारणी और बस रूट की जानकारी घर बैठे मिल सकेगी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शुक्रवार को राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक में सुशासन की अवधारणा पर अमल करते हुए यात्रियों की यात्रा को सुगम और सरल बनाने के लिए 'बस संगवारी ऐप' लॉन्च किया। मुख्यमंत्री साय ने छत्तीसगढ़ परिवहन विभाग की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि बस संगवारी ऐप बस यात्रियों, विशेष रूप से दूरस्थ अंचलों के यात्रियों के लिए काफी सुविधाजनक होगा। निकट भविष्य में इस ऐप के माध्यम से अंतर्राज्यीय बसों के परिवहन और बसों के रियल टाइम ट्रेकिंग की सुविधा भी उपलब्ध होगी। अभी यात्रियों को बस की टाइमिंग पता करने के लिए बस स्टैंड या बस स्टॉप पर जाना पड़ता है। लोगों की इस परेशानी का समाधान इस ऐप के जरिए मिल सकेगा। परिवहन विभाग के सचिव एस. प्रकाश ने बस संगवारी ऐप के संचालन के बारे में मुख्यमंत्री को विस्तार से जानकारी दी। छत्तीसगढ़ परिवहन विभाग द्वारा तैयार कराए गए इस ऐप को गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड किया जा सकेगा।

# हिमाचलः बस में राहुल गांधी के खिलाफ सुनी जा रही थी डिबेट, ड्राइवर-कंडक्टर को थमा दिया नोटिस



**शिमला, एजेंसी।**
हिमाचल प्रदेश में समोसे की सीआईडी जांच की ही तरह एक अनोखा मामला सामने आया है। राज्य सरकार के उपक्रम हिमाचल पथ परिवहन निगम (एचआरटीसी) की एक बस के ड्राइवर और कंडक्टर को एचआरटीसी प्रबन्धन ने इसलिए नोटिस थमा दिया, क्योंकि उनकी बस में सफर कर रहे एक यात्री के मोबाइल पर एक डिबेट चल रही थी जिसमें कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी के खिलाफ बातें बोली जा रही थीं। बस में ही बैठे एक अन्य यात्री ने इसकी शिकायत मुख्यमंत्री कार्यालय से कर दी। इसके बाद यह शिकायत सचिवालय और एचआरटीसी प्रबंधन तक पहुंची। गंभीरता से लिया गया कि एचआरटीसी प्रबंधन ने इस पर जांच बिठा दी और एचआरटीसी शिमला लोकल डिपो ने बस के ड्राइवर टेक राज और परिचालक शेष राम से इस पूरी घटना का स्पष्टीकरण मांग लिया। प्रबंधन ने बस के ड्राइवर और कंडक्टर से तीन दिन के भीतर लिखित में जवाब देने को कहा। इस मामले ने जब तूल पकड़ा तो एचआरटीसी प्रबंधन ने अपना स्पष्टीकरण निरस्त कर दिया और साफ किया कि संबंधित बस के ड्राइवर और कंडक्टर पर कोई कार्रवाई अमल में नहीं लाई जाएगी। एचआरटीसी प्रबंधन ने बाकायदा एक प्रेस रिलीज जारी की है, जिसमें स्पष्ट किया गया है कि शिकायतकर्ता द्वारा ऑडियो को बस में चलाने के कोई साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किये गए। ऐसे में स्पष्टीकरण को निरस्त कर दिया गया है। एचआरटीसी प्रबंधन के इस गजब कारनामे की खूब चर्चा हो रही है और लोग इसे हाल ही में सामने आये समोसा प्रकरण की सीआईडी जांच से कर रहे हैं। मामले के अनुसार यह घटना 5 नवंबर को शिमला से संजौली रूट पर चलने वाली एक एचआरटीसी बस में सामने आई। शिकायतकर्ता सैमुयल प्रकाश ने शिकायत दी कि सरकारी बस में तेज आवाज में एक ऑडियो चल रहा था, जिसमें संसद में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और भारत सरकार समेत कुछ अन्य नेताओं के खिलाफ अपमानजनक और दुष्प्रचार सामग्री प्रसारित की जा रही थी। सैमुयल प्रकाश की इस अनोखी शिकायत पर एचआरटीसी प्रबंधन ने जांच बिठाई और संबंधित बस के ड्राइवर और कंडक्टर को नोटिस जारी कर इस मामले में तीन दिन के भीतर लिखित में स्पष्टीकरण मांगा। नोटिस में लिखा गया कि सार्वजनिक तौर पर सरकारी बस में इस तरह से किसी भी राजनेता के विरुद्ध ऐसी वार्ता का ऑडियो चलाना सही नहीं है और ड्राइवर और कंडक्टर परिचालक का पहला कर्तव्य बनता था कि किसी भी तरह के आपत्तिजनक वीडियो को सरकारी वाहन में निषेध करें लेकिन आप दोनों यह करने में असमर्थ रहे। नोटिस में साफ किया गया कि तीन दिन में जवाब नहीं देने पर ड्राइवर और कंडक्टर के खिलाफ विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। ड्राइवर और कंडक्टर ने अपने ऊपर लगाए गए आरोपों को पूरी तरह से निराधार बताया। उनका कहना है कि वे किसी भी प्रकार के राजनेताओं के खिलाफ ऐसी सामग्री प्रसारित करने में शामिल नहीं थे। उन्होंने दावा किया है कि वे बस में चलने वाले ऑडियो से अनजान थे और किसी भी प्रकार के दुष्प्रचार में उनका हाथ नहीं है।

## नोएडा के इएसआई अस्पताल में किशोर की मौत, गुस्साए परिजनों ने डॉक्टर को पीटा; गार्ड ने बचाई जान

**नोएडा , एजेंसी।** नोएडा सेक्टर 24 स्थित ईएसआई अस्पताल में शुक्रवार को किशोर की मौत से गुस्साए परिजनों ने डॉक्टर को अस्पताल के बाहर पीट दिया। अस्पताल के सुरक्षाकर्मी ने डॉक्टर को बचाया। नाराज डॉक्टरों ने ओपीडी सेवा बाधित कर प्रदर्शन किया। इससे मरीजों की कतार लग गई। प्रबंधन के साथ बैठक के बाद डॉक्टर काम पर लौट गए। जानकारी के अनुसार शंकर विहार खोड़ा कॉलोनी निवासी प्रिंस (17 साल) को उनके पिता सियाशरण गुरुवार देर रात ईएसआई अस्पताल की इमरजेंसी में लेकर पहुंचे थे।

अस्पताल प्रशासन के अनुसार मरीज की हालत गंभीर थी। मरीज सांस नहीं ले पा रहा था। इलाज के दौरान किशोर की मौत हो गई। परिजनों ने मामले की सूचना सेक्टर 24 थाने में दी, जिसके बाद मौके पर पुलिस पहुंची। पुलिस प्रक्रिया पूरी होने के बाद सुबह आठ बजे परिजनों को शव सौंप दिया गया। अस्पताल प्रशासन के अनुसार सुबह आठ बजे इमरजेंसी ड्यूटी खत्म होने पर डॉ.मोहित अनमोल अस्पताल से बाहर जा रहे थे। उनके साथ डॉ. आरिफ भी मौजूद थे। जब वह गेट पर पहुंचें तो गेट पर मौजूद किशोर के परिजनों ने दोनो डॉक्टरों पर हमला कर दिया और उनके साथ मारपीट करने लगे। गेट के पास ड्यूटी कर रहे सुरक्षाकर्मियों ने जैसे तैसे डॉक्टरों को परिजनों से बचाया।

साथी डॉक्टर पर हुए हमले से नाराज डॉक्टरों ने प्रदर्शन करते हुए ओपीडी सेवा बंद कर दी। इस हंगामे के चलते सुबह 10.30 से दोपहर करीब एक बजे तक ओपीडी प्रभावित रही। इस दौरान वहां लगे सुरक्षाकर्मियों से मरीजों की झड़प भी हुई। मरीज संतोष ने कहा कि तेज बुखार है लेकिन ओपीडी में कोई डॉक्टर नहीं बैठे हैं। मरीज तेज प्रताप ने कहा कि डॉक्टरों के ओपीडी में न बैठने के कारण इलाज में समस्या हो रही है। इस हंगामें के बाद अस्पताल प्रबंधन ने नाराज डाक्टरों को वार्ता के लिए बुलाया। अस्पताल प्रबंधन के साथ बैठक के बाद दोपहर एक बजे डॉक्टर काम पर लौटे। अस्पताल की प्रवक्ता डॉ. सोना बेदी ने कहा कि किशोर को गंभीर हालत में लेकर परिजन आए थे। मरीज सांस नहीं ले पा रहा था। वह अर्ध चेतन अवस्था में था।

## यमुना एक्सप्रेसवे पर 15 दिसंबर से घटेगी वाहनों की रफ्तार



**ग्रेटर नोएडा , एजेंसी।**
यमुना एक्सप्रेसवे पर कोहरे के चलते वाहनों की स्पीड लिमिट में बदलाव करने की तैयारी है। बदली हुई स्पीड लिमिट 15 दिसंबर से लागू की जाएगी। कोहरे के कारण विजिबिलिटी कम होने के चलते वाहनों की रफ्तार घटाई जाएगी और उल्लंघन करने पर चालान की कार्रवाई की जाएगी। यमुना विकास प्राधिकरण इसे लेकर पत्र तैयार कर रहा है। इसे लागू करने के लिए एक्सप्रेसवे प्रबंधन को जारी किया जाएगा। सर्दियों में कोहरा होने के कारण सड़कों पर विजिबिलिटी कम हो जाती है, जिससे वाहन चलाना मुश्किल हो जाता है। ठंड के कारण सड़कों पर फिसलन भी रहती है, जिससे दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है। किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए यमुना एक्सप्रेसवे पर स्पीड लिमिट कम करने की योजना बनाई जा रही है। ग्रेटर नोएडा से आगरा तक 165 किलोमीटर लंबे यमुना एक्सप्रेसवे पर दुर्घटना होने पर घायलों को समय पर इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाने के लिए समय सारिणी और फोन नंबरों का आदान प्रदान किया जा चुका है।

## चंडीगढ़ में रैपर बादशाह के क्लब के बाहर हुए धमाके मामले में पुलिस का ऐक्शन, दो गिरफ्तार

**चंडीगढ़ , एजेंसी।** चंडीगढ़ के सेक्टर-26 स्थित रैपर बादशाह के सेविले क्लब और एक अन्य नाइट क्लब डिओरा के बाहर बम धमाके के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। चंडीगढ़ क्राइम ब्रांच ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों में एक हरियाणा के सिरसा और दूसरा पंजाब के खरड़ का रहने वाला है। डिओरा क्लब में बम विस्फोट मामले में क्लब संचालक के एक पार्टनर युवक अर्जुन को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी युवक एक एएसआई का बेटा है और उसने कुछ दिन पहले क्लब के एक अन्य संचालक को धमकियां दी थी। आरोपी युवक को क्राइम ब्रांच में ले जाकर पूछताछ की जा रही है।

24 नवंबर को सेक्टर-26 स्थित डिओरा और सेवले क्लब के बाहर बाइक पर आए दो युवक विस्फोट करके मौके से फरार हो गए थे। धमाके से क्लब के शीशे चटक गए थे। मंगलवार को लॉरेंस बिश्नोई ग्रुप के गोल्डी बराड़ और रोहित गोदारा ने इस बम ब्लॉस्ट की जिम्मेदारी ली थी।

## गुमशुदगी के पोस्टर वायरल होने पर बोलीं कांग्रेस विधायक विनेश फोगाट- जिंदा हूं, लोगों के बीच हूं



**जुलाना, एजेंसी।**
हरियाणा के जुलाना विधानसभा हलके से कांग्रेस विधायक और ओलंपियन विनेश फोगाट ने अपनी गुमशुदगी के पोस्टर वायरल होने के मामले में जवाब दिया है। विनेश ने कहा कि मैं जुलाना में ही हूं, जिंदा हूं और कहीं गुमशुदा नहीं हूं। मैं अपनों के बीच रही हूं और अपनों के बीच ही रहूंगी। उन्होंने कहा कि यह लोगों की छोटी मानसिकता है। वो गुमशुदा नहीं है और जिंदा है। विधायक बने अभी एक महीना ही तो हुआ है। ऐसे में वो लगातार लोगों के बीच जा रही हैं। जुलाना की समस्याओं को विधानसभा में प्रमुखता से उठाया जाएगा और जो भी संभव समाधान होगा, करवाया जाएगा। विकास के मामले में जुलाना हलके को पीछे नहीं रहने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मेरा विधायक बनना उन्हें यह हजम नहीं हो रहा।इनको हजम नहीं हो रहा कि कोई लड़की जुलाना विधानसभा से पहली बार टिकट लेकर चुनाव जीत गई। वहीं, विनेश फोगाट ने शुक्रवार को जींद स्थित अपने कार्यालय पर लोगों की समस्याएं भी सुनी। मेरा दरबार नहीं, ये अपने लोग विनेश ने जनसमस्या सुनने को दरबार कहे जाने से इनकार किया। उन्होंने कहा कि अपने लोग आ रहे हैं। मैं उनकी बात सुन रही हूं। यह काम लगातार होता रहेगा। कोई आएगा तो उसकी बात सुनेंगे। कोई काम होगा तो हम करेंगे। विनेश ने कहा कि अभी मेरे पति यहां हैं। 2-3 भाई हैं, वह भी पूरा संभाल रहे हैं। वह सभी चीजों को नोट करते हैं। हफ्ते में 2 दिन मैं भी यहां पर रुकती हूं और लोगों की समस्या का हल करने का प्रयास करती हूं। कुछ दिनों से कांग्रेस विधायक विनेश फोगाट के गुमशुदगी के पोस्टर सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे थे।

## बांग्लादेश में चिन्मय कृष्ण दास समेत इस्कॉन से जुड़े 17 लोगों के बैंक खाते फ्रीज

**ढाका , एजेंसी।** बांग्लादेश को चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी की गिरफ्तारी और जेल में डाले जाने पर दुनिया भर के हिंदुओं से कड़ी प्रतिक्रिया का सामना करना पड़ रहा है। इसके बावजूद, मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली बांग्लादेश सरकार ने कथित तौर पर देश के बैंकों को बांग्लादेश में अंतर्राष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ (इस्कॉन) से जुड़े 17 लोगों के खातों को फ्रीज करने का आदेश दिया है। ढाका में स्थानीय मीडिया ने शुक्रवार को बताया कि बांग्लादेश वित्तीय खुफिया इकाई (बीएफआईयू) ने इस्कॉन बांग्लादेश से जुड़े 17 व्यक्तियों के बैंक खातों को 30 दिनों के लिए फ्रीज करने का आदेश दिया है। इसमें जेल में बंद इसके नेता चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी भी शामिल हैं। रिपोर्टों से पता चला है कि देश के कई बैंकों और वित्तीय संस्थानों को खातों से एक महीने के लिए सभी लेन-देन को निलंबित करने का सरकारी निर्देश भेजा गया है।

दास को सोमवार को ढाका मेट्रोपोलिटन पुलिस की डिटेक्टिव ब्रांच (डीबी) ने हजरत शाहजलाल अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हिरासत में लिया था और एक दिन बाद जेल भेज दिया गया था। दास के अलावा बांग्लादेश सरकार द्वारा निशाना बनाए गए अन्य 16 हिंदुओं में कार्तिक चंद्र डे, अनिक पाल, सरोज रॉय, सुशांत दास, विश्व कुमार सिंघा, चंदिदास बाला, जयदेव करमाकर, लिपि रानी करमाकर, सुधामा गौर दास, लक्ष्मण कांति दास, प्रियतोष दास, रूपन दास, रूपन कुमार धर, आशीष पुरोहित, जगदीश चंद्र अधिकारी और साजल दास शामिल हैं।

## वजन घटाने वाली दवाओं के रिमोट प्रिस्क्रिप्शन पर रोक लगाएगा दक्षिण कोरिया



**सियोल, एजेंसी।**
दक्षिण कोरिया के स्वास्थ्य मंत्रालय ने अपने एक निर्णय में कहा कि वजन कम करने वाली दवाओं के संभावित दुरुपयोग को रोकने के लिए वह इनके रिमोट प्रिस्क्रिप्शन पर प्रतिबंध लगाएगा। योनहाप समाचार एजेंसी ने बताया कि स्वास्थ्य और कल्याण मंत्रालय के अनुसार वजन घटाने वाली दवाओं के रिमोट प्रिस्क्रिप्शन पर प्रतिबंध लगाने का यह निर्णय सोमवार से प्रभावी होगा, जिसमें दो सप्ताह की छूट दी जाएगी। डेनमार्क स्थित नोवो नॉर्डिस्क द्वारा विकसित की गई वेगोवी की बढ़ती लोकप्रियता के कारण यह कदम ऐसी दवाओं के दुरुपयोग और अवैध बिक्री पर बढ़ती चिंताओं के बीच उठाया गया है।

स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि सरकार 2025 की पहली छमाही के भीतर ऐसी दवाओं के संबंध में टेलीमेडिसिन परामर्श के लिए दिशानिर्देश स्थापित करने की भी योजना बना रही है। दक्षिण कोरिया ने सामान्य अस्पतालों में प्रशिक्षु डॉक्टरों की चल रही हड़ताल के बीच अस्थायी रूप से टेलीमेडिसिन परामर्श की अनुमति दी है। यह हड़ताल फरवरी से शुरू हुई थी। वेगोवी को दक्षिण कोरिया में 15 नवंबर को लॉन्च किया गया था। यह एक वजन घटाने वाली दवा है, जो मोटापे का इलाज कर सकती है और इसने चमत्कारी वजन घटाने वाली दवा के रूप में अंतरराष्ट्रीय ध्यान आकर्षित किया है।

स्वास्थ्य मंत्रालय ने इस बात पर जोर दिया कि चिकित्सा संस्थानों को इस दवा को इस तरह से बढ़ावा देने से बचना चाहिए, जिससे मरीजों को यह विश्वास हो जाए कि इसे सामान्य वजन घटाने के लिए आसानी से दिया जा सकता है, तथा टेलीमेडिसिन के माध्यम से दवा लिखते समय दुरुपयोग को रोकने के लिए विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। मौजूदा नियमों के अनुसार, वेगोवी को केवल 30 या उससे ज्यादा बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई) वाले रोगियों को ही दिया जाना चाहिए। 27 से 30 के बीच बीएमआई वाले वयस्क जिन्हें उच्च रक्तचाप या डिस्लिपिडेमिया जैसी समस्याएं हैं, उन्हें भी यह दवा दी जा सकती है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने चिकित्सा संस्थानों से खाद्य एवं औषधि सुरक्षा प्रशासन की स्वीकृति शर्तों का अनुपालन करने का भी अनुरोध किया है। इसमें कहा गया है कि दवा लिखने से पहले, रोगियों को संभावित दुष्प्रभावों के बारे में सूचित किया जाना चाहिए।

## बांग्लादेश में सुरक्षित हैं हिंदू; यूनुस की सरकार का इस्कॉन पर प्रतिबंध लगाने से इनकार

**ढाका , एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की राजधानी ढाका में हिंदू पुजारी चिन्मय कृष्ण दास प्रभु की गिरफ्तारी को लेकर बढ़ते विवाद के बीच बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस के प्रेस सचिव शफीकुल इस्लाम ने आश्वासन दिया है कि देश में हिंदू समुदाय सुरक्षित है और वहां अल्पसंख्यकों को कोई खतरा नहीं है। सीएनएन न्यूज-18 को दिए एक इंटरव्यू में इस्लाम ने स्पष्ट किया कि बांग्लादेश सरकार का इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कॉन्शसनेस (इस्कॉन ) पर प्रतिबंध लगाने का कोई इरादा नहीं है। उन्होंने कहा, मैं मामले की सुनवाई के बारे में नहीं जानता, लेकिन इस्कॉन पर बांग्लादेश में प्रतिबंध नहीं लगेगा।

यह बयान ऐसे समय में आया है जब पूर्व इस्कॉन पुजारी चिन्मय कृष्ण दास की राजद्रोह के आरोप में गिरफ्तारी के बाद इस हिंदू संगठन पर प्रतिबंध लगाने की मांग तेज हो गई है। बांग्लादेश हाईकोर्ट ने भी गुरुवार को इस्कॉन की गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाने की याचिका को खारिज कर दिया। हाल ही में बांग्लादेश में अल्पसंख्यक समुदायों के बीच हिंसा की घटनाओं पर बोलते हुए इस्लाम ने कहा, हिंदू समुदाय बांग्लादेश में सुरक्षित है। एक व्यवस्थित स्तर पर गलत सूचनाएं फैलाई जा रही हैं। मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि आकर जमीनी स्थिति देखें। शुरुआती कुछ दिनों में हिंसा हुई थी, लेकिन अब स्थिति नियंत्रण में है। इस्लाम ने कहा कि चिन्मय कृष्ण दास को निष्पक्ष न्याय मिलेगा और सरकार इस दिशा में पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

# सीरिया के दूसरे सबसे बड़े शहर पर विद्रोहियों का कब्जा:250 की मौत, अलेप्पो में एयरपोर्ट-अस्पताल बंद

### सरकार की मदद के लिए पहुंची रूसी सेना

**दमिश्क, एजेंसी।**
सीरिया में विद्रोही गुट ने देश के दूसरे सबसे बड़े शहर अलेप्पो और इदलिब के आधे से ज्यादा इलाके पर कब्जा कर लिया है। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक विद्रोही गुट में हयात तहरीर अल-शम और उसके सहयोगी संगठन शामिल हैं। इन्हें अलकायदा का समर्थन हासिल है। साल 2016 में सीरियाई सेना ने विद्रोहियों को खदेड़ दिया था। 8 साल बाद ऐसा फिर हो रहा है जब विद्रोही गुटों ने अलेप्पो पर कब्जा करने जा रहे हैं। ॥ञ्जस् ने 27 नवंबर को हमला किया था और शहर के अंदर घुस कर कई मिलिट्री ठिकानों पर कब्जा कर लिया था। सीरिया सरकार ने शनिवार को अलेप्पो एयरपोर्ट, हॉस्पिटल और शहर से जुड़ी सभी सड़कों को बंद कर दिया है।

इस बीच रूस, सीरियाई सरकार की मदद में जुट गया है। मॉस्को टाइम्स के मुताबिक रूसी सेना ने शुक्रवार को विद्रोहियों और उनके हथियार गोदामों पर घातक बमबारी की। रूसी सेना ने दावा किया है कि पिछले 24 घंटे में विद्रोहियों के 23 ठिकानों पर हमला किया और 200 से ज्यादा विद्रोहियों को मार गिराया है। सीरिया में 3 दिन पहले विद्रोहियों का शुरू हुआ हमला बशर अल-असद सरकार के लिए एक बड़ी चुनौती बन गया है। अब तक हुई झड़पों में दोनों तरफ के 250 से ज्यादा लोग मारे गए हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक राष्ट्रपति असद के 3 सबसे बड़े सहयोगी ईरान, हिजबुल्लाह और रूस घरेलू मामले में उलझे हैं। रूस, यूक्रेन से जंग लड़ रहा है, वहीं, ईरान और हिजबुल्लाह का इजराइल के साथ विवाद चल रहा है। इन तीनों ने असद सरकार को गृह युद्ध से निपटने में अहम भूमिका निभाई थी। सीरिया, ईरान के लिए जरूरी है, क्योंकि हिजबुल्लाह और हमास तक हथियार पहुंचाने के लिए ईरान, सीरिया का इस्तेमाल करता है। ऐसे में जल्द ही ईरान, सीरिया को हथियार मुहैया करा सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान



समर्थक इराकी मिलिशिया सीरिया जा सकते हैं। इन मिलिशिया में कताइब हिजबुल्लाह, असाइब अहल अल हक, हरकत अल नुजबाह शामिल हैं।

2011 में अरब क्रांति के साथ ही सीरिया में गृह युद्ध की शुरुआत हुई थी। सीरिया के लोगों ने 10 साल से सत्ता में काबिज बशर अल-असद सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिए। इसके बाद फ्री सीरियन आर्मी के नाम से एक विद्रोही गुट तैयार हुआ। विद्रोही गुट के बनने के साथ ही सीरिया में गृह युद्ध की शुरुआत हो गई थी। इसमें अमेरिका, रूस, ईरान और सऊदी अरब के शामिल होने के बाद ये संघर्ष और बढ़ता गया।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129